# आदिवासी एक्सप्रेस


आमजन का एक मात्र हिंदी दैनिक अखबार

रांची, सोमवार
05 मई 2025
वर्ष: 38, अंक: 153
पृष्ठ: 12, मूल्य: 3रु
RNI NO.: 49065/1989
DAVP CODE: 130961




देश

कांग्रेस ने कई गलतियां कीं तब मैं नहीं था, जिम्मेदारी स्वीकारता हूं: राहुल



झारखंड

झारखंड के सरकारी स्कूलों में नहीं होगी 10वीं-12वीं की मासिक परीक्षा



हज़ारीबाग

सांसद मनीष जायसवाल ने बादम महायज्ञ पहुंचकर टेका माथा, क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया

# खरगे 'संविधान बचाओ' रैली में राजनीतिक बदलाव को देंगे नई दिशा

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची:** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे 6 मई को एक दिवसीय दौरे पर विशेष विमान से रांची आ रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष रांची में पुराना विधानसभा मैदान में संविधान बचाओ रैली को संबोधित करेंगे। वहीं तीन अन्य महत्वपूर्ण बैठकों में हिस्सा लेंगे।



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पहली बार झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पोलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि यह पहला मौका है, जब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रांची में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं।

मल्लिकार्जुन खरगे संविधान बचाओ रैली को संबोधित करने के बाद रांची के होटल बीएनआर चाणक्य में पार्टी के सभी जिला अध्यक्षों की बैठक में शामिल होंगे। इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में शामिल होकर पार्टी नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि 'संविधान बचाओ' रैली को लेकर पार्टी के सभी विधायक, मंत्री, सांसद, प्रदेश पदाधिकारी और जिला अध्यक्षों की ओर से जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बारिश और गर्मी को देखते हुए रैली स्थल पर जर्मन हैंगर में मंच के सामने लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा भी किनारे में दो अलग-अलग पंडाल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि राज्य के विभिन्न हिस्सों से आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो।

प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता ने बताया कि संविधान बचाओ रैली के दौरान जाति जनगणना पर मिली प्रारंभिक सफलता से पार्टी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा विशेष रूप से अनुच्छेद 15 (5) के त्वरित क्रियान्वयन की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से शनिवार को एक पत्र भी भेजा गया है। जिसमें राज्य स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाने और पूरी प्रक्रिया की निगरानी का निर्देश दिया गया है। जो झारखंड में सफलता पूर्वक किया जा रहा है।

इसके अलावा जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी की नियुक्ति की गयी है जो सभी गतिविधियों का समन्वय और रिपोर्टिंग सुनिश्चित कर रहे है। इसके अलावा 30 मई तक घर-घर अभियान चलाने और चौपालों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पार्टी की ऐतिहासिक और वर्तमान प्रतिबद्धताओं को जमीनी स्तर पर पहुंचाने और राहुल गांधी के नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित करने का निर्देश दिया गया है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बीजेपी की बहुजन विरोधी सोच, जाति गणना के विरोध और सामाजिक न्याय को दबाने के प्रयासों को उजागर करने का निर्देश दिया गया है।

इधर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने रविवार को कांग्रेस भवन रांची में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर 6 मई को रांची में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संकल्प होगा कि कांग्रेस बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ेगी.

गुंजन सिंह ने कहा कि संविधान सिर्फ कागज और डायरी में बंद करने वाली चीज नहीं है, देश में संविधान है तो हम सब हैं. संविधान नहीं रहेगा तो हम सामाजिक न्याय का हिस्सा नहीं बन पाएंगे और न ही हम सुरक्षित रह पाएंगे. संविधान हमें बोलने, रहने और राष्ट्र हित में कुछ करने की आजादी देती है.

गुंजन सिंह ने बताया कि संविधान बचाओ रैली में शिरकत करने और आधी आबादी को अधिकार दिलवाने की बात कहने वाली अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा 5 मई को रांची पहुंचेंगी. कांग्रेस के प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि संविधान बचाओ रैली में भाग लेने के लिए राज्य भर से महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता भारी संख्या में रैली में शामिल होंगी. गुंजन सिंह ने कहा कि देश में पहलगाम जैसी बड़ी घटना घट गई और हमारे प्रधानमंत्री बिहार चुनाव के प्रति ध्यान लगाए हुए हैं. पहलगाम की घटना में मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना तक नहीं व्यक्त की. प्रधानमंत्री की सोच देश और संविधान के हित में नहीं है.

2024 लोकसभा चुनाव के कांग्रेस प्रत्याशी रहीं यशस्विनी सहाय ने कहा कि 6 मई को हमारी पार्टी रांची में एक विशाल ÷संविधान बचाओ÷ रैली का आयोजन कर रही है. यह केवल एक राजनीतिक सभा नहीं है. यह हमारे लोकतंत्र की बुनियाद को बचाने का आह्वान है. इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए हमारी पार्टी ने पूरी प्रतिबद्धता और मेहनत से तैयारी की है. यशस्विनी सहाय ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार के कार्यकाल में संविधान पर लगातार योजनाबद्ध तरीके से हमले किए जा रहे हैं. ऐसे कानून बनाए जा रहे हैं जो संविधान की मूल भावना को कमजोर करते हैं और आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को खुलकर कुचला जा रहा है.

# मंच से कान पकड़ कर माफी मांगें मल्लिकार्जुन खड़गे: बाबूलाल मरांडी

**राजनीतिक संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर 6 मई को कांग्रेस की प्रस्तावित संविधान बचाओ रैली को लेकर निशाना साधा है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली उस कहावत की तरह है कि 70 चूहे खाकर बिल्ली चली हज को.



झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 वर्षों में संविधान की धज्जियां उड़ाई हैं और कांग्रेस पार्टी के नेता दो वर्षों से घूम-घूमकर अपने आपको संविधान के रक्षक बता रहे हैं. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के नेता जेब में संविधान लेकर चलते हैं, क्योंकि कांग्रेस ने संविधान को जेबी संविधान बना दिया था.

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अपने शासनकाल में भारतीय संविधान में 80 संशोधन कांग्रेस ने सिर्फ अपने हितों के लिए किया था. आजादी के बाद नेहरू जी ने तो 1951 में ही संविधान संशोधन किया था. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इमरजेंसी के दौरान तो इन्होंने संविधान की धज्जियां उड़ा दी थी और आज उसी पार्टी के नेता संविधान की रक्षा के लिए घूम रहे हैं.

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 6 मई को रांची के ओल्ड विधानसभा मैदान में होनेवाली संविधान बचाओ रैली से पहले मंच से मल्लिकार्जुन खड़गे को कान पकड़ कर माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि इन लोगों ने संविधान की हत्या या संविधान से खिलवाड़ किया है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड सरकार का एक मंत्री कहता है कि उसके लिए शरीयत ऊपर है, संविधान नीचे है? क्या कांग्रेस पार्टी उस मंत्री के बयान से सहमत है.

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर कांग्रेस को संविधान में भरोसा है तो नेशनल हेराल्ड केस में राहुल गांधी से पूछताछ पर ही उसके नेता सड़कों पर क्यों उतर आते हैं. उन्होंने कहा कि करीब 90 बार राज्यों में चुनी हुई सरकार को गिराने वाली और संविधान की आर्टिकल 356 का दुरुपयोग करने वाली पार्टी आज संविधान को बचाने की बात करती है, यह हास्यास्पद है.

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में एक मात्र झारखंड ऐसा राज्य है जहां डीजीपी नहीं हैं. भारत सरकार न स्पष्ट कर दिया है कि 30 अप्रैल के बाद अनुराग गुप्ता डीजीपी नहीं रहेंगे. ऐसे में कोई डीजीपी वर्तमान में राज्य में नहीं है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की 10 मई को होनेवाली बैठक में डीजीपी अनुराग गुप्ता शामिल होंगे या नहीं? इस सवाल के जवाब में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अनुराग गुप्ता जब डीजीपी नहीं हैं तो वह कैसे शामिल हो सकते हैं. उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कभी-कभी लोग पानी पिलाने के लिए भी बड़ी बैठकों में चले जाते हैं. सरायकेला और धनबाद में धर्मांतरण पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सरायकेला-खरसावां में तो वह राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा को जांच के लिए भेजे थे, जो जानकारी मिली है उसके अनुसार डरा-धमका कर धर्मांतरण कराया जा रहा है.

# नक्सलियों का उत्पात, सीएमपीडीआई साइट पर धावा बोल 8 गाड़ियों में लगाई आग

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**लातेहार:** लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत तोरीसोत गांव में शनिवार रात नक्सलियों का उत्पात एक बार फिर से देखने को मिला है। खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआई के साइट पर हमला कर दो ड्रिलिंग मशीन सहित आठ मशीनों को नक्सलियों ने आग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का दौरा किया और जांच शुरू की। हालांकि इस घटना में सभी वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो गए। पुलिस की टीम पूरे इलाके को सील कर छापामारी भी आरंभ कर दी है। हालांकि घटना को अंजाम किस संगठन ने दिया है? इसकी स्पष्ट सूचना नहीं है। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से घटना को अंजाम दिया गया है यह माओवादी संगठन का हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस की ओर से भी इस संबंध में कुछ विशेष जानकारी नहीं दी गई है।



कंपनी की ओर से क्षेत्र में कोयला का सर्वे किया जा रहा था। इसी बीच शनिवार देर रात हथियारबंद नक्सली साइड पर पहुंचे और वहां फायरिंग करते हुए गाड़ियों में आग लगा दी। नक्सलियों ने यहां दो ड्रिलिंग मशीन, दो कार, दो पिकअप तथा दो ट्रक में आग लगा दी गई। लगभग 1 घंटे तक हंगामा करने के बाद नक्सली वहां से चले गए। यह इलाका लातेहार- चतरा और रांची का बॉर्डर इलाका है। काफी सुदूर इलाका होने के कारण इस इलाके में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिलते रहती है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से यह इलाका पूरी तरह शांत था लेकिन नक्सलियों ने एक बार फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया है।

लातेहार जिले में भाकपा माओवादी, टीएसपीसी (तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी), झारखंड जनसंघर्ष जनमुक्ति मोर्चा सहित कई नक्सली संगठन सक्रिय रहे हैं।

आशंका जताई जा रही है कि इस वारदात में इनमें से किसी एक संगठन का हाथ है। लातेहार के एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ डीएसपी विनोद रवानी के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची है। पूरे इलाके में सघन छापेमारी शुरू की गई है। इससे पहले बीते बुधवार की रात भी लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ओरसापाठ गांव में नक्सलियों ने सड़क निर्माण साइट पर हमला कर दो वाहनों को फूंक दिया था और वहां काम करने वाले मुंशी अयूब खान नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# झारखंड के डीजीपी पर केंद्र-राज्य में तकरार, केंद्र ने किया रिटायर

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के बीच तकरार छिड़ गई है। केंद्र सरकार ने इस पद पर कार्यरत 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता को रिटायर घोषित कर दिया है, जबकि झारखंड सरकार ने राज्य में पिछले साल लाई गई डीजीपी नियुक्ति नियमावली का हवाला देते हुए उन्हें इस पद पर बरकरार रखा है। देश के किसी भी राज्य में डीजीपी जैसे पद को लेकर ऐसी अजीबोगरीब स्थिति संभवतः पहली बार पैदा हुई है।



केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को नौ दिनों में दूसरी बार पत्र लिखकर आईपीएस अनुराग गुप्ता की रिटायरमेंट की सूचना दी है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि अखिल भारतीय सेवा की नियमावली के अनुसार 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर वह 30 अप्रैल, 2025 को स्वतः सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस तिथि के बाद उन्हें इस पद पर बनाए रखना अवैध, अखिल भारतीय सेवा (मृत्यु-सह-सेवानिवृत्ति लाभ) नियम, 1958 के नियम 16(1) के विपरीत और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी संजीव कुमार के हस्ताक्षर से 22 अप्रैल को झारखंड के मुख्य सचिव को भेजे गए पहले पत्र में आईपीएस अनुराग गुप्ता को 30 अप्रैल की तिथि से रिटायर करने का निर्देश दिया गया था।

इसके जवाब में झारखंड सरकार ने 30 अप्रैल को केंद्र को मेल भेजकर बताया कि राज्य में 'पुलिस महानिदेशक का चयन और नियुक्ति नियमावली-2025' गठित और अधिसूचित की गई है। इसी नियमावली के तहत अनुराग गुप्ता को 2 फरवरी, 2025 को दो वर्षों के लिए पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है। झारखंड सरकार ने अपने पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के उस निर्णय का हवाला दिया, जिसमें डीजीपी के पद पर न्यूनतम दो वर्षों के लिए नियुक्ति होनी है।

इसके बाद केंद्र सरकार ने झारखंड सरकार को दूसरी बार पत्र भेजा है। इसमें अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद पर बनाए रखने के झारखंड सरकार के निर्णय और दलीलों को खारिज कर दिया है। केंद्र ने कहा है कि अपनी जिस नियमावली का हवाला देकर झारखंड सरकार ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी के रूप में नियुक्त किया है और उन्हें 30 अप्रैल के बाद भी इस पद पर बनाए रखा है, वह अवैध है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने 8 जनवरी को 'पुलिस महानिदेशक का चयन और नियुक्ति नियमावली-2025' को मंजूरी दी थी। इसके तहत डीजीपी की नियुक्ति के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता में कमेटी गठित की गई और उसकी अनुशंसा पर अनुराग गुप्ता को 2 फरवरी, 2025 की तारीख से स्थायी डीजीपी के रूप में नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की गई थी। इस अधिसूचना में कहा गया था कि गुप्ता का कार्यकाल नई नियमावली के अनुसार होगा। इस नियमावली में डीजीपी का कार्यकाल दो वर्ष निर्धारित किया गया है।

## जमशेदपुर में दिल दहलाने वाली घटना:

# चलती कार में आग लगने से युवक जिन्दा जला

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**जमशेदपुर:** जमशेदपुर में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। कदमा थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव पर एक चलती कार में अचानक घरेलू गैस सिलेंडर फट गया। सिलेंडर फटने के बाद कार आग के गोले में तब्दील हो गई।



इस भीषण हादसे में कार की ड्राइविंग सीट पर मौजूद व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही कदमा थाना प्रभारी और डीएसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया, जहां पूरी तरह जली हुई कार और ड्राइविंग सीट पर एक व्यक्ति का जला हुआ शव मिला। शव इतनी बुरी तरह जल चुका था कि उसकी तत्काल पहचान करना असंभव था। कार की अगली सीट पर एक क्षतिग्रस्त गैस सिलेंडर भी पाया गया। बताया गया है कि भीड़ में से किसी ने भी कार में फंसे युवक को बचाने को प्रयास नहीं किया, वहीं कुछ लोग वीडियो बनाते रहे।

पुलिस ने कार के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए मालिक का पता लगाया। जांच में पता चला कि कार ब्रिजिया हेरिटेज निवासी सुनील अग्रवाल की थी। पुलिस को जानकारी मिली कि सुनील अग्रवाल सुबह घर से गैस सिलेंडर लेकर निकले थे लेकिन पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया गया।

पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 5.30 से 6 बजे सूचना मिली कि सड़क किनारे एक वाहन में आग लगने से हादसा हुआ। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पेट्रोलिंग टीम और अधिकारियों को मौके पर भेजा और खुद भी घटनास्थल पर पहुंचे। वहां एक जली हुई गाड़ी मिली, जिसमें ड्राइविंग सीट पर एक व्यक्ति का जला हुआ शव था, जिसकी पहचान संभव नहीं थी।

# लातेहार में नक्सल खौफ की वापसी, दहशत में कारोबारी से लेकर सरकारी कर्मचारी

**क्राइम संवाददाता द्वारा**

**रांची:** झारखंड के लातेहार जिले में एक बार फिर नक्सल खौफ की वापसी होते दिख रही है. चार दिनों के भीतर दो बड़ी वारदातों को अंजाम देकर नक्सलियों ने पुलिस के सामने खुली चुनौती पेश की है. इससे पहले साल 2024 के आखिरी महीने में भी लातेहार में एक दर्जन के करीब नक्सल वारदात हुई थी.



लातेहार जिले में एक बार फिर से स्प्लिंटर ग्रुप और माओवादी दोनों ही हावी होने की कोशिश में लग गए हैं. गुरुवार को लातेहार के महुआटांड़ में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. वहीं शनिवार की देर रात नक्सलियों ने लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र में छह से ज्यादा वाहनों को आग के हवाले कर दिया है. तीन दिन के भीतर दो बड़ी वारदातों को अंजाम देकर नक्सलियों ने पुलिस को खुली चुनौती दे डाली है. पिछले महीने बोकारो में आठ नक्सलियों का एक साथ एनकाउंटर करने के बाद झारखंड पुलिस टॉप गेयर में चल रही थी, लेकिन लातेहार में हुई दो लगातार वारदातों ने अभियान पर सवाल खड़ा कर दिया है.

साल 2024 में भी नक्सली और स्प्लिंटर ग्रुप के द्वारा लातेहार में जमकर उत्पात मचाया गया था. बाद में लातेहार एसपी कुमार गौरव के द्वारा की गई कार्रवाई की वजह से चार महीने तक लातेहार शांत रहा, लेकिन अचानक एक बार फिर लातेहार में नक्सल दहशत कायम हो गया है. लातेहार में पिछले साल एक महीने में ही आगजनी और गोलाबारी की 10 वारदातें सामने आई थी. लातेहार में 20 नवंबर को जेजेएमपी के उग्रवादियों ने चार हाइवा को आग के हवाले कर दिया था.

लातेहार में ही 24 नवंबर को अमन साव के गुर्गों के द्वारा एके 47 से एक कोयला ट्रक पर फायरिंग की गई. 15 नवंबर को लातेहार के चंदवा में पेट्रोल पंप पर फायरिंग की गई, वहीं नवंबर महीने में ही बालूमाथ स्थित कोयला साइडिंग पर भी फायरिंग की गई. जांच में यह बात सामने आई है कि फायरिंग और आगजनी करने वाले उग्रवादी संगठन स्प्लिंटर ग्रुप के हैं, जो सिर्फ और सिर्फ पैसे वसूलने के लिए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. लेकिन इस बार लातेहार में हुई दो वारदातों में नक्सलियों के शामिल होने की बात सामने आ रही है.

लातेहार में नक्सली संगठन इस बार बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा है. बहुत कम बार ऐसा होता था जिसमें आगजनी के दौरान किसी व्यक्ति की हत्या नक्सलियों के द्वारा की जाती थी. लेकिन लातेहार के महुआटांड़ में गुरुवार को हुए नक्सली हमले में कंस्ट्रक्शन कंपनी के मुंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. शनिवार की रात एक सरकारी प्रतिष्ठान के साइट पर हमला किया गया, जिसमें छह वाहनों को आग के हवाले किया गया.

# कोल माइंस शुरू कराने में राज्य सरकार की भूमिका अहम, केंद्रीय कोयला राज्य मंत्री

**संवाददाता द्वारा**

**बोकारो।** केंद्रीय कोयला एवं खनन राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे झारखंड दौरे के दौरान बोकारो पहुंचे. यहां पूर्व विधायक बिरंचि नारायण और अन्य भाजपा नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य मंत्री ने खदानों के संचालन में प्रक्रियाओं की जटिलता के बारे में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि कोई भी खदान चालू करने के लिए कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जिसमें राज्य सरकार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है. जैसे-जैसे एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) मिल रहा है, हम खदानों को चालू कर रहे हैं.)



मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि नए खदानों के चालू होने पर नियमों का पालन किया जा रहा है, जिसमें जमीन और नौकरी का प्रावधान शामिल है. उन्होंने कहा कि जमीन के बदले मुआवजा दिया जाता है, और जहां कहीं भी खदानें खुल रही हैं, वहां सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है. नौकरी के मामले में आवश्यकता के अनुसार रोजगार भी सृजित किया जा रहा है.

भविष्य में कोयला खनन क्षेत्र में सुधार और विकास की प्रक्रिया जारी रखने की उम्मीद जताते हुए राज्य मंत्री ने बोकारो के लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार सक्रिय रूप से क्षेत्र में विकास के लिए काम कर रही है. इस दौरान उन्होंने स्थानीय समुदाय के विकास में कोयला खनन के महत्व को भी उजागर किया.

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के नेटवर्क का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड समेत 44 गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक स्क्वॉड (एएनएस) ने एक संगठित बांग्लादेशी घुसपैठिए नेटवर्क का पर्दाफाश किया है, जिसमें मास्टरमाइंड चांद मिंया समेत 44 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए लोगों में 6 बांग्लादेशी नागरिक और 5 भारतीय सहयोगी शामिल हैं, जबकि चेन्नई से 33 अन्य बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने यह कार्रवाई इंस्पेक्टर विष्णु दत्त के नेतृत्व में की। ऑपरेशन दिल्ली पुलिस की अवैध प्रवासियों के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दर्शाता है और दस्तावेज जालसाजी के खिलाफ एक सख्त संदेश देता है। सूचना के आधार पर 12 मार्च को टीम ने तैमूर नगर से हाल ही में भारत में अवैध रूप से दाखिल हुए असलम उर्फ मसीम उर्फ महमूद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि वह बांग्लादेश के नोआखली जिले का निवासी है और फर्जी आधार कार्ड रखता था। इसी से मामले की कड़ियां खुलीं और चांद मिया का नाम सामने आया। वह पिछले 10-12 वर्षों से बांग्लादेशियों की अवैध एंट्री कराने वाला मुख्य एजेंट है। चांद मिया बांग्लादेश के बागेरहाट जिले का निवासी है। उसने कबूला कि वह हर व्यक्ति से 20 हजार से 25 हजार रुपये लेकर उन्हें भारत लाता था। वह सीमावर्ती इलाकों - खासकर मेघालय और पश्चिम बंगाल के बेनापोल - के जरिए लोगों को लाता और फिर उन्हें दिल्ली, चेन्नई जैसे शहरों में बसाता था।

## पंचायतों को स्थानीय विवादों में मध्यस्थता के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाना जरूरी : राष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में प्रथम राष्ट्रीय मध्यस्थता सम्मेलन में कहा कि पंचायतों को गांवों में विवादों में मध्यस्थता करने और उन्हें सुलझाने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जाना चाहिए।राष्ट्रपति ने कहा कि मध्यस्थता अधिनियम, 2023 सभ्यतागत विरासत को मजबूत करने की दिशा में पहला कदम है। अब हमें इसमें गति लाने और इसके अभ्यास को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता अधिनियम के तहत विवाद समाधान तंत्र को ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी रूप से विस्तारित किया जाना चाहिए ताकि पंचायतों को गांवों में विवादों को सुलझाने और मध्यस्थता करने के लिए कानूनी रूप से सशक्त बनाया जा सके। गांवों में सामाजिक सद्भाव राष्ट्र को मजबूत बनाने की एक अनिवार्य शर्त है। उल्लेखनीय है कि मध्यस्थता अधिनियम 2023 के तहत ऐसे




सिविल और व्यावसायिक विवादों का समाधान किया जा सकता है जिन्हें आपसी सहमति से हल किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में ग्रामीण स्तर पर विवाद समाधान की प्रणाली को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेष रूप से मध्यस्थता व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि गांवों में छोटे-छोटे विवादों को पंचायत स्तर पर सुलझाने की परंपरा रही है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में उनके पास कानूनी अधिकार नहीं होने के कारण उनका निर्णय प्रभावी नहीं हो पाता। उन्होंने सुझाव दिया कि पंचायतों को कानूनी रूप से सशक्त किया जाना चाहिए। इससे न केवल गांवों में शांति और सद्भाव बना रहेगा, बल्कि न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को भी कम किया जा सकेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि न्याय दिलाने में मध्यस्थता की अहम भूमिका होती है। विवादों को सुलझाने में पंचायतों की अहम भूमिका रही है। भारत एक जीवंत लोकतंत्र है जो विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका- इन तीन स्तंभों पर टिका है। संविधान ने गांव से लेकर संसद तक एक सुगठित तंत्र की नींव रखी है, लेकिन गांवों में न्यायिक व्यवस्था अभी भी सशक्त नहीं बन पाई है। इस संदर्भ में उन्होंने मध्यस्थता अधिनियम 2023 और भारतीय मध्यस्थता परिषद की स्थापना का उल्लेख किया।

## सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल सेवा से बर्खास्त, छिपाई थी पाकिस्तानी पत्नी से जुड़ी जानकारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी) मुनीर अहमद को पाकिस्तानी पत्नी से जुड़ी जानकारी छिपाने के कारण तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। सीआरपीएफ के 41 बटालियन के सीटी/जीडी मुनीर अहमद को एक पाकिस्तानी नागरिक से अपनी शादी को छिपाने और उसके वीजा की वैधता से परे उसे जानबूझकर शरण देने के लिए तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। उनके कार्यों को सेवा आचरण का उल्लंघन और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हानिकारक पाया गया है। जम्मू में तैनात सीआरपीएफ के जवान मुनीर अहमद ने पाकिस्तान की मीनल खान से पिछले साल मई में ऑनलाइन माध्यम से निकाह किया था। वे शार्ट टर्म वीजा पर भारत आयीं । उनका वीजा 22 मार्च को ही समाप्त हो गया था। मीनल ने आगे लंग टर्म वीजा के लिए आवेदन किया था। इसी बीच पहलगाम की आतंकी घटना के बाद भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानियों नागरिकों का वीजा रद्द कर दिया गया। मीनल को 29 अप्रैल तक भारत छोड़ना था। हालांकि जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय ने उन्हें अंतिम राहत दे दी और वे वापस जम्मू चली गईं। मामले के उजागर होने पर सीआरपीएफ ने अंतिम जांच की और उसके आधार पर आज कार्रवाई की।

## देवी बसों से 10 वर्षों में रोका जा सकेगा 5,600 टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन : डॉ. आंचल जैन

**नई दिल्ली।** हरित परिवहन की दिशा में एक नए युग की शुरुआत करते हुए दिल्ली सरकार ने दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल इंटरचेंज (देवी) परियोजना के तहत आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल बसों के नए बेड़े को सड़क पर उतार दिया है। इन बसों का निर्माण भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक बस निर्माता कंपनी पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी ने किया है। पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी की सीईओ डॉ. आंचल जैन ने बताया कि पीएमआई हमेशा देश को स्वच्छ और पर्यावरण-संवेदनशील सार्वजनिक परिवहन की ओर अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। डीईवीआई बसों से दिल्ली में अगले 10 वर्षों में 5,600 टन कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन रोका जा सकेगा। उन्होंने बताया कि बसों ने देशभर में अब तक 20 करोड़ से अधिक ग्रीन किलोमीटर पूरे किए हैं और अब डीईवीआई बस पहल के साथ हम यह अनुभव और विशेषज्ञता अपने घर दिल्ली लाए हैं। पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी आज 31 शहरों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। उत्तर में लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और उत्तर प्रदेश से लेकर, पूर्व में पश्चिम बंगाल और ओडिशा, दक्षिण में केरल, तथा पश्चिम में गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा तक, पीएमआई प्रतिदिन लगभग 1,00,000 शून्य-एमिशन किलोमीटर की दूरी तय करता है और बड़े पैमाने पर टिकाऊ सार्वजनिक परिवहन की परिभाषा को लगातार नया रूप दे रहा है।

## लूटपाट के मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वेलकम थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से शिकायतकर्ता से लूटा हुआ बैग व मोबाइल फोन बरामद किया है। इसके अलावा लोगों को ठगने में काम आने वाली असली नोटों जैसी दिखने वाली रद्दी कागज की दो गड्डियां और वारदात में इस्तेमाल ऑटो भी बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान सलीम (48), रुस्तम (23) और आकाश (42) के रूप में हुई है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने बताया कि 27 अप्रैल को वेलकम थाना पुलिस को लूटपाट की सूचना मिली। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस को 17 वर्षीय शिकायतकर्ता शिवम मिले। उन्होंने बताया कि दोपहर 3.45 बजे वह कश्मीरी गेट बस अड्डे से आनंद विहार बस अड्डे जाने की लिए ऑटो में बैठे थे। शिकायतकर्ता के अनुसार उस ऑटो में ड्राईवर व दो अन्य सवारी पहले से ही बैठी थी। ऑटो जैसे ही वेलकम मेट्रो स्टेशन पार करके झील पार्क पहुंचा तो उतरने के बहाने से ऑटो मे पहले से सवार यात्रियों ने ऑटो को रुकवा लिया और उतरते वक्त उनका बैग छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर केस दर्ज किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इस बीच पुलिस ने एक गूप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## लापता बच्चे को खोजकर परिवार से मिलवाया

**नई दिल्ली।** घर का रास्ता भूलकर इधर उधर भटक रहे एक पांच वर्षीय बच्चे को सागरपुर पुलिस ने खोजकर परिजनों से मिलवाया है। पुलिस टीम ने परिजनों की तलाश में बच्चे के फोटो विभिन्न ग्रुप में साझा करने के अलावा सीसीटीवी कैमरों की जांच समेत घर घर जाकर पूछताछ की। दक्षिण पश्चिम जिले की अडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या सिंह ने बताया कि सागरपुर पुलिस को सूचना मिली कि डाबड़ी दीपावली चौक पर पांच वर्षीय एक बच्चा भटक रहा है। घर का पता न बता पाने की वजह से वह रोए जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर बच्चे को कब्जे में लिया। इसके बाद उसके परिजनों की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने बच्चे के मिलने वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। कई घंटों की मशक्कत के बाद बच्चे के परिजनों को पुलिस टीम ने खोज लिया।

## देश के कई राज्यों में बारिश और तेज आंधी को लेकर अलर्ट, 8 मई तक दिल्ली में बारिश की संभावना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मौसम विभाग ने बारिश और तेज आंधी का अनुमान जताया है। मौसम विभाग के मुताबिक अभी इससे निजात मिलने के कोई आसार नहीं हैं। सात मई तक देश के उत्तर-पश्चिम हिस्से में गरज के साथ बारिश और तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। अगले 4-5 दिनों के दौरान मध्य, पूर्व और प्रायद्वीपीय भारत में गरज के साथ बारिश, बिजली, ओलावृष्टि, तेज़ हवाएं चलने की संभावना है। आठ मई तक पूर्वोत्तर भारत में गरज के साथ भारी बारिश और बिजली गिरने की संभावना है। तेलंगाना में कुछ स्थानों पर 70-100 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के साथ तूफान आया। तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, रायलसीमा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, जम्मू-कश्मीर-लद्दाख-गिलगित-बाल्टिस्तान-मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर 40-70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं। पूर्वी मध्य प्रदेश, तेलंगाना में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि हुई। उत्तराखंड, आंतरिक कर्नाटक, केरल में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक निचले और मध्य क्षोभमंडलीय स्तरों पर उत्तरी पाकिस्तान और पड़ोस पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में पश्चिमी विक्षोभ स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पश्चिमी राजस्थान और दूसरा निचले क्षोभमंडलीय स्तरों पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर स्थित है। इसके कारण देश के कई क्षेत्रों में तेज हवाएं और बारिश देखने को मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की बारिश के साथ गरज के साथ तूफान एवं बिजली चमकने और तेज़ सतही हवाएं चलने की संभावना है। गरज के साथ हवा की गति अस्थायी रूप से 30-40 किमी प्रति घंटे तक बढ़ सकती है, जो 50 किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। सोमवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और बहुत हल्की से हल्की बारिश व गरज-चमक के साथ तूफान और तेज़ सतही हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति अस्थायी रूप से 30-40 किमी प्रति घंटे तक बढ़ सकती है। अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 से 24 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

## राष्ट्रीय हरित अधिकरण में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने प्रधान न्यायपीठ स्थित परिसर में लंग केयर फाउंडेशन और डॉक्टर्स फॉर क्लीन एयर के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में फेफड़ों की कार्यप्रणाली का आकलन किया गया, साथ ही संबंधित प्रश्नावली भरने के बाद स्पाइरोमेट्री परीक्षण किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने एनजीटी के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में किया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों और आगंतुकों के बीच स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है। एनजीओ की टीम का नेतृत्व सीईओ अभिषेक कुमार ने किया, जिसमें संस्थापक ट्रस्टी प्रो. (डॉ.) अरविंद कुमार, चेस्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट



सर्जन, मेदांता अस्पताल और मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. विवेक सिंह और एलसीएफ के चार तकनीशियन और नर्सिंग अधिकारी शामिल थे। परीक्षण के बाद, सभी को फेफड़ों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के बारे में समझाया गया और फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने वाले व्यायाम कर के दिखाए गए। यह शिविर लोगों के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान देने का प्रयास है, जिससे उन्हें फिट रहने और अपने कर्तव्यों को अधिक प्रभावी ढंग से करने में सहायता मिलेगी।

## चिकित्सा को डेटा विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ना चाहिए : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**नई दिल्ली।**उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिकित्सा ज्ञान के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि हमें चिकित्सा को डेटा विज्ञान, पर्यावरण अध्ययन, इंजीनियरिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के साथ जोड़ना चाहिए। धनखड़ नई दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी के 27वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे घर, हमारी जीवनशैली, हमारे कार्यस्थल, हमारे शोध केंद्रों में प्रवेश कर चुकी हैं। विघटनकारी प्रौद्योगिकी औद्योगिक क्रांतियों के प्रभाव से कहीं आगे हैं लेकिन चुनौतियों को अवसरों में बदलना होगा। यह एक मिथक है कि जब इस तकनीक का उपयोग किया जाएगा, तो यह मानव संसाधन की रोजगार क्षमता को कम कर देगा।




आपको प्रौद्योगिकी को अपने वश में करना होगा। इसका उपयोग हमारे लाभ के लिए करना होगा। उन्होंने आज बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की और कहा कि शहर के वायु प्रदूषण सूचकांक पर विचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिंता की बात यह है कि हम इसके बारे में गंभीर नहीं हैं। धनखड़ ने जोर देकर कहा कि हमें पुराने वाहनों को तेजी से खत्म करने की जरूरत है। लोगों को यह समझना होगा कि पुराने वाहनों को स्वास्थ्य से जुड़े कारणों के चलते त्यागना है। सिर्फ इसलिए कि कोई पुराना वाहन सड़क पर चल रहा है, इसका मतलब यह नहीं है कि वह सड़क पर चलने लायक है। हमें सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने में गर्व महसूस करना चाहिए। कई देशों में ऐसा किया जाता है और यहां भी एयरपोर्ट तक पहुंचने का सबसे सुरक्षित, सबसे तेज और सबसे पक्का तरीका मेट्रो है, लेकिन हमें इसे आदत बनाने की जरूरत है। धनखड़ ने कहा कि हमारा पारंपरिक ज्ञान सिखाता है कि श्वसन स्वास्थ्य प्रकृति के संतुलन से अविभाज्य है। अब समय आ गया है कि हम अपनी बुद्धि और ज्ञान की ओर लौटें। यह हमारा खजाना है, जिसे दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है। हमें मौसमी जीवन जीने की स्वदेशी प्रथाओं को देखना होगा। हमारे बुजुर्ग हमेशा कहते थे- ऐसी सब्ज़ियां खाएं जो उसी समय उगाई जाती हैं। ऐसे फल खाएं जो उसी समय उगाए जाते हैं। वन संरक्षण और आहार संबंधी ज्ञान आधुनिक निवारक चिकित्सा के साथ उल्लेखनीय रूप से मेल खाते हैं। इसलिए हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा।

## दिल्ली पुलिस का शिकंजा : बिना वैध दस्तावेजों के रह रहीं 6 बांग्लादेशी महिलाएं हिरासत में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की पूर्वी जिला इकाई ने एक सफल अभियान में छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के शहर में रह रही थीं। यह कार्रवाई मंडावली पुलिस स्टेशन की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, टीम ने सबसे पहले एक महिला को पकड़ा। गहन पूछताछ के बाद, उससे मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने पहाड़गंज इलाके में दबिश दी और वहां से पांच अन्य बांग्लादेशी महिलाओं को भी हिरासत में लेने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार की गई महिलाओं की पहचान मीम अख्तर (23), मीना बेगम (35), शेख मुन्नी (36), पायल शेख (25), सोनिया अख्तर (36) और तानिया खान (34) के रूप में की गई है। पुलिस अब इन महिलाओं के दिल्ली में आने और रहने के कारणों की गहराई से जांच कर रही है। यह भी पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि क्या ये महिलाएं किसी संगठित गिरोह का हिस्सा हैं जो अवैध रूप से लोगों को सीमा पार कराने में शामिल है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले की सूचना तत्काल विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को दे दी है। एफआरआरओ की सहायता से अब इन सभी छह महिलाओं के खिलाफ निर्वासन की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पुलिस का मानना है कि इन महिलाओं के पास भारत में रहने के लिए कोई वैध वीजा या अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं थे।

## कम्युनिटी रेडियो सिर्फ मीडिया नहीं, सशक्तिकरण की प्रक्रिया है: डॉ. एल. मुरुगन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने कहा कि कम्युनिटी रेडियो सिर्फ मीडिया नहीं, बल्कि यह शासन की सक्रियता के साथ ही व्यवहारिक सशक्तिकरण है। यह सम्मेलन केवल एक विचार-विमर्श मंच नहीं, बल्कि जनता की आवाज़ों का उत्सव है। वास्तविक, प्रामाणिक और जमीनी आवाजें जो उन स्थानों से उठती हैं, जहां मुख्यधारा की मीडिया अक्सर नहीं पहुंचती। वह भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के सहयोग से मुंबई में आठवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन मंत्रालय की प्रमुख पहल वर्ल्ड आडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट-2025 (वेव्स) के अंतर्गत आयोजित हुआ। डॉ. मुरुगन ने सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सामुदायिक रेडियो की भूमिका की सराहना की और इसे हाशिए पर रह रहे समुदायों के लिए एक जीवनरेखा और लोकतंत्र की सच्ची भावना बताया। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल संचार में वैश्विक लीडर है। देश भर में 531 से अधिक सामुदायिक रेडियो स्टेशन कार्यरत हैं।

सम्मेलन की प्रमुख विशेषता 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो



पुरस्कारों का वितरण भी रहा, जिसमें 12 उत्कृष्ट रेडियो स्टेशनों को सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक प्रभाव में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. एल. मुरुगन ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि इस राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्देश्य नवाचार, समावेशिता और प्रभाव के माध्यम से भारत में सामुदायिक मीडिया को मजबूत करना है। ये स्टेशन महिलाओं, आदिवासी जैसे विभिन्न समुदायों और समूहों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों का एक नया आयाम दे रहे हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव पृथुल कुमार ने कहा कि 531 से अधिक कार्यरत स्टेशनों के साथ, कम्युनिटी रेडियो अब जमीनी संचार की जीवनरेखा बन चुका है। यह लोगों को उनकी अपनी भाषा और बोली में जोड़ता है, स्थानीय मुद्दों को संबोधित कर परिवर्तन लाता है। अब तक 176 स्टेशनों को वित्तीय सहायता दी जा चुकी है और 50 से अधिक प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने पूर्वी, दक्षिणी और उत्तरी भारत में तीन क्षेत्रीय सम्मेलनों की घोषणा की तथा सौर ऊर्जा अनुदानों के माध्यम से स्टेशनों की टिकाऊ संचालन प्रणाली को बढ़ावा देने की योजनाएं साझा कीं। इस सम्मेलन में देश भर के 400 से अधिक सामुदायिक रेडियो (सीआर) स्टेशनों के प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्रित हुए, ताकि संवाद और सहयोग का अवसर प्रदान किया जा सके।

## पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी : रवि कुमार दहिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि इस घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। मुझे अपनी सरकार पर पूरा भरोसा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे। दिल्ली में 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पहलवान रवि कुमार दहिया शामिल हुए। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना को लेकर सरकार कार्रवाई कर रही है और मुझे भरोसा है कि सरकार इस हमले के गुनहगारों को ढूंढ कर उन्हें सजा दिलाने का काम करेगी। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के बारे में रवि कुमार दहिया ने कहा कि फिटनेस बहुत जरूरी है क्योंकि स्वस्थ शरीर ही हमारी पहली सच्ची दौलत है। सरकार की पहल बेहतरीन है। इस कार्यक्रम में साइकिल चलाने के महत्व पर जोर दिया गया है। जब लोग चाहे युवा हों, पुरुष हों या महिलाएं आपको साइकिल चलाते देखेंगे, तो वे प्रेरित महसूस करेंगे। दूसरी ओर पहलगाम आतंकी हमले पर भारतीय पहलवान दीपक पूनिया ने कहा कि वह बहुत दुखद घटना थे और देश के सभी लोग इससे बहुत दुखी हैं। हम प्रार्थना कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटना फिर कभी न हो और हमें उम्मीद है कि सरकार इस पर सख्त कार्रवाई करेगी। 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के बारे में उन्होंने कहा कि मैं आज इस अभियान का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं और मेरा मानना है कि देश के नागरिक होने के नाते हम सभी को इस अभियान से जुड़ना चाहिए और खुद को फिट रखना चाहिए। कुश्ती में भविष्य की योजना पर उन्होंने कहा कि इस महीने मेरा एक टूर्नामेंट भी है, यह वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज इवेंट है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने पर एंथनी अल्बानीज को बधाई दी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंथनी अल्बनीज को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के रूप में दोबारा चुने जाने और आम चुनावों में उनकी बड़ी जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि वे अल्बनीज के साथ मिलकर भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच मजबूत होते रणनीतिक रिश्तों को और आगे बढ़ाने और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के साझा लक्ष्य को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'एंथनी अल्बनीज को उनकी जबरदस्त जीत और दोबारा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री चुने जाने पर बधाई! यह जीत दर्शाती है कि ऑस्ट्रेलियाई जनता को आपके नेतृत्व पर भरोसा है। मैं भारत-ऑस्ट्रेलिया के रणनीतिक संबंधों को और गहरा करने और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने को लेकर आशान्वित हूं।'एंथनी अल्बनीज ने अपनी जीत की घोषणा की और 'एक्स' पर लिखा, 'धन्यवाद, ऑस्ट्रेलिया।' अल्बनीज पिछले 21 वर्षों में पहले ऐसे ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री बने हैं जिन्हें लगातार



दूसरी बार तीन साल का कार्यकाल मिला है। लोक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनकी लेबर पार्टी ने चुनाव में बड़ी जीत हासिल की और बहुमत हासिल करने जा रही है।यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि 2004 के बाद पहली बार कोई प्रधानमंत्री लगातार दो बार सत्ता में लौटा है। चुनाव से पहले अल्बनीज ने विश्वास जताया था कि उनकी पार्टी को फिर से बहुमत मिलेगा। पांच सप्ताह के चुनाव अभियान के दौरान उनका प्रदर्शन विपक्षी नेता पीटर डटन से बेहतर रहा था। सिडनी में समर्थकों को संबोधित करते हुए अल्बनीज ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई जनता ने फैसला किया है कि हम दुनिया की चुनौतियों का सामना अपने तरीके से करेंगे, एक-दूसरे का साथ देते हुए और भविष्य की तैयारी करते हुए। हमें किसी और से प्रेरणा लेने की जरूरत नहीं है, हमारी प्रेरणा हमारे अपने मूल्य और लोग हैं। लेबर पार्टी 151 सदस्यों वाले सदन में अपनी सीटों में इजाफा करती हुई नजर आ रही है। जबकि, आमतौर पर दूसरे कार्यकाल में सीटें कम हो जाती हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी से मिले उमर अब्दुल्ला, सुरक्षा हालात पर हुई गंभीर चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।**जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र और राज्य सरकार के बीच समन्वय और सुरक्षा रणनीति पर चर्चा के लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। इस हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई थी, जिनमें से अधिकांश पर्यटक थे। यह मुलाकात केंद्र शासित प्रदेश में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी और उमर अब्दुल्ला के बीच पहली बैठक थी। इस भीषण हमले में आतंकियों ने पीड़ितों को धर्म के आधार पर अलग किया और फिर निर्दयता से गोलियों से भून दिया। यह घटना पर्यटन स्थल बैसरन घाटी में हुई थी। प्रधानमंत्री आवास पर हुई यह बैठक करीब 30 मिनट चली। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं ने जम्मू-कश्मीर की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और भविष्य में इस तरह के हमलों को रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर चर्चा की। हालांकि बैठक के बाद कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों नेताओं ने शांति व्यवस्था बनाए रखने और पीड़ितों को न्याय दिलाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि इस कायराना हमले के पीछे जो भी लोग हैं, चाहे वे आतंकवादी हों, उनके हैंडलर हों या उन्हें समर्थन देने वाले, उन्हें जमीन के आखिरी छोर तक ढूंढकर सजा दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश की सेना को ऑपरेशनल फ्री हैंड दे दिया है, ताकि वह इस हमले का माकूल जवाब दे सके। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री के साथ 40 मिनट लंबी बैठक की थी। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने देश की सैन्य तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी थी। भारत ने पाकिस्तान पर कूटनीतिक दबाव भी बढ़ा दिया है। अब सभी डाक सेवाएं पाकिस्तान के साथ बंद कर दी गई हैं। इसके अलावा अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी गई है, सिंधु जल संधि को निलंबित किया गया है और सभी पाकिस्तानी नागरिकों को देश से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कायस्थ समाज के धार्मिक आयोजन में शामिल हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव के अवसर पर हजारीबाग के छठ तालाब स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कायस्थ समाज द्वारा आयोजित इस पारंपरिक समारोह में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में पूजा, हवन, भंडारा और प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह शामिल हुए। उन्होंने समाज को प्रकटोत्सव की शुभकामनाएं दीं। श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे, एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करते हैं। उन्होंने कायस्थ समाज को शिक्षा, अनुशासन और सेवा का प्रतीक बताते हुए बधाई दी और भविष्य में समाज के हित में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। पूजा कार्यक्रम का नेतृत्व मंदिर के पुजारी रणधीर कुमार पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें अनुपम सिन्हा, राज प्रकाश, विभूति नारायण सिन्हा, संजीव कुमार बॉबी, प्रभात प्रधान, सुनील श्रीवास्तव, अनुज सिन्हा, बापी करण, दीप प्रकाश नारायण, शुभम प्रकाश, सुमित प्रकाश बीटू, विवेक प्रकाश और शशिकांत दिनेश यादव, विक्की कुमार धान, प्रमुख रूप से शामिल थे।

### सिरमा मध्य विद्यालय में 8वीं वर्ग के विद्यार्थियों की विदाई दी गई



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागांव**
**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड संसाधन केंद्र अंतर्गत उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय सिरमा में वर्ग 8 वीं के छात्र एवं छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम मो. इसरार की अध्यक्षता में की गई।संचालन नौशाद आलम के द्वारा किया गया।ताकि आगे की शिक्षा हासिल कर सके।विदाई समारोह कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाध्यापक मो. इसरार , शिक्षक नौशाद आलम, सहायक अध्यापक मो. आमिर सोहेल, मो. आरिफ़, मो.जहांगीर, मो. आजाद आलम, राना कौशर, एसएमसी अध्यक्ष मो.नशरुद्दीन के द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ विदाई दी गई।वहीं मौके पर विद्यालय के दर्जनों छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

### कोडरमा जेजेए जिला अध्यक्ष के निधन पर शोक




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** जेजेए ( झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन) के कोडरमा जिलाध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा के आकस्मिक निधन पर हजारीबाग जेजेए जिला कमिटी और हजारीबाग प्रेस क्लब ने संयुक्त रूप से 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जेजेए जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने कहा कि आलोक सिन्हा जैसे कर्मठ पत्रकार और जेजेए के स्तंभ के रूप में खड़े रहने वाले अब हमारे बीच नहीं है। आज उनके निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया है। वहीं उपस्थित अन्य पत्रकारों ने कहा कि आलोक सिन्हा सदा पत्रकारों के लिए खड़े रहते थे, ऐसे साथी के जाने से पत्रकार जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। शोक व्यक्त करने वालों में उपाध्यक्ष दीपक सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुबोध मिश्रा, अरविंद राणा, गौरव प्रकाश, सीतेश तिवारी, अमरकांत, पीयूष मिश्रा, भावेश मिश्रा, सुशांत सोनी, रवि शर्मा, बबलू उपाध्याय, अनिल कुमार, आशीष यादव, सूरज कुमार, सुनील श्रीवास्तव समेत कई उपस्थित थे।

### रामगढ़ विस क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि के पत्नी के निधन पर उनके घर पहुंचकर सांसद ने दी अंतिम विदाई



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**रामगढ़।** भाजपा रामगढ़ जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष सह सांसद मनीष जायसवाल के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी की धर्मपत्नी चुनर देवी (उम्र करीब 73 साल) के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर सांसद मनीष जायसवाल उनके चितरपुर प्रखंड के रजरप्पा प्रॉजेक्ट स्थित ग्राम सांडी अवस्थित आवास पहुंचे और दिवंगत का अंतिम दर्शन कर नमन किया। सांसद मनीष जायसवाल मृतिका के परिवारजनों से मिलकर उनका ढांढस बंधाया और दुःख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की बात कही। ज्ञात हो कि मृतिका पिछले करीब ढाई साल से गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। ये अपने पीछे दो सुपुत्र विजय प्रताप चौधरी ( व्यवसाई) और गौतम कुमार चौधरी ( युवा व्यवसाई) और एक शादीशुदा सुपुत्री नीलम देवी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई । सांसद मनीष जायसवाल ने ईश्वर से मृत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिवारजनों को इस विकट दुःख से उबरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की ।
इस दौरान विशेष रूप से भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल,जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी,विजय जायसवाल,वरिष्ठ नेता कुंटू बाबू, रणजीत पांडे,प्रो संजय सिंह,सरदार अनमोल सिंह,संजय शाह,मनोज गिरी,सुनील साहू,सूर्यवंश श्रीवास्तव, ऋषिकेश सिंह,सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# भगवान श्री चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**विधायक प्रदीप प्रसाद ने मत्था टेक आशीर्वाद लिया एवम सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी**



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग में भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव को कायस्थ समाज ने 04 मई को धूमधाम से मनाया। यह आयोजन छठ तालाब स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में हुआ, जहां भव्य पूजा, हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे समाज के सभी वर्गों के बीच बांटा गया। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी आर के पाण्डेय, अनुपम सिन्हा, राज प्रकाश, विभूति नारायण सिन्हा, संजीव कुमार बॉबी, प्रभात प्रधान, सुनील श्रीवास्तव, अनुज सिन्हा, आशीष सिन्हा, बापी करण, दीप प्रकाश नारायण, सुभम प्रकाश, सुमित प्रकाश बीटू, विवेक प्रकाश, शशिकांत सहित समाज के सभी गणमान्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस आयोजन में भगवान श्री चित्रगुप्त के पूरे परिवार की मूर्तियों की ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार विधिपूर्वक पूजा अर्चना की। इसमें भगवान चित्रगुप्त के साथ-साथ माता दुर्गा, दो माताएं और 12 बेटों की मूर्तियों की पूजा की गई।
आज हज़ारीबाग के सदर विधयाक प्रदीप प्रसाद ने श्री चित्रगुप्त मंदिर, छठ तालाब में भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव में शामिल शामिल होते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी के चरणों में उपस्थित होकर आत्मिक संतोष और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति हुई। उन्होंने इस पावन अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि न्याय, धर्म और कर्म के प्रतीक भगवान चित्रगुप्त जी का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। यह उत्सव हमारी आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता को सुदृढ़ करता है।
ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक विरासत और लोकसंस्कारों को नई ऊर्जा मिलती है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि यह पुण्य अवसर सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए।
इस अवसर पे मंदिर के वरिष्ठ सदस्य अनुपम सिन्हा ने इस आयोजन की सफलता के लिए सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने सभी से इस परंपरा को आगे बढ़ाने की अपील की।
वरिष्ठ सदस्य राज प्रकाश ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त की पूजा से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज की सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और आगे बढ़ाने में मदद मिलती है।
इस आयोजन में आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण में उल्लास और खुशी का माहौल बना। समाज के लोगों ने एकजुट होकर इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भगवान चित्रगुप्त की पूजा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह समाज में एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का भी एक माध्यम है। हजारीबाग में इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि समाज के लोग अपनी परंपराओं को जीवित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## जिला संवेदक संघ चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन

- चुनाव कराने के लिए 27 सदस्यीय टीम का किया गया गठन
- 27 सदस्यीय टीम 18 मई को संघ की एक अहम बैठक करेगा आयोजित
- नई कमेटी के चुनाव को लेकर तय की गई रणनीति



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** जिला संवेदक संघ के 5 वर्ष पूर्ण होने पर पुनः संवेदक संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष एवं सदस्य के नव चयन करने संबंधित बैठक कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को सिंहा बैंक्विट हॉल डीपुगढ़ा में आयोजित किया गया जिसमें हजारीबाग जिला के संवेदक शामिल हुए और जिला संवेदक संघ के चुनाव को लेकर चर्चा परिचर्चा की गई। जिला संवेदक संघ के संरक्षक दीपक कुमार सिंह एवं अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला संवेदक संघ के चुनाव संबंधित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुराने संवेदक संघ को भंग करते हुए जिला संवेदक संघ के कार्यालय को भी बंद कर किसी दूसरे स्थान पर जिला संवेदक संघ का नया कार्यालय खोला जाएगा। इस अवसर पर पुराने संघ के सभी पदाधिकारीयों से 5 साल का लेखा-जोखा भी मांगा गया एवं चुनाव कराने के लिए 27 सदस्यीय टीम का गठन किया गया यह 27 सदस्यीय टीम आगामी 18 मई को संघ की एक अहम बैठक आयोजित करेगा जिसमें संघ के पदाधिकारीयों का चयन सर्वसम्मति या फिर चुनाव के माध्यम से किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि जब तक संवेदक संघ की बैठक में संघ के नए पदाधिकारीयों का चुनाव नहीं हो जाता तब तक पूर्व के संवेदक संघ को सर्वसम्मति से भंग किया गया है। एवं संघ के सभी पूर्व के पदाधिकारीयों के पद को रद्द किया गया। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से विपिन यादव, अनिकेत कुमार मेहता, मोहन मेहता, आशीष चंदन, अजय यादव, सुरेश यादव, प्रकाश यादव, अमन मेहता, अखिलेश नायक, रविंद्र कुमार गुप्ता, पवन कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, नागेंद्र शुक्ला, ओमकेश पांडे, प्रकाश मेहता, संजय सिंह, मनोज भारद्वाज, राजेश यादव, विपिन सिंह, मुकेश मेहता, सुनील शर्मा, दिनेश मेहता, दीपू गोप, पारसनाथ प्रसाद, रक्षपाल दांगी, सुरेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम देव, श्याम सुंदर सिंह, रवि सिंह उपस्थित थे।

### जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- जिला स्तर पर बने 8 परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित किया गया




**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हजारीबाग में रविवार को नीट 2025 परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से संपन्न हुआ। जिले में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में संचालित परीक्षा का निरीक्षण करने उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह पहुंचे। उन्होंने संत कोलंबस कॉलेज एवं के.वी महिला कॉलेज में बने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।उपायुक्त ने इन केंद्रों में पहुंच कर अभ्यर्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं, सीसीटीवी कैमरे के फीड आदि की जानकारी ली। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चली। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गई थी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा जांच के व्यापक इंतेज़ाम किए गए थे।

### नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में होती है समस्याएं



**बड़कागांव संजय कुमार**
**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत बाबू पारा गांव जाने स्थित बादमाही नदी पर अब तक पुल निर्माण नहीं हो पाया है।इस नदी पर पुल निर्माण नहीं होने से बरसात के दिनों में बाबू पारा, गोंदलपुरा, गाली, बालोदर, टीलहवा सहित दर्जनों गांव टोला का जनसंपर्क प्रखंड मुख्यालय से प्रभावित हो जाता है जिससे ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बताते चले की इस नदी की दोनों छोर कालीकरण पक्की सड़के का निर्माण किया गया है। इस स्थान पर पुल नहीं होने से बरसात के दिनों में लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। मुखिया संघ प्रखंड सचिव सह गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया वासुदेव यादव, बादम पंचायत मुखिया सुनीता देवी, पंचायत समिति सदस्य राजा खान, रमणिका देवी , मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, संतोष कुमार कुशवाहा, समाजसेवी नदीम खान, सोनू खान, शंभू शरण दास, सरयू दास, नरेश कुमार यादव, लालदेव गोप, सिकंदर महतो, देव प्रकाश, गणेश महतो सहित सैकड़ो लोगों ने जल्द पुल निर्माण करने की मांग की है।

## सांसद मनीष जायसवाल ने बादम महायज्ञ पहुंचकर टेका माथा, क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया

**कीर्तन मण्डली में शामिल होकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया**



**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**
**बड़कागांव।** प्रखंड के बादम पंचायत अंतर्गत पंचवाहिनी मंदिर प्रांगण बादम में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ में सांसद मनीष जायसवाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर मत्था टेका एवं ईश्वर से क्षेत्र की सुख,समृद्धि और खुशहाली की कामना की।वहीं सांसद ने कीर्तन मण्डली के साथ झाल बजाकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। मौजूद श्रद्धालुओं के साथ जयघोष किया तथा पंचवाहिनी मंदिर परिसर की सुरक्षा को लेकर सांसद ने ग्रामीणों को चाहरदीवारी निर्माण करने का आश्वासन दिया। मौके पर श्री जायसवाल ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से पूरा गांव शुद्ध होता है। आज प्रत्येक व्यक्ति को सनातनी व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर आगे आना होगा।
सांसद मनीष जायसवाल को यज्ञ समिति के द्वारा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।यज्ञ मंडप में भक्तजन और श्रद्धालुगण 24 घंटे की निर्बाध परिक्रमा कर रहें हैं, सुबह- शाम आरती, भजन और सायंकाल भगवत कथा का आयोजन हो रहा है। अखंड- कीर्तन में बंगाल से पहुंचे विशेष नृत्य- संगीत की टीम आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यज्ञ प्रांगण में फल, फूल , पूजन सामग्री और प्रसाद के साथ घरेलू सामग्री और खिलौने की दुकानें सजी है।कई झूले भी यहां लगाए गए है।मौके पर लोकसभा सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र नारायण सिंह, लोकसभा सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू , पंसस सह सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम, मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी,पूर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, मण्डल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, मुख्य संघ अध्यक्ष सह सांसद मण्डल प्रतिनिधि रंजीत कुमार ,नरेश साहू, भीखन महतो ,मनीष पांडे, किशोर कुमार,शिबू मेहता समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।यज्ञ में महायज्ञ समिति समस्त बादम ग्रामवासी एवं दांगी ड्रामेटिक क्लब बादम अध्यक्ष अभय कुमार, सचिव संतोष कुमार कुशवाहा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, उपाध्यक्ष रवि कुमार दांगी, संतोष मेहता ,उपसचिव जयप्रकाश राम,जुगेश्वर महतो , उपकोषाध्यक्ष कैलाश कुमार ,कालीचरण कुमार, ग्राम अध्यक्ष भुदेव महतो, कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो ,युवा अध्यक्ष भावेश कुमार, संरक्षण सहेश्वर महतो ,संजय कुमार ,राजेन्द्र महतो ,महेन्द्र पाण्डेय शत्रुघ्न महतो विनोद प्रजापति प्रदीप साव सीताराम साव, विरेन्द्र साव, उमाशंकर साव के अलावा अन्य शामिल थे।

# बेटी आई... और जश्न में डूब गया पूरा परिवार

**सुरेंद्र खंडेलवाल परिवार ने रच दिया एक नई सोच और सांस्कृतिक बदलाव की मिसाल**



**आदिवासी एक्सप्रेस**
**हजारीबाग।** हज़ारीबाग के ऐतिहासिक इलाके बड़ी बाजार में उस दिन कुछ अलग ही चमक थी। आम दिनों की तुलना में वह सुबह बेहद खास थी। लोगों के चेहरों पर उत्साह था, गलियों में चहल-पहल थी, और हर ओर से एक ही बात सुनाई दे रही थी– बधाई हो,सुरेंद्र खंडेलवाल परिवार में बेटी आई है! जी हां, रितेश खंडेलवाल और उनकी धर्मपत्नी सोनाली खण्डेलवाल के घर लक्ष्मी का आगमन हुआ था। यह कोई आम संतान का जन्म नहीं था, बल्कि एक नव सोच का, नव चेतना का और समाज को दिशा देने वाले पल का जन्म था।

**स्वागत ऐसा जैसे देवी पधारी हों**
जैसे ही अस्पताल से बिटिया को लेकर माता-पिता घर पहुंचे,पूरे परिवार ने उन्हें फूलों की वर्षा से स्वागत किया। बिटिया रानी की पालकी जैसे ही गलियों से गुज़री, बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिए और बच्चों ने तालियां बजाईं। घर का मुख्य द्वार पीले और लाल फूलों से ढंका था। जैसे ही बेटी ने पहली बार घर में पांव रखा. घर की दीवारों पर रंग-बिरंगे गुब्बारे और तोरण झूल रहे थे। घर का हर आंगन तक कोना सजा हुआ था। रसोई से घी के लड्डू, खीर और पकवानों की खुशबू आ रही थी। घर की महिलाओं ने ढोल की थाप पर नृत्य किया। मोहल्ले की औरतें बेटी को आशीर्वाद दी. यह सब देखकर हर कोई यही कह उठा काश हर बेटी का स्वागत ऐसा ही हो!

**सिर्फ उत्सव नहीं, संदेश भी था यह**
सुरेंद्र खंडेलवाल परिवार का यह आयोजन एक गहरी सोच का प्रतिबिंब था। एक ऐसा युग, जब कहीं-कहीं आज भी बेटियों को लेकर भेदभाव होता है, वहां यह परिवार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारों को व्यवहार में उतारने का उदाहरण बन गया।
रितेश ने भावुक होकर कहा की मुझे हमेशा से लगता था कि बेटियां घर की रौनक होती हैं। जब मेरी बेटी आई, तो लगा जैसे मेरे जीवन का असली उद्देश्य अब शुरू हुआ है। उनकी पत्नी ने भी कहा की हम चाहते हैं कि हमारी बिटिया जब बड़ी हो, तो गर्व करे कि उसका स्वागत समाज ने खुले दिल से किया था। अन्य लोगों ने कहा की हमने आज तक ऐसा जश्न नहीं देखा, जहां बेटी के आने पर इतना भव्य स्वागत हो। यह हर परिवार के लिए प्रेरणा है।

**एक छोटी पहल, एक बड़ा बदलाव**
यह आयोजन सिर्फ एक व्यक्तिगत खुशी नहीं थी, बल्कि समाज में बेटियों के लिए सम्मान और प्रेम की नई लहर की शुरुआत थी। जब लोग सोचते हैं कि बदलाव सिर्फ सरकारों से आता है तब कोई सुरेंद्र खंडेलवाल परिवार जैसे लोग यह साबित कर देते हैं कि बदलाव की असली शुरुआत घर से होती है। बेटियों को बोझ नहीं, सौभाग्य समझना ही आज के भारत की पहचान बनना चाहिए। और इसी सोच को लेकर सुरेंद्र खंडेलवाल परिवार ने यह साबित कर दिया कि जब बेटी मुस्कुराती है, तब पूरा आंगन महकता है। और जब समाज उसे गले लगाता है, तब देश प्रगति करता है। स्वागत बेला में सुरेंद्र खंडेलवाल, शारदा खंडेलवाल, विनिता खंडेलवाल, प्रमोद खंडेलवाल, प्रगति, केशव, प्रतिभा सिंह, रोहित बजाज, विकास तिवारी, प्रिंस कसेरा, अशोक कुमार समेत कई लोग शामिल हुए!

## संक्षिप्त समाचार

### वीर कुंवर स्थान पर आंगनबाड़ी भवन निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध



**संवाददाता राम कुमार**

बालूमाथ।बालूमाथ प्रखंड के चेताग पंचायत में स्थित वीर कुंवर धार्मिक स्थल पर आंगनवाड़ी भवन निर्माण किए जाने पर यादव महासभा के लोगों ने कड़ा विरोध किया है। यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव ने बालूमाथ अंचलाधिकारी को एक पत्र लिखकर इसका विरोध करते हुए कहा है कि हमारे पूर्वजों द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी चेताग ग्राम के वीर कुंवर धार्मिक स्थान पर दिवाली हो या दुर्गा पूजा में पूजा होती है और ग्रामीण यहां डाढू लगते हैं। अगर यहां पर आंगनवाड़ी भवन का निर्माण की जाती है तो हम ग्रामीणों के आस्था को ठेस पहुंचेगा। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी एवं बालूमाथ बीडियो सोमा उरांव से पुराने स्थल पर भी भवन निर्माण करने की मांग की है। विरोध जताने वालों में से यादव महासभा के श्यामसुंदर यादव के अलावे बिहारी प्रसाद यादव,दीपक यादव, रामजीत कुमार, मनोज यादव, विजय कुमार यादव, धनेश्वर यादव, रूपलाल यादव, नरेश यादव, मुकेश कुमार यादव, आशीष कुमार, कुलदीप यादव समेत यादव समाज के कई लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेसीयो ने संविधान बचाओ रैली को लेकर बैठक की



**संवाददाता राम कुमार**

**बालूमाथ।** बालूमाथ कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो0 आमिर हयात के आवास पर संविधान बचाओ रैली को लेकर बैठक प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो0अमीर हयात के अध्यक्षता में हुई। बैठक में आमिर हयात ने कहा कि आगामी 6 मई को रांची में होने वाली संविधान बचाओ रैली लोकतंत्र की रक्षा का संदेश है। यह रैली जनता की आवाज़ को मजबूत करने का प्रयास है।बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सह प्रखंड पर्यवेक्षक पंकज तिवारी ने कहा कि संगठन सृजन 2025 के तहत संगठन के मजबूती प्रदान करना मुख्य उद्देश्य है जिससे संगठन जुझारू व सभी वर्गों को जोड़ना है श्री तिवारी ने आगे कहा कि 06 मई को राँची रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुँचेंगे। मौके पर पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मो0जुबैर ने कहा कि लोग कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहे हैं जरूरत है उन्हें संगठन में जगह दिया जाए। कांग्रेस एक विचारधारा है। बैठक में रौशन शुक्ला, प्रिंस, मुन्ना खान, फैसल अंसारी ,राजू, सोनू, फरहान आलम, राजन, दानिश सहित कई लोग शामिल थे।

### बेलोरो वाहन के धक्के से वृद्ध महिला हुई घायल, रिम्स रेफर



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत रहिया चेडरा गांव के पास रविवार को बेलोरो वाहन के धक्के से एक वृद्ध महिला घायल हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि चेडरा गांव निवासी फैगनी देवी उम्र 62 वर्ष सड़क पार कर रही थी कि इसी दौरान बेलोरो वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे वृद्ध महिला घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सक सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार की गई वहीं स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए घायल को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। इलाज कर रहे चिकित्सक ने बताया कि महिला के सर पैर सहित शरीर के कई अंग में चोट आई है।

### गिरिडीह में नीट परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

● सुरक्षा व्यवस्था रही चाकचौबंद



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह में रविवार को नीट परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार-मुक्त माहौल में सम्पन्न हुई। जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में रहा। खुद एसपी डॉ. बिमल कुमार, सदर एसडीएम श्रीकांत यशवंत और एसडीपीओ जितवाहन ने तीनों परीक्षा केंद्र-पचम्बा बॉयज स्कूल, सर जेसी बॉस एक्सीलेंस स्कूल और गिरिडीह हाई स्कूल-पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। 1309 परीक्षार्थी तीन घंटे की परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केंद्रों के बाहर कड़ी धूप में छात्रों की भीड़ सुबह 11 बजे से ही जुटने लगी थी, जिसमें कई छात्र दूर-दराज़ से आए हुए थे। शहर में व्यवस्था बनाए रखने के लिए शिक्षा विभाग से लेकर जिला प्रशासन तक हर स्तर पर निगरानी रही। परीक्षा के दौरान पेयजल, छांव और अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई गईं। हालांकि कुछ छात्रों को शुरुआती दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस बीच सामाजिक कार्यकर्ता चंदर वर्मा और मोहम्मद तौरिक अपनी टीम के साथ विद्यार्थियों की मदद के लिए सक्रिय रहे, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूती मिली। परीक्षा अब तक पूरी तरह शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से चल रही है।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्राइम मीटिंग का हुआ आयोजन, अपराध नियंत्रण और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुआ गहन चर्चा

**आदिवासी एक्सप्रेस संवाददाता**

**पलामू। जिला** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक महोदया ने की। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी), थाना प्रभारी और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



**मुख्य चर्चा के विषय**

बैठक में जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

**1. अपराध की स्थिति और समाधान**

जिले में हत्या, लूट, डकैती, दहेज हत्या और साइबर क्राइम जैसे अपराधों की समीक्षा की गई। संबंधित थाना प्रभारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से पुलिस अधीक्षक महोदया ने निर्देश दिया कि चार साल से अधिक पुराने सभी लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

**2. साइबर अपराध पर नियंत्रण**

बढ़ते साइबर क्राइम पर रोकथाम के लिए विशेष टीम गठित करने और लोगों को जागरूक करने पर चर्चा की गई। साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता देने और त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश दिए गए।

**3. स्कूल-कॉलेज जागरूकता अभियान**

थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों व कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाएंगे, जिसमें महिला उत्पीड़न, महिलाओं से जुड़े कानून, साइबर फ्रॉड से बचाव और आपात स्थिति में डायल 112 सेवा का उपयोग कैसे करें, इस पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। पुलिस द्वारा आमजन को डायल 112 सेवा की महत्ता और त्वरित सहायता के लिए इसके प्रयोग के प्रति जागरूक किया जाएगा।

**4. मादक पदार्थ तस्करी**

मादक पदार्थ तस्करी को खत्म करने के लिए विशेष अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने का निर्णय लिया गया।

**5. सड़क सुरक्षा**

सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने और जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

**6. महिला सुरक्षा**

महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष कदम उठाने पर जोर दिया गया।

**7. थाना स्तर पर जवाबदेही**

एसपी महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाएं और लोगों का भरोसा जीतने के लिए नियमित जनसंपर्क अभियान चलाएं।

**8. निर्माण स्थलों की सुरक्षा**

एसपी महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में चल रहे सरकारी कंस्ट्रक्शन साइटों का निरीक्षण करें, वहां उपस्थित ठेकेदारों व मुंशियों के साथ बैठक करें और उन्हें हर संभव सुरक्षा प्रदान करें। आवश्यकता पड़ने पर, निर्माण स्थलों पर पुलिस बल की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड के सरकारी स्कूलों में नहीं होगी 10वीं-12वीं की मासिक परीक्षा

**संवाददाता द्वारा**

**रांची।** सरकारी, सहायता प्राप्त गैर सरकारी एवं अल्पसंख्यक स्कूलों में पांच एवं छह मई को रेल (रेगुलर असेसमेंट फॉर इम्प्रूव्ड लर्निंग) प्रोजेक्ट के तहत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की होने वाली मासिक परीक्षा स्थगित कर दी गई है। अब इन दोनों कक्षाओं की उक्त तिथियों की मासिक परीक्षा केवल उत्कृष्ट विद्यालयों (सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) में होगी।



दरअसल, अभी तक जैक द्वारा 9वीं एवं 11वीं का परिणाम जारी नहीं हुआ है। केवल परिणाम के प्रतीक्षा में छात्र-छात्राओं का नामांकन ले लिया गया है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकारी एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में मासिक परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय लिया गया। बताते चलें कि रेल प्रोजेक्ट के तहत पहली बार इस शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों का साप्ताहिक की जगह मासिक परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जेसीईआरटी द्वारा इसे लेकर मार्च माह में ही विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। जेसीईआरटी ने हाल ही में मासिक परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। साथ ही इस परीक्षा के प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी जिस जिले के डायट की होगी, उसका भी निर्धारण कर दिया गया है।

सामान्य सरकारी विद्यालयों एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के लिए अलग-अलग कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके तहत 10वीं एवं 12वीं की पहली मासिक परीक्षा पांच-छह मई को होने वाली थी।

वहीं, कक्षा एक से आठ की पहली मासिक परीक्षा 11-12 जून को आयोजित की जाने वाली है। कक्षा 11वीं की पहली मासिक परीक्षा नौ-दस जुलाई को निर्धारित है।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, दो मासिक परीक्षाओं में विद्यार्थियों को मिले औसत अंक को फॉरमेटिव असेसमेंट में जोड़ा जाएगा।

## होमगार्ड जवान की सड़क दुर्घटना में मौत, पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**



**इटखोरी (चतरा)।** सड़क दुर्घटना में निधन के बाद रविवार को मोगला गांव के होमगार्ड जवान आदित्य हजाम का अंतिम संस्कार मुहाने श्मशानघाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े बेटे सुरज कुमार ठाकुर ने दिया। उनके पैतृक गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंतिम विदाई दी गई। आदित्य हजाम सिमरिया एसडीओ कार्यालय में वे तैनात थे । आदित्य हजाम शनिवार को ड्यूटी के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके निधन पर सिमरिया एसडीओ सन्नी राज, इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह झारखंड रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष आलोक रंजन, गृह रक्षक उपेंद्र कुमार, अशोक ठाकुर, सुबोध सिंह, युगेश कुमार समेत कई जवानों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें सलामी देकर अंतिम विदाई दी।

## महिला के बैंक खाते से 38 हजार रूपए का अवैध निकासी

● भुक्तभोगी ने शाखा प्रबंधक और बीसी संचालक पर लापरवाही का आरोप

● 29 अप्रैल को बैंक में शिकायत के बावजूद 12500 रु की निकासी जिम्मेदार कौन

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के मीरपुर निवासी एक महिला को कोई कॉल भी नहीं आया और न ही उसने किसी से कोई जानकारी शेयर की। बावजूद उसके एकाउंट से 5 बार में 38000 रुपये की अवैध निकासी हो गयी। यह रकम महिला के एकाउंट से उसके द्वारा निकासी होने की जानकारी मिल रही है। इस संबंध में पीड़ित महिला मीरपुर निवासी पूनम कुमारी ने शनिवार शाम में मामले की शिकायत देने हंटरगंज थाना पहुंची। उसने बताया कि 22अप्रैल को उसके एकाउंट से दो बार में 9000 और 7500 रुपए की निकासी हुई इसके बाद 26 अप्रैल को 7000 रुपया निकासी की गई। जब मुझे इसकी जानकारी हुई तो तुरंत 29 अप्रैल को अपने बैंक ऑफ इंडिया शाखा गोसाईडीह में इसकी शिकायत की। शिकायत के बाद पुनः 2 मई को मेरे एकाउंट से 10000 रुपए और 2500 रुपए की निकासी की गई। जिससे मेरे एकाउंट का सारे रकम खत्म हो गये हैं।



पूनम का आरोप है कि बैंक मैनेजर और बीसी संचालक की लापरवाही से कारण मेरा खाता से 12500 रूपए की निकासी हुई है। 29 मई को शिकायत के बाद भी बैंक कर्मी और बीसी संचालक इसे गम्भीरता से नहीं लिया महिला का एकाउंट बैंक ऑफ इंडिया गोसाईडीह शाखा में है. भुक्तभोगी महिला की बहन की शादी है जब वह बैंक गयी और स्टेटमेंट निकलवायी तो मामले की जानकारी हुई। इसके बाद वह शिकायत देने हंटरगंज थाना पहुंची. मामले में ठगी की रकम वापस कराने का आग्रह करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इधर इस संबंध में पूछे जाने पर बैंक मैनेजर प्रिंस कुमार ने बताया कि महिला ने आवेदन सिर्फ कैसे पैसा निकासी हुई है उसकी जानकारी के लिए शिकायत की थी ना की खाता फ्रीज करने के लिए इसलिए मैं इस संबध में अवैध निकासी का स्टेटमेंट वरीय कर्मचारी को दे दिया हूं.अभी तक मिनी स्टेटमेंट नहीं आई है। अब ऐसे में सवाल उठता है कि यदि बैंक को 29 अप्रैल को अवैध निकासी की शिकायत की गई तो बैंक ने इसे गम्भीरता से क्यों नहीं लिया, यदि मामले को गम्भीरता से लिया जाता तो शायद भुक्तभोगी महिला का 12500 रुपया की राशि बच सकती थीं आखिर इसका जिम्मेदार कौन है किया बैंक कर्मी अपने कार्य को अच्छे से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। फिलहाल हंटरगंज थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 76 वर्षीय दीनानाथ चौरसिया का हृदय गति रुकने से मौत हो गया

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी शिवाला चौक (पुरणा नगर) निवासी 76 वर्षीय दीनानाथ चौरसिया का निधन शनिवार रात लगभग 10 बजे हृदय गति रुकने से हो गया। वे इटखोरी के पुराने व्यवसाय थे। घटना के संबंध में उनके बड़े पुत्र शंभू लाल चौरसिया ने बताया कि 3 मई की रात्रि लगभग 9ः22 बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद हमलोग प्राइवेट वाहन से किसी तरह उन्हें इटखोरी अस्पताल में भर्ती करवाए, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें मृत्य घोषित कर दिया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को इटखोरी मुहाने श्मशान घाट पर किया गया। जहां मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र सह भाजपा ओबीसी जिला मिडिया प्रभारी शंभू लाल चौरसिया ने दिया।

## खस्सी संकल्प के नाम पर 700 रूपए की वसूली का आरोप

● 200 रूपए का मिला रशीद

**आदिवासी एक्सप्रेस / संतोष कुमार दास**

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र में सुप्रसिद्ध माता कौलेश्वरी के दरबार में आए श्रद्धालुओं से पुरोहितों के द्वारा अवैध वसुली का आरोप प्रखण्ड क्षेत्र के सैपुर निवासी प्रभात यादव ने लगाया है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया की मुंडन करवा कर खस्सी संकल्प के नाम पर 700 रूपए की वसूली की गई जबकि रशीद मात्र 200 रूपए की दी गई उसमे भी दिनांक अंकित नहीं है जब मेरी बहन संकल्प के बाद मंदिर में प्रवेश की तो वहां भी पुरोहित के द्वारा 500 रुपया का डिमांड किया गया जब मेरी बहन इसका विरोध करते हुए 150 रुपया दान पेटी के समीप रख दी। वही श्रद्धालु अमन कुमार बताते हैं कि मां के पूजा के नाम पर खुले वसूली की जाती है यदि कोई पैसा ना दे तो नोकझोक भी हो जाता हैं अमन ने पुरोहितों पर आरोप लगाते हुए कहा कि नारियल संकल्प के नाम पर 100 से 50 रुपया की डिमांड की जाती है यदि श्रद्धालु ना दे तो नारियल फेक देते हैं इधर अमन ने जिला प्रशासन से मंदिर प्रबंधन समिति से बदसलूकी करने वाले पुरोहितों पर करवाई की मांग की है। इधर इस संबंध में पूछे जाने पर प्रधानपुरोहित मिथलेश कुमार मिश्रा ने आरोप को बेबुनियाद बताया है।





## कटकमदाग के हाथामेढ़ी और शिवदयाल नगर के यज्ञ में शामिल हुए सांसद मनीष जायसवाल

**आदिवासी एक्सप्रेस**



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में इन दिनों भक्ति की बयार बह रही है। करीब दो दर्जन से अधिक गांवों में यज्ञ सह मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। लगातार इन धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने का आवास प्राप्त हो रहा हैं। रविवार की सुबह हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सदर विधानसभा क्षेत्र के त्रिदेव मंदिर, विजय पथ, शिवदयाल नगर, कदमा में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ- सह- शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन और ग्राम हाथामेंढ़ी में आयोजित श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन पहुंचकर शामिल हुए और यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर क्षेत्र की सुख, शांति और खुशहाली की कामना ईश्वर से की। सांसद मनीष जायसवाल ने इस दौरान ग्राम हाथामेढ़ी में एक बहन को लहंगा भेंटकर शादी से पूर्व बधाई दिया। मौके पर विशेषरूप से अजय कुमार साहू, दीपक सिंह, सतपाल सिंह, विजय वर्णवाल, सुनील तिवारी, सुधीर चौधरी, राजेश सिन्हा, गोपाल गौर, सुधीर पांडेय, सुधीर सिंह, दीपक सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## सेवा भारती के सचिव दिशा के सदस्य व पत्रकार आलोक सिन्हा नहीं रहे

**शोक संवेदनाओं का तातां मुक्तिधाम में हुई अंत्येष्टि**

**झुमरीतिलैया।** सेवा भारती के सचिव, दिशा के सदस्य, झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष व विभिन्न सामाजिक धार्मिक संगठनों से जुड़े 49 वर्षीय आलोक सिन्हा का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वे पिछले एक दशक में विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संगठनों के साथ-साथ पत्रकारिता जगत में एक मिसाल कायम की उनके असामायिक निधन पर समाज के हर तपका के बीच शोक की लहर देखने को मिली। मालूम हो कि आलोक सिन्हा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्व नगर मंत्री, प्राथमिक विद्यालय असनाबाद के पूर्व अध्यक्ष सहित अन्य सामाजिक संगठनों से जुड़कर समाज सेवा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई। साथ ही उनके निधन पर आरएसएस के अलावा उनके छात्र जीवन 1992 के मैट्रिक के सभी पूर्व छात्र मर्माहित है और अंत्येष्टि के समय इनके शिक्षा के लगभग सारे मित्र उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल, श्री राम संकीर्तन मंडल, श्याम मित्र, मंडल श्याम शरण में आजा रे श्याम सेवा मंडल, पतंजलि परिवार मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ओम संकीर्तन मंडल, रोटरी क्लब गायत्री परिवार सहित अन्य लोगों ने संवेदना प्रकट की है। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में विधायक डॉ नीरा यादव, पूर्व नप अध्यक्ष संतोष यादव, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी संजीव समीर, रमेश हर्षधर, पिंकू सहाय, चंदन चक्रवर्ती, राजेन्द्र मिस्टकार, सुनील यादव, दिलीप सिंह,अजय अग्रवाल, राकेश सिन्हा, नीरज कर्ण,रणधीश कर्ण, गौतम कर्ण, डॉ अभिजीत राय, बेलु सिन्हा, राम अवतार केशरी, मनोज राणा, सिद्धि आचार्य, गोपाल कुमार गुतुल, उमाकांत सिन्हा, चंदन सिन्हा, बीरेंद्र सिंह, निरजंन सिन्हा, आलोक सिंह,कुमार रमेशम, धीरज कुमार, रवि पासवान, दीपक पासवान, मोहम्मद सद्दाम, जाबाज शोएब, सद्दाम अंसारी, सत्येंद्र सिन्हा, नरेंद सिंह चंदेल, भानु प्रताप सिंह, नितिन मिश्रा, प्रेम भारती, अरविंद चौधरी, सुधीर पांडेय, देवेंद्र भारती, मुरली मोदी, अमित सुरुलिया, किशमिश, अजय शर्मा, दीपू हिसारिया, पंकज भगत, नवीन तरवे, रितेश दुग्गड़, संजय मोदी, दिलीप वर्मा, विकाश कुमार, धीरेंद्र सिन्हा, राहुल प्रताप सिंह, चंदन सिंह, राकेश राजपूत, राहुल सिंह सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।



# संक्षिप्त समाचार

## खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र के लिए चयन ट्रायल का हुआ आयोजन



**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**

**पाकुड़-** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग तथा जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा संचालित खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षुओं के चयन के लिए एनएसटीसी विधि द्वारा रविवार को जिला स्तरीय बैंक कॉलोनी स्टेडियम में चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन, ऊंचाई, वजन, मेडिसिन बॉल थ्रो, वर्टिकल जंप आदि विभिन्न प्रकार के टेस्ट लिए गए। चयनित प्रतिभागियों को बैंक कॉलोनी स्टेडियम में प्रशिक्षक अक्षय बाउरी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मौके पर जिला खेल पदाधिकारी राहुल कुमार द्वारा खेल की मापदंड एवं खेल से संबंधित आवश्यक निर्देश भी दिए जो की काफी सराहनीय रहा, बच्चों का उत्साहवर्धन भी हुआ।

इस अवसर पर खेल समन्वयक विवेक रजक, खेलो इंडिया के प्रशिक्षक अक्षय बाउरी, उजय राय, संजय भगत,श्यामल सोरेन, नारायण रॉय,अंकिता राय, अज्जू मंडल आदिल, रोहित साव, राममोहन सैनी एवं विभिन्न स्कूलों के खेल शिक्षक एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद्, दुर्गा वाहिनी , मातृशक्ति के द्वारा मनाया गया सीता नवमी



**दुमका।** दिनांक 4 मई 2025 दुमका के हरणा कुंडी काली मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद् ,दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति जिला दुमका के द्वारा माता सीता के प्राकट्य उत्सव को बहुत ही उत्साह के साथ मनाया गया। विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत की ओर से यह उत्सव 4 मई से प्रारंभ होकर 8 मई तक होना सुनिश्चित हुआ है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मातृशक्ति बाल संस्कार केंद्र प्रांत प्रमुख श्रीमती शशि शर्मा जी उपस्थित हुई। इस कार्यक्रम के सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने माता सीता के जीवन पर प्रकाश डाला की किस प्रकार माता सीता का जीवन रहा है जो कि आज के सभी माता और बहनों को आत्मसात करने का विषय है। जब सीता माता छोटी थी तब उन्होंने एक गुणवान पुत्री के रूप में कर्तव्य पालन किया उसके बाद उन्होंने विवाह के उपरांत एक पतिव्रता नारी का उदाहरण समाज के सामने रखा। इसके साथ-साथ वे वनवास काल में श्री राम जी के साथ रास्ते में जो भी व्यक्ति या वनवासी मिले उन्होंने उनको भी उचित सम्मान दिया जो कि समाज के लिए बहुत ही अच्छा उदाहरण है। साथ में जब उन्हें दुराचारी रावण के द्वारा अपहरण करके लंका में लाया गया और अशोक वाटिका में रखा गया तब भी माता सीता का तेज रावण पर भारी पड़ा। यह भी एक पतिव्रता स्त्री के लिए बहुत बड़ा उदाहरण है। साथ में माता सीता एक आदर्श माता के रूप में भी जानी जाती हैं। इसके साथ-साथ हनुमान जी के प्रति उनका एक पुत्रवत प्रेम जग जाहिर है। माता सीता का जीवन चरित्र संपूर्ण मानव जाति के लिए प्रेरणादायक एवं ग्रहण करने योग्य है। यह कार्यक्रम दुमका जिला के हर एक प्रखंड में भी होना सुनिश्चित हुआ है इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सेविका समिति की जिला बौद्धिक प्रमुख डॉ उमा भारती, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजीका वैष्णवी कुमारी, मुनमुन कुमारी, साथ में विश्व हिंदू परिषद से जिला अध्यक्ष संजीव गोराई ,जिला मंत्री मिथलेश कुमार, ललन कुमार, इंद्रदेव चौरसिया, रंजीत कुमार, दिलीप कुमार साह, प्रणय जी, बजरंग दल से उत्तम कुमार, सकलदेव यादव, नवीन चंद्र ठाकुर एवं हरणा कुंडी ग्राम के बहुत से कार्यकर्ता, माता एवं बहने उपस्थित थी।

# जिले में शांतिपूर्ण वातावरण तथा कदाचार रहित एवं निष्पक्ष माहौल में नीट परीक्षा 2025 सफलतापूर्वक हुआ संपन्न

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



**पाकुड़-** नीट परीक्षा 2025 के सफल संचालन एवं निष्पक्ष माहौल में परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने जिला अंतर्गत दोनों परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर विधि व अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (NEET) 2025 का सफलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित किया गया। जिले में कुल 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा का संचालन एक पालियों में किया गया।परीक्षा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जिले के पाकुड़ राज +2 स्कूल, पाकुड़ एवं डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बालिका, पाकुड़ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा निर्धारित समयावधि में आरंभ हुआ। उपायुक्त द्वारा परीक्षा केंद्र के केंद्र अधीक्षकों तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकलबाजी, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों आदि का इस्तेमाल न हो, ऐसे करने वाले संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि कदाचार रहित एवं निष्पक्ष माहौल में नीट परीक्षा 2025 का संचालन किया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत, पर्याप्त मात्रा में बेंच, डेस्क आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई, ताकि परीक्षार्थी को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। साथ ही साथ सभी परीक्षा केंद्रों पर जिला प्रशासन द्वारा वीडियोग्राफी भी कराई गई है, ताकि निष्पक्ष माहौल में परीक्षा संपन्न कराया जा सकें।

पाकुड़ जिले के 2 चयनित केंद्रों पर शांतिपूर्वक वातावरण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुई। दोनों केन्द्रों को मिलाकर कुल 458 अभ्यर्थियों में से 442 अभ्यर्थी उपस्थित हुए एवं 16 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

मौके पर भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, अंचलाधिकारी पाकुड़, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व केंद्राधीक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

# गमरा गांव में एकदिवसीय नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

### विधायक ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**शिकारीपाड़ा/दुमका/**
**ललित कुमार पाल की रिपोर्ट।**



शिकारीपाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत गंद्रकपुर पंचायत के गमरा गांव में गमरा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित एकदिवसीय नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार रात किया गया था।टूर्नामेंट का उद्घाटन शिकारीपाड़ा विधायक आलोक कुमार सोरेन ने फीता काट और बल्लेबाजी कर किया।

साथ ही मौके पर खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया और उनकी हौसला अफजाई की। और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए झारखण्ड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, खेल नियोजन नीति तथा राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों की जानकारी साझा की। और कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना की ओर अग्रसर करता है। इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच मिलता है और वे भविष्य में राज्य और देश का प्रतिनिधित्व करता है। टूर्नामेंट में शिकारीपाड़ा प्रखंड सहित दुमका जिले के विभिन्न प्रखंड से टिम पहुंची थी। इस दौरान मलय मंडल, मलय कुमार मंडल, श्री मंथ कुमार, साथ ही रजनीश कुमार एवं काफी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# शिकारीपाड़ा के नागलभांगा के पास भीषण सड़क हादसा, 3 गंभीर रूप से घायल

**शिकारीपाड़ा/दुमका/**



शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नागलभांगा मोड़ के पास रविवार दोपहर भीषण सड़क हासदा हुई । हादसा हाइवा और कार के भिड़ंत होने से हुई , हादसे में 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है जिसमें से एक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि कार में सवार होकर 4 लोग तारापीठ से अपने घर ग्राम सिंघीया, भागलपुर जा रहा था। उसी दौरान शिकारीपाड़ा के नागलभांगा के पास हाइवा और कार में ठक्कर हो गई, जिससे 3 व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, मौके पर पहुंची शिकारीपाड़ा पुलिस के द्वारा इलाज के लिया सीएचसी शिकारीपाड़ा लाया गया जहां प्राथमिक इलाज कर डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए दुमका फूलों झानों मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों का नाम प्रभाकर चौधरी, ललन कुमार ,सोनी देवी बताया गया। एक अन्य व्यक्ति जिसे आंशिक चोट आई है का नाम राजेश कुमार साह है। सभी ग्राम सिंघीया, मुकंदपुर, थाना गोपालपुर, भागलपुर का रहने वाला बताया जा रहा है।

यहां बताते चले कि पिछले कुछ दिनों में शिकारीपाड़ा क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में इजाफा हुआ है , इसका मुख्य कारण तेज रफ्तार है, प्रशासन को रफ्तार पर लगाम लगाने की आवश्यकता है ताकि सड़क दुर्घटना को कम किया जा सके।

# डीसी ने कालाजार कीटनाशक छिड़काव के सफल क्रियान्वयन को लेकर समीक्षात्मक बैठक की

**सुस्मित तिवारी**
**आदिवासी एक्सप्रेस ब्यूरो पाकुड़**



पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने कालाजार उन्मूलन हेतु किए जा रहे कीटनाशक छिड़काव और एक्टिव केस सर्च के सफल क्रियान्वयन को लेकर सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी भीवीडी नोडल पदाधिकारी, सभी सीएचओ एवं एमपीडब्ल्यू के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कीटनाशी छिड़काव अभियानों और सक्रिय मामला खोज (एक्टिव केस सर्च) पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने शत प्रतिशत कवरेज और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी, समुदायिक भागीदारी, और रीयल-टाइम डेटा पारदर्शिता पर जोर दिया गया। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को कीटनाशी छिड़काव अभियानों को गंभीरता से मानीटरिंग करने का निर्देश दिया ताकि छिड़काव के दौरान कोई भी बंदघर को या आंशिक रूप से छिड़काव कर छोड़ा न जाए। एमपीडब्ल्यू, सीएचओ को घर-घर जागरूकता अभियान चलाने एवं ग्रामीणों को छिड़काव कार्यक्रम की जानकारी देने का निर्देश दिया गया। साथ ही, प्रत्येक प्रखंड में आईआरएस के अंतिम तीन दिनों में एमओआईसी, केटीएस/एमटीएस और एमपीडब्ल्यू को अंतिम चुनौतियों का समाधान करने और पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने के लिए फील्ड दौरा तेज करने को कहा गया। उन्होंने कालाजार प्रबंधन सूचना प्रणाली (कैमिस पोर्टल) पर रीयल-टाइम डेटा अपडेट करने और रिपोर्टिंग में देरी से बचने की भी हिदायत दी। समुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए रात्रि चौपाल जैसे प्रयासों को रेखांकित किया गया। एमटीएस/केटीएस कर्मियों को विस्तृत रिकॉर्ड रखने और रीयल-टाइम डेटा रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का दायित्व दिया गया।

बैठक में सिविल सर्जन, जिला भीबीडी पदाधिकारी, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, भीबीडी कंसल्टेंट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।


## प्राथमिकी अभीयुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सौरभ भगत**
**आदिवासी एक्सप्रेस**
**संवाददाता अंमड़ापाड़ा**



**आमड़ापाड़ा (पाकुड़)** अमड़ापाड़ा पुलिस ने थाना कांड संख्या 15/25 के प्राथमिक अभियुक्त सोल मुर्मू को गिरफ्तार कर न्यायिक विरासत में पाकुड़ कोर्ट भेजा। जानकारी के अनुसार सोल मुर्मू थाना क्षेत्र के जमकनाली, निवासी मैनेजर मुर्मू के पुत्र हैं, जहां से उनको गिरफ्तार किया गया।

## आंगनबाड़ी सेविका राधिका देवी का हुआ आकस्मिक निधन



**पालोजोरी।** पालोजोरी प्रखंड अंतर्गत कांकी पंचायत के मसानजोर निवासी राधिका देवी पति स्वर्गीय राजकुमार यादव की शुक्रवार को अहले सुबह देहांत हो गया। बताया जाता है की राधिका देवी वर्षों से मसानजोर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका के पद पर कार्यरत थे। साथ ही व काफ़ी सरल व स्वभाव के जाने जाते हैं। वहीं उनकी निधन की खबर सुनते ही आसपास सहित गांवों में शोक का लहर दौड़ गई। वहीं उनकी मृदुभाषी को लेकर गांवों? में उनकी एक मिसाल कायम थी। इस दुखद समाचार को सुनते ही कांकी मुखिया प्रतिनिधि मो. गुल मोहम्मद अंसारी उनके आवास उनके परिजनों से मिलने पहुंचे। साथ ही उन्होंने ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग करने? की बात कही। वहीं इस मौके पर पुत्र मनोहर यादव, परमेश्वर यादव, प्रवीण कुमार यादव, एवं रंजीत कुमार के अलावा पोता- रवि कुमार, राकेश कुमार,आयुष कुमार एवं निरज कुमार के साथ एक भरापूरा परिवार छोड़ कर चला गया।

## आजरोद्दीन शेख का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**



**साहिबगंज।** जिला के राजमहल प्रखंड अंतर्गत पूर्वी जामनगर पंचायत के वारेसतुल्ला टोला गांव में खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई, जिससे आजरोद्दीन शेख का घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना में घर का सारा सामान, कपड़े, बर्तन, राशन सामग्री व अन्य आवश्यक वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई। स्थानीय ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पाया गया, जिससे अन्य घरों तक आग फैलने से रोका जा सका। ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को अविलंब राहत और पुनर्वास सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।जहां तात्कालिक राहत राशि व खाद्य सामग्री, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की व्यवस्था, कंबल, कपड़े, और बर्तन जैसे आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह मानवीय आधार पर त्वरित कार्रवाई करे ताकि पीड़ित परिवार को पुनः सामान्य जीवन में लौटने में सहायता मिल सके।




# क्या सुप्रीम कोर्ट 'वक्फ संशोधन अधिनियम - 2025' को अवैध घोषित कर सकता है ?

## >> विचार

"हम सबों को यह जानना चाहिए कि इसी देश में शाहबानो प्रकरण में जब सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो को तलाक की अवधि में भी उनके शौहर द्वारा मासिक भत्ता दिए जाने का फैसला सुनाया था। इस फैसले के विरोध में संपूर्ण देश भर में जोरदार आंदोलन हुआ था। आंदोलन को देखते हुए तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार को सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश के विरुद्ध एक नया संशोधित बिल लोकसभा और राज्यसभा में लाना पड़ा था। लोकसभा और राज्यसभा से यह संशोधित बिल पारित होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा उक्त कानून को मंजूरी मिली थी। तब सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया वह फैसला निरस्त हुआ था। और देश में चल रहे आंदोलन समाप्त हो पाया था।

**विजय केसरी**

वक्फ संशोधन अधिनियम - 2025 के विरोध में सुप्रीम कोर्ट में 70 से अधिक याचिकाएं दाखिल की गई ,जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार भी कर लिया। याचिका कर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि फिलहाल केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों में कोई नई नियुक्ति न की जाए। यह आदेश वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने दिया। सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश का निहितार्थ यह है कि वक्फ संशोधन अधिनियम - 2025 एक तरह से एक अवैध अधिनियम है। इसलिए इस पर रोक लगाई गई है। अब सवाल यह उठता है कि क्या सुप्रीम कोर्ट को देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा और राज्यसभा द्वारा पारित तथा राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद किसी कानून को अवैध घोषित करने का अधिकार है? सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्देश से विधायिका और न्यायपालिका पूरी तरह आमने सामने आ गए हैं ।यह किसी भी सूरत में उचित नहीं है। विधायिका और न्यायपालिका की टकराहट से देश में एक असमंजस की स्थिति बन गई है ।देश भर में यह भी सवाल उठ रहे हैं कि लोकसभा और राज्यसभा तथा राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद क्या सुप्रीम कोर्ट को उक्त कानून के विरोध में याचिकाओं को स्वीकार करने का अधिकार है ? अगर देश में सुप्रीम कोर्ट द्वारा ऐसा किया गया है, तब सवाल यह उठता है कि क्या यह अधिकार उसे भारत का संविधान ने दिया है? भारत के संविधान के अनुसार विधायिका व न्यायपालिका दोनों एक संवैधानिक संस्था हैं ,जो संविधान के अनुसार अपने-अपने कानून सम्मत कर्तव्यों का निर्वहन से बंधे हुए हैं ।न्यायपालिका और विधायिका दोनों के संबंध में भारत के संविधान में उन दोनों के अधिकार और कर्तव्यों पर बहुत ही सारगर्भित ढंग उल्लेख है। अब सवाल यह उठता है कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा और राज्यसभा ने जिस कानून को बहुमत के आधार पर पारित कर दिया तथा राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के अधिकारों पर रोक लगाकर सुप्रीम कोर्ट ने किस संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन किया है? इसकी चर्चा आज संपूर्ण देश भर में हो रही है। संभवत यह देश का पहला ऐसा मामला है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा और राज्यसभा द्वारा पारित कानून पर रोक लगाई है। हम सबों को यह जानना चाहिए कि इसी देश में शाहबानो प्रकरण में जब सुप्रीम कोर्ट ने शाहबानो को तलाक की अवधि में भी उनके शौहर द्वारा मासिक भत्ता दिए जाने का फैसला सुनाया था । इस फैसले के विरोध में संपूर्ण देश भर में जोरदार आंदोलन हुआ था। आंदोलन को देखते हुए तत्कालीन राजीव गांधी की सरकार को सुप्रीम कोर्ट के उक्त आदेश के विरुद्ध एक नया संशोधित बिल लोकसभा और राज्यसभा में लाना पड़ा था। लोकसभा और राज्यसभा से यह संशोधित बिल पारित होने के बाद राष्ट्रपति द्वारा उक्त कानून को मंजूरी मिली थी । तब सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया वह फैसला निरस्त हुआ था। और देश में चल रहे आंदोलन समाप्त हो पाया था। यह सब करने का अधिकार भारत का संविधान ने विधायिका को प्रदान किया था। अगर भारत का संविधान लोकसभा और राज्यसभा को यह अधिकार नहीं दिया होता, तब सुप्रीम कोर्ट द्वारा शाहबानो प्रकरण में दिए गए फैसले के बाद जो देश भर में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई थी, उससे निजात मिल पाती । भारत के संविधान के अनुसार न्यायपालिका को विधायिका द्वारा निर्मित कानून को चुनौती अथवा अवैध घोषित करने का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट लोकसभा - राज्यसभा और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जो कानून अस्तित्व में आते हैं, उसका पालन करना है न कि उसे अस्वीकार करना है। जैसा कि शाहबानो प्रकरण में हुआ था। भारत एक जनतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष देश है। जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि ही देश का संचालन करते हैं ।अर्थात देश का संचालन विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के हाथों संपन्न होता है। भारत जैसे विशाल जनतांत्रिक देश के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका सबसे बड़ी संस्था है। इसके साथ ही हम सबों को यह समझना होगा कि जनता द्वारा चुनी गई विधायिका देश की सबसे बड़ी संस्था होती है। जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में याचिकाओं को स्वीकार किया है, इससे प्रतीत होता है कि सुप्रीम कोर्ट विधायिका द्वारा निर्मित कानून को मानने से इनकार कर रहा है ? यह बड़ा अहम सवाल है। इस विषय पर देश के तमाम कानूनविदों को गंभीरता पूर्वक विचार करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से केंद्र की ओर से प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा।? जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार भी कर लिया। 5 मई को भारत सरकार को सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के औचित्य के पक्ष में अपनी बातों को खना है। सुप्रीम कोर्ट के उक्त निर्देश पर केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया और कहा कि पिछले सौ वर्षों से उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को केवल पंजीकरण के बाद ही मान्यता दी जाती है, मौखिक रूप से नहीं। इसलिए, संशोधन जरूरी था। केंद्र सरकार ने कहा कि वक्फ परिषद और वक्फ बोर्ड में 22 सदस्यों में से अधिकतम दो गैर-मुस्लिम होंगे, यह एक ऐसा उपाय है, जो समावेशिता का प्रतिनिधित्व करता है । वक्फ के प्रशासन में हस्तक्षेप नहीं करता है। केंद्र ने कहा कि जानबूझकर यह गलत तरीके से वक्फ संपत्तियों के रूप में उल्लिखित सरकारी भूमि की पहचान राजस्व रिकॉर्ड को सही करने के लिए है। यह संशोधित अधिनियम सरकारी भूमि को किसी भी धार्मिक समुदाय से संबंधित भूमि नहीं माना जा सकता है। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल जवाब के जरिए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज करने की मांग की है। केंद्र सरकार ने अपने जवाब में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट किसी भी कानून के प्रावधान पर आंशिक रूप से अंतरिम रोक नहीं लगा सकती है। न्यायिक समीक्षा करते हुए पूरे कानून पर रोक लगानी होती है। इसके अलावा ये भी माना जाता है कि संसद ने जो कानून ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी के सुझावों पर बनाया है, वह सोच समझकर बनाया होगा। वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं है। आगे केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वक्फ संशोधन कानून के मुताबिक मुतवल्ली का काम धर्म निरपेक्ष होता है न कि धार्मिक। ये कानून निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की भावनाओं को परिलक्षित करता है। इसे बहुमत से इसे पारित किया गया है। इस बिल को पारित करने से पहले संयुक्त संसदीय समिति की 36 बैठकें हुईं और 97 लाख से ज्यादा हितधारकों ने सुझाव और ज्ञापन दिए। समिति ने देश के दस बड़े शहरों का दौरा किया और जनता के बीच जाकर उनके विचार लिए गए। तब जाकर वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का ड्राफ्ट तैयार हुआ।




आज 5 मई को देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के औचित्य पर फैसला लेना है ।भारत सरकार ने अपनी ओर से सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विरुद्ध में याचिका कर्ताओं ने भी अपनी ओर से सारी बातों को अपने अपने दस्तावेजों के जरिए सुप्रीम कोर्ट के सुपुर्द कर दिया है । सुप्रीम कोर्ट को वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर फैसला करना एक अग्नि परीक्षा के समान होगा ।सुप्रीम कोर्ट के सामने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में याचिका कर्ताओं के दस्तावेज है तो दूसरी ओर जॉइंट पार्लियामेंट द्वारा पारित वक्फ संशोधन कानून 2025 है, दोनों को ध्यान में रखकर फैसला लेना है ।?अब देशवासियों को देखना यह है कि सुप्रीम कोर्ट वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को अवैध घोषित करती है अथवा याचिकाकर्ताओं के दस्तावेजों को खारिज करती है

## संपादकीय

# गुस्सा सही लेकिन निशाना गलत

पहलगाम आतंकी हमले और उसमें जान गंवाने वालों के परिजनों का दुख समूचा देश महसूस कर रहा है और आतंकियों के खिलाफ सबमें आक्रोश है। सभी यही चाहते हैं कि आतंकवादियों और उन्हें संरक्षण देने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई हो। मगर व्यापक स्तर पर ऐसी भावनाएं अगर अनियंत्रित होने लगें और उसकी मार ऐसे लोगों पर पड़ने लगे, जिनका आतंकवाद से कोई लेना-देना न हो, तो वाजिब दुख और आक्रोश की दिशा भटक जाना स्वाभाविक है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आक्रोश के नतीजे में एक अफसोसनाक प्रतिक्रिया यह देखी गई कि कई जगहों पर बिना किसी वजह के मुसलिम पहचान वाले लोगों को उनका नाम पूछ कर निशाना बनाया गया, उनके साथ मार-पीट गई या उनके व्यवसाय को नुकसान पहुंचाया गया। यह न केवल भावुकता के दिशाहीन हो जाने का सबूत, बल्कि देश की कानून-व्यवस्था के सामने एक गंभीर चुनौती भी है। सवाल है कि क्या इस तरह की प्रतिक्रिया देश की लोकतांत्रिक परंपरा के सामने चुनौती नहीं खड़ी कर रही है। पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी ने अपने पति के लिए न्याय और आतंकियों के लिए सजा सुनिश्चित करने की मांग जरूर की है, लेकिन उन्होंने सिर्फ आक्रोश की वजह से निर्दोष लोगों को निशाना बनाने और नफरत भरे बयान देने की प्रवृत्ति पर अपनी आपत्ति जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और मुसलमानों या कश्मीरियों को निशाना न बनाने तथा सिर्फ शांति की अपील की। अपने ऊपर दुख का पहाड़ टूटने के बावजूद उन्होंने जिस तरह अपनी संवेदना और अपने धैर्य को संतुलित बनाए रखा, वह मानवीय मूल्यों के प्रति उनकी आस्था को दर्शाती है। जम्मू-कश्मीर में पिछले कई दशक से आतंकवादियों ने जो किया है, उसका मुकम्मल और ठोस हल निकालने की जरूरत है, चाहे इसके लिए कानूनी दायरे में हर स्तर पर सख्ती बरतनी पड़े। मगर आतंकियों की हरकतों की प्रतिक्रिया में अगर आम लोग उत्तेजना में निर्दोष नागरिकों के खिलाफ अराजक होने लगें, तो यह न केवल मानवीय संवेदनाओं और मूल्यों के विपरीत होगा, बल्कि देश के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और सौहार्द की परंपरा को भी नुकसान पहुंचाएगा।

# वैश्विक शांति में आतंकवाद एक बड़ा अवरोध

**संजीव**

समग्र रूप से वैश्विक स्तर पर देखें तो आतंकवाद कई देशों के लिए बड़ा नासूर बन चुका है। भारत में पहलगाम घटना को लिया जाए तो निदोष 27 भारतीय पर्यटकों की निर्मम हत्या इसका एक बड़ा उदाहरण है वैश्विक परिपेक्ष में देखें तो वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद बहुत बड़ा अवरोध और बड़ी रुकावट है इसका स्थाई समाधान निकाला जाना चाहिए अन्यथा मानवता कराहने लगेगी और ऐसे ही निदोष मासूम नागरिकों की हत्या होती रहेगी इनके विरुद्ध कडे से कड़ा कदम उठाकर इनकी जड़े ही खत्म कर देनी चाहिए और आतंकवादियों को चुन चुन कर मारा जाना चाहिए।इसराइल हमास युद्ध किसकी एक बड़ी कड़ी है और अब भारत सरकार भी पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों के साथ उनके पालनहारों को भी खत्म करने में लगी हुई है। आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर



मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निदोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है। दुनिया के प्रत्येक देश में आतंकवाद किसी न किसी रूप में आज मौजूद है। आतंकवाद कहीं रंगभेद, कहीं भाषा विभेद, कहीं राजनीतिक विचारधाराओं में विरोध और कहीं रंगभेद के कारण ,नस्ली समस्या आतंकवाद का कारण बनी है। यह समस्याएं हथियारों से सुलझाने के प्रयास में अत्यंत हिंसक बन गई हैं। आतंकवाद को वृहद रूप देने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ने भी बड़ा साथ दिया है, आतंकवादियों, नक्सलवादियों और नस्ल वादियों के लिए रसायनिक, नाभिकीय, जैविक मानव बम जैसे आधुनिक हथियार उपलब्ध होने से यह आतंकवादी गतिविधियां और भी खतरनाक हो गई है। इसके अलावा मीडिया में इंटरनेट उपलब्धता से यह सारी सरकारी गतिविधियों की जानकारी प्राप्त हो जाती है इससे आतंकवादी और ज्यादा खतरनाक साबित हो रहे हैं। विश्व में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर 11 सितंबर 2001 आतंकवादी हमला मानव इतिहास की सबसे क्रूर तम हमला माना जाता है। पाकिस्तान के पेशावर जिले में आर्मी स्कूल में 150 मासूम बच्चों की निर्मम हत्या भी एक क्रूर आतंकवादी घटना है' भारत में 1993 में मार्च में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट इसी तरह दिसंबर 2001 में संसद भवन पर हमलावाराणसी बम विस्फोट, अहमदाबाद में बम विस्फोट, 2008 में मुंबई ताज होटल पर हमला,2016 में पठानकोट एयरबेस हमला, 2017 में अमरनाथ तीर्थयात्रियों हमला, 2019 में पुलवामा हमला आतंकवादी घटनाएं हैं जिससे मानवीय संवेदनाएं, शांति स्थापना की मूल धारणा की धज्जियां उड़ जाती है' भारत में तो नक्सलवाद भी आतंकवाद का एक वृहद रूप ले चुका है' आतंकवाद का सबसे भयानक रूप यह है की कोई भी देश यह नहीं जानता कि आतंकवाद का अगला निशाना कौन सा देश और कौन सी इमारत, रेलवे स्टेशन, वायुयान और कौन सा धार्मिक स्थल होगा' वैश्विक स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ असुरक्षा की भावना पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है' आतंकवाद का सबसे विस्तृत और भयानक रूप अफगानिस्तान में सरकार का तख्तापलट का ही है' वहां तालिबानी आतंकवादियों द्वारा सरकार को गिरा कर अफगानिस्तान देश पर जाकर वहां शासन स्थापित कर लिया था, और पूरी दुनिया तमाशबीन बनी रही। रूस यूक्रेन युद्ध मैं भी लाखों लोगों की आक्रमण कर हिंसक हत्या तानाशाही तथा मानसिक आतंकवाद का ही एक भयानक रूप है। पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत सहित अनेक कानून बनाए गए एवं उन पर अमल भी किया जा रहा है। पर आतंकवाद को समूल नष्ट करने के लिए आतंकवादी विचारधारा को ही समूल रूप से नष्ट करना होगा, क्योंकि आतंकवाद कोई तात्कालिक कारणों से पैदा नहीं होता,यह एक घिनौनी, हिंसक आतंक पैदा करने वाली विचारधारा है। अशांति की इस विचारधारा में जन समुदाय में रोश तथा खौफ पैदा कर दिया है और यह मानवता के लिए अभिशाप की तरह व्याप्त हो गया है। जिससे विश्वव्यापी वैश्विक शांति की अवधारणा को नष्ट कर दिया है। वैसे तो पूरे विश्व में आतंकवाद के खिलाफ प्रयास किए जा रहे हैं पर हर देश के हर नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि इस विचारधारा और इनकी गतिविधियों पर नजर रख इसे समूल नष्ट करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

**(संजीव स्तंभकार, चिंतक लेखक, रायपुर )**

# डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखना जरूरी हो

**अरुण कुमार**

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही एक टिप्पणी में कहा कि यदि डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए कानूनी रूप से बाध्य किया जाए, तो दवा कंपनियों द्वारा डॉक्टरों को महंगी और ब्रांडेड दवाएं लिखने के लिए रिश्वत देने की समस्या काफी हद तक समाप्त हो सकती है। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए एक याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की, जिसमें दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाओं को नियंत्रित करने के लिए



यूनिफॉर्म कोड ऑफ फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेज को कानूनी रूप देने की मांग की गई थी। जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन दवा कंपनियां अपनी मर्जी से करती हैं। केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है, लेकिन इसकी अनुशंसाएं अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई हैं। दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाएं केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं हैं, ये मरीजों के स्वास्थ्य और जान को भी खतरे में डालती हैं। महंगी दवाओं के प्रचार के कारण कई बार गरीब मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं। यदि जेनेरिक दवाओं को अनिवार्य किया जाए, तो न केवल दवाओं की कीमतें कम होंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं भी अधिक समावेशी और सुलभ बनेंगी। इसके अलावा, यह कदम दवा कंपनियों और डॉक्टरों के बीच अनैतिक गठजोड़ को तोडने में भी मदद करेगा। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी सरकार और नीति निर्माताओं के लिए एक स्पष्ट संदेश है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार अब और टाला नहीं जा सकता। यह न केवल आम जनता के हित में होगा, बल्कि लाखों लोगों की जिंदगी बचाने में भी योगदान देगा।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक व संपादक **सरोज चौधरी** द्वारा ई-37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस लालगुटवा रांची से मुद्रित, **संस्थापक संपादक : स्व. राधाकृष्ण चौधरी, प्रबंध संपादक अरूण कुमार चौधरी * फोन :** 9471170557/08084674042, **ई-मेल :** aadivashiexpress@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### एक युवक को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सकरीगली रामपुर इंग्लिश के रहने वाले निवासी खूब लाल चौधरी का 33 वर्षीय पुत्र सूरज चौधरी ने बताया कि जमीन में घर बना हुआ था जिनको हटाने को लेकर राजेश चौधरी, रेखा देवी, मनिया मसोमात से कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। जहां राजेश चौधरी, रेखा देवी, मनिया मसोमात ने लाठी डंडा से मिलकर सूरज चौधरी को बुरी तरह मार कर घायल कर दिया। जहां परिजनों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने घायल युवक का इलाज किया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### विद्या भारती का विभाग स्तरीय टोली बैठक संपन्न हुआ




**आदिवासी एक्सप्रेस मोहित मंसूरी**

आज दिनांक 4 मई 2025 को वनांचल शिक्षा समिति एवं विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित विभाग टोली बैठक बाबूलाल नंदलाल बोहरा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरहरवा में आयोजन किया गया जिसमें की माननीय विभाग सह प्रमुख रमेश कुमार जी की गरिमामय उपस्थिति में साहेबगंज एवं पाकुड़ जिले में संचालित 12 विद्यालय जो कि क्रमशः तीन संकुल बरहरवा, साहेबगंज एवं पाकुड़ के संकुल प्रमुखों एवं संयोजकों की बैठक में गत सत्र की उपलब्धि तथा सत्र 2025-26 की नवीनतम एवं प्रभावी योजना पर विमर्श किया गया तथा यह बैठक अब त्रैमासिक कर विद्यालयों का मुल्यांकन करने का निर्णय लिया गया मौके पर प्रांतीय समिति के माननीय सदस्य श्री गगन बाबु विभाग संयोजक प्रमोद कुमार आजाद के साथ विभाग टोली के माननीय सदस्य श्री विरेन्द्र प्रसाद यादव भी मौजूद रहे।

### दुर्गावती इंटरप्राइजेज आरोग्य मिरिकल हेल्थ सेंटर का हुआ उद्घाटन



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** शहर के स्टेडियम रोड स्थित दुर्गावती इंटरप्राइजेज आरोग्य मिरिकल हेल्थ सेंटर का उद्घाटन सेवानिवृत लोको निरीक्षक अमर नाथ यादव व सेवानिवृत लोको पायलट चंद्रशेखर यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया.वही दुर्गावती इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अंजली कुमारी ने लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित के बारे में जानकारी दी,की किस तरह से लोगों का शरीर स्वस्थ रहेंगे. आयुर्वेदिक दवाइयां से क्या-क्या फायदा होते है। उन्होंने बताया की हेल्थ केयर संबंधित सभी प्रकार के आयुर्वेदिक दवाएं मिलती है। जैसे, लीवर केयर, डायबिटीज केयर,पेट की पथरी, आर्थो केयर,पाइल्स केयर, एसिडिटी केयर, ग्रीन टी,कैल्शियम आदि दवाएं उपलब्ध है.कहा की लीवर केयर, डायबिटीज केयर,पेट की पथरी, आर्थो केयर,पाइल्स केयर,एसिडिटी केयर, ग्रीन टी,कैल्शियम आदि दवाएं आज क्यों लोगों को युज करना चाहिए. हर घर में आज कोई ना कोई स्वास्थ्य के प्रति जूझ रहा है. इसके बारे में जानकारी दी गई. मौके पर सुरेश यादव, एसबीआई बैंक मैनेजर प्रशांत भारती, रेलवे एसएसई रूपेश कुमार अमलेश यादव, मनीष यादव सहित अन्य उपस्थित रहे.

### पति-पत्नी को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पति-पत्नी को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार महादेवगंज निवासी प्रकाश यादव उम्र 50 वर्षीय, उनकी पत्नी सीमा देवी उम्र 45 वर्षीय, दस सालों से जमीन विवाद को लेकर कहा सनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गई। जहां आज रविवार 4 मई 2025 को विशंभर यादव, शत्रुघन यादव, नीतीश यादव, आशीष यादव और उनके घर की महिलाओं ने मिलकर प्रकाश यादव के घर में घुसकर इन लोगों ने दोनों पति-पत्नी को बुरी तरीका से मार कर लहू लोहान कर दिया। उक्त पीड़िता महिला सीमा देवी की डेढ़ भर का गले का सोने का हार और एक कान का सोने का बाली भी विशंभर यादव और उनकी पत्नी बबीता देवी ने मारपीट कर छीन लिया है। जहां पीड़िता घायल पति-पत्नी ने मुफ्फसिल थाना पहुंचकर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध शिकार दर्ज कराया। मुफ्फसिल थाना ने शिकायत दर्ज करने के उपरांत घायल पति-पत्नी को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने घायल पति-पत्नी का इलाज किया। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# संगोष्ठी का आयोजन जिला परिषद सभागार उत्सव बैंक्वेट हॉल साहिबगंज में किया गया




**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** रविवार को नागरिक परिषद के तत्वाधान में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन जिला परिषद सभागार उत्सव बैंक्वेट हॉल साहिबगंज में किया गया। इस संगोष्ठी का शुभारंभ इस कार्यक्रम में आए मुख्य रूप से जैक के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरविंद प्रसाद सिंह, राजमहल विधानसभा के निवर्तमान विधायक अनन्त कुमार ओझा ने मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मंच पर मुख्य रूप से चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रामदरश यादव उपस्थित थे।

इस कार्यकम में मुख्य रूप से आए हुए जैक के पूर्व अध्यक्ष डॉ अरविंद प्रसाद सिंह ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब हैं कि एक देश एक चुनाव मतलब देश में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ होना। बार-बार होने वाले चुनाव देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा बन चुका हैं। चुनावों में पैसा खर्च होता है, बार बार आचार संहिता लगने के कारण विकास कार्य ठप हो जाते हैं। नेता और नौकरशाही चुनावी तैयारियों में व्यस्त हो जाते हैं। जिससे जनकल्याण योजनाएं रुक जाती हैं। बार-बार चुनाव होने के वजह से जनता का उत्साह भी अब धीरे धीरे कम हो रहा है। अब समय है कि संविधान में संशोधन कर 5 साल में एक बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव हों ताकि देश की प्रगति बाधित न हो। वन नेशन वन इलेक्शन से देश में बहुत तेजी से विकास होगा। इससे चुनाव में होने वाले खर्च में भी कमी आएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन के वजह से एक और जहां भारत में लोकसभा और सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ होना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय निकायों के चुनाव भी एक ही दिन या एक तय समय सीमा में कराए जाएं। इसलिए तो पीएम मोदी लंबे समय से वन नेशन वन इलेक्शन की वकालत करते आए हैं उन्होंने कहा था कि चुनाव सिर्फ तीन या चार महीने के लिए होने चाहिए, पूरे 5 साल राजनीति नहीं होनी चाहिए। साथ ही चुनावों में खर्च कम हो जाएगा इससे प्रशासनिक मशीनरी पर बोझ भी नहीं बढ़ेगा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक श्री अनंत कुमार ओझा ने कहा कि समिति ने अपने रिपोर्ट में संविधान संशोधन विधेयक में नया अनुच्छेद 82 जोड़ने तथा अनुच्छेद 83, अनुच्छेद 172 और 327 में संशोधन के साथ यह प्रस्ताव उन्होंने दिया था और यह नहीं कि केवल समिति केवल कुछ लोगों के द्वारा जो विचार आया। इस समिति के द्वारा समाज के अनेक क्षेत्रों में जो अग्रणी भूमिका निभाई। इसमें कुल 62 राजनीतिक दलों ने उनके माध्यम से इस एक राष्ट्र एक चुनाव कराने के विषय को लेकर के उनसे सुझाव माना गया था लेकिन इसमें से 47 दलों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी थी और उसे 47 दलों में से 32 दलों ने एक साथ चुनाव कराने के पक्ष में अपना विचार आदरणीय रामनाथ कोविंद जी को सुपुर्द करने का काम किया था। 15 दलों ने इस पर आपत्ति भी किया था। इसके साथ ही साथ भारत के चार पूर्व मुख्य न्यायाधीश उन्होंने भी अपनी राय समिति के सामने उन्होंने उसके समर्थन करते हुए कहा था और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था और समर्थन करते हुए उन्होंने राय दी थी यह जो एक देश एक चुनाव का जो विषय है यह विशेष संविधान की मूल भावना के विपरीत नहीं है ऐसा अवकाश प्राप्त जो मुख्य न्यायाधीश थे। चार मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी इसके पक्ष में अपनी राय दी थी इस प्रकार राज्यों के जो मुख्य चुनाव आयुक्त रहे हैं बार काउंसिल संगठन के अधिकारियों ने भी अपना इसके बारे में प्रतिवेदन समर्पित करने का काम किया था। इस समिति के मुख्य आदरणीय रामनाथ कोविंद जी की अध्यक्षता में जो स्थापित हुई थी उसे समिति ने जनता से भी सुझाव मांगा था और उसे सुझाव के परिपेक्ष में 83त्न लोगों ने पक्ष में निर्णय दिया यानी कुल 13396 लोगों ने एक साथ एक देश एक चुनाव के समर्थन में दिया जबकि केवल 17% यानी 2276 लोगों ने इस पर आपत्ति किया कि यह ठीक नहीं होगा यह राज्यों के साथ संघीय ढांचे के विपरीत होगा और इसी प्रकार से आदरणीय रामनाथ कोविंद जी ने और समिति ने अपने सुझाव के क्रम में इस बात को जरूर कहा कि संविधान में प्रस्तावित अनुच्छेद 82ए को जोड़ने के माध्यम से किया गया। अनुच्छेद 82ए के अनुसार राष्ट्रपति संशोधन को केवल 19वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान अर्थात 2019 के आम चुनाव के बाद ही लागू कर सकते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन भारत के लिए यह कोई नया कॉन्सेप्ट नहीं है। देश में आजादी के बाद से 1967 तक लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ कराए गए थे। 1952, 1957, 1962 और 1967 में दोनों चुनाव एक साथ हुए थे, लेकिन राज्यों के पुनर्गठन और अन्य कारणों से चुनाव अलग-अलग समय पर होने लगे। अगर भारत देश में भी वन नेशन वन इलेक्शन के तर्ज पर लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने लग जाए तो इससे जनता को बार-बार के चुनाव से मुक्ति मिलेगी और इससे इस देश में युवा वर्ग में चुनाव को लेकर अपने मत का प्रयोग करने को लेकर एक अलग उत्साह का भी संचार होगा। एक देश एक चुनाव से चुनावी खर्च भी बचेगा और वोटिंग परसेंट में भी इजाफा होगा। हर बार चुनाव कराने पर जो करोड़ों रुपये खर्च होते हैं वो खर्च कम हो जाएगा। इसके अलावा देश में राजनीतिक स्थिरता लाने में ये अहम रोल निभा सकता है। इलेक्शन की वजह से बार बार नीतियों में बदलाव की चुनौती कम होगी। सरकारें बार-बार चुनावी मोड़ में जाने की बजाय विकास कार्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। प्रशासन को भी इसका फायदा मिलेगा और गवर्नेंस पर जोर बढ़ेगा। अधिकारियों का समय और एनर्जी बचेगी। इसका बड़ा आर्थिक फायदा भी है। सरकारी खजाने पर बोझ कम होगा और आर्थिक विकास में तेजी आएगी। अलग-अलग समय पर चुनाव होने से कई तरह की परेशानी होती रही है, जो हम लोग भी महसूस करते रहे हैं। एक तो ख़र्च बढ़ता ही है दूसरा ये कि विकास कार्य भी इससे लगातार प्रभावित होता है। अब कहीं चुनाव हो रहा है तो वहाँ मॉडल कोड लग गया, मॉडल कोड के कारण फिर वहाँ विकास के काम रुक जाते हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक चुनाव होता है, इन चुनावों के चलते विभिन्न प्रकार के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान होते हैं। चुनाव की आर्थिक लागत अधिक है, इसके अलावा अन्य वित्तीय लागतें भी हैं। चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र चुनाव ड्यूटी और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों का पालन नहीं कर पाता है। चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती है। नीतिगत पक्षाघात का सामना करना पड़ता है क्योंकि आदर्श आचार संहिता (एम सी सी) के कारण सरकार किसी नई महत्त्वपूर्ण नीति की घोषणा या उसका क्रियान्वयन नहीं कर सकती है। प्रशासनिक लागतें यथा सुरक्षा बलों को तैनात करने तथा बार-बार उनके परिवहन पर भी भारी और दृश्यमान लागत आती है।संवेदनशील क्षेत्रों से इन बलों को हटाने और देश में जगह-जगह बार-बार तैनाती के कारण होने वाली थकान तथा बीमारियों के संदर्भ में राष्ट्र को एक बड़ी अदृश्य लागत का भुगतान करना पड़ता है। अगर भारत देश में भी एक देश एक चुनाव होना शुरू हो जाता है तो इससे देश में विकास कार्यों में भी और तेजी आएगी और भारत देश उन्नति के क्षेत्र में अपना मार्ग प्रशस्त करेगी। वन नेशन वन इलेक्शन से देश में वित्तीय बचत होगी, शासन में निरंतरता आएगी, प्रशासनिक सुविधा होगी, जनता का ध्यान विकास के मुद्दों पर होगा, राजनीतिक स्थिरता आएगी।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच संचालन सी आई टी के सेवानिवृत विजय कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सुनील सिंह ने किया। इस कार्यकम में मुख्य रूप से रामानंद साह, धर्मेंद्र कुमार,कमल महावर, सुशील भरतिया, उपेन्द्र राय, नरेश ठाकुर, जगनमय मिश्रा, भिखारी साह, प्रदीप साह, विवेकानंद तिवारी, प्रो सुबोध झा, प्रमोद पांडेय, आकाश पाण्डेय, सुनील सिंह, जयप्रकाश सिन्हा, बचन कुमार पाठक,दिनेश पांडेय एवं शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। वही कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व विगत 22 अप्रैल 1925 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम आंतकवादी घटनाओं में मारे गए परिवार के प्रति 2 मिनट का मौन रखा गया।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल निवासी देवनारायण का 35 वर्षीय पुत्र संजय कांत गोंड का राजमहल के 5 किलोमीटर आगे मोटरसाइकिल से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जहां बुधवा से काम करके अपने घर आ रहा था इसी बीच दुर्घटना हो गया। घटनास्थल पर से थाना पेट्रोलिंग गाड़ी ने उक्त घायल को उठाकर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिकी इलाज करने के उपरांत हायर सेंटर साहिबगंज सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां सदर अस्पताल में उक्त घायल का इलाज चल रहा है।

### जमीन विवाद में दो पक्षो में मारपीट महिला समेत छह लोग घायल

● घायलों का इलाज अस्पताल में जारी



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** गंगा नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरीगली गोपालपुर धिसूटोला में शनिवार की रात जमीन विवाद में दो पक्षो में जमकर मारपीट हुई। इसमे दोनो पक्ष के महिला समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल में एक पक्ष के राजेन्द्र महतो व उनकी पत्नी मजुआ देवी है। जबकि दूसरा पक्ष के आंधी चौधरी(52), छोटू चौधरी(35), शिव कुमार चौधरी(47) व भुवनेश्वर चौधरी(34) है। वही प्रथम पक्ष के घायल मजुआ देवी ने गांव के ही छोटू चौधरी, शिवकुमार चौधरी, भुनेसर चौधरी जमीन विवाद को लेकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाई है। जबकि दूसरे पक्ष के घायल प्रथम पक्ष के राजेंद्र महतो, उसकी पत्नी मजुआ देवी समेत अन्य पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। वही दोनो पक्ष ने थाना में आवेदन देकर एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस मामले में पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### साहेबगंज में जागरूकता अभियान किलोमीटर संख्या 235/03 के पास में चलाया गया



**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** आज दिनांक 04 मई 2025 को रेलवे सुरक्षा बल साहिबगंज के उप निरीक्षक सरोज कुमार, सहायक उप निरीक्षक रवींद्र तिवारी एवं आरक्षी अमित कुमार के द्वारा महादेवगंज कादिर नगर साहेबगंज में जागरूकता अभियान किलोमीटर संख्या 235/03 के पास में चलाया गया। जिसमें लोगों/जनता से ट्रेन पर पत्थर नहीं मारने, रेलवे लाइन में यातायात नहीं करने, रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने, रेल लाइन के किनारे जानवर नहीं चराने एवं यातायात नहीं करने, चलती ट्रेन पर नहीं चढ़े और ना ही उतरे रेलवे टोल फ्री नंबर 139 सहित अन्य महत्वपूर्ण बातों से जागरूक कराया गया।

# बेगमगंज फुटानी बाजार गांव में हुई मारपीट मामले में दो पक्षों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई

**आदिवासी एक्सप्रेस W . Alam**

**साहिबगंज।** उधवा राधानगर थाना पुलिस ने बेगमगंज फुटानी बाजार गांव में हुई मारपीट मामले में दो पक्षों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार प्रथम पक्ष के गाजल चौधरी ने मारपीट एवं छेड़खानी मामले को लेकर राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। मामले को लेकर गाजल चौधरी ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है उसके जमीन पर नाली का पानी बहाया जा रहा था। गाजल चौधरी के मना करने पर नरेन मंडल एवं धनंजय मंडल मारपीट पर उतारू हो गया। तभी आरोपित ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दिया और एक महिला द्वारा बीच बचाव करने पर उसके साथ छेड़छाड़ किया। मामले को लेकर पुलिस ने नरेन मंडल एवं धनंजय मंडल के विरुद्ध थाना कांड संख्या 154/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वही दूसरे पक्ष की अनिता मंडल ने भी थाना पुलिस को आवेदन देकर गाजल चौधरी, बापी चौधरी, सुखी देवी के विरुद्ध आवेदन देकर मारपीट एवं छेड़छाड़ का आरोप लगाई है। मामले को लेकर पीड़िता अनिता देवी के बयान पर कांड संख्या 161/25 के तहत तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीहः 400 मरीजों ने उठाया निःशुल्क शिविर का लाभ, गिरिडीह और आसपास के क्षेत्रो से उमड़ी भीड़



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** नवजीवन नर्सिंग होम और रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह कपल्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर में 400 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। गिरिडीह समेत डुमरी, बगोदर, सरिया व जमुआ जैसे इलाकों से भारी संख्या में पहुंचे लोगों को प्राथमिक जांचें निःशुल्क और अन्य सेवाओं पर 10-20 प्रतिशत छूट दी गई। शिविर में जनरल फिजिशियन से लेकर कार्डियोलॉजिस्ट तक नौ विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सेवा दी। आयोजकों ने इसे सेवा और जनजागरण का अभियान बताते हुए सामुदायिक सहभागिता की मिसाल करार दिया।

### गिरिडीह में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह एसपी के निर्देश पर अवैध कोयला और लोहा कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने देर रात सीसीएल की कबरीबाद माइंस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोल स्टॉक, आउटसोर्सिंग यार्ड और माइंस क्षेत्र का जायजा लिया और मौके पर मौजूद कर्मियों से आवश्यक जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने बताया कि अब तक कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और बाकी की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी।

# अभाविप के प्रदेश जनजाति शाह प्रमुख मंटू मुर्मू को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 का सर्टिफिकेट दिया गया



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश जनजाति शाह प्रमुख मंटू मुर्मू को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2025 का सर्टिफिकेट दिया गया जो 10 से 12 जनवरी 2025 को भारत मंडपम न्यू दिल्ली में कार्यक्रम हुआ था। मंटु मुर्मू ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को संबोधित करते हुए विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए और इसकी आर्थिक,सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ताकत पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा था कि विकसित भारत में अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी दोनों ही समृद्ध होंगे, जिससे अच्छी शिक्षा और आय के कई अवसर मिलेंगे। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा कुशल युवा कार्यबल होगा, जो उनके सपनों के लिए खुला आसमान प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा था कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर निर्णय, कदम और नीति को विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ संरेखित करने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा था कि यह भारत के लिए एक बड़ी छलांग का क्षण है, क्योंकि देश आने वाले दशकों तक सबसे युवा राष्ट्र बना रहेगा। कहा था, वैश्विक एजेंसियां भारत के सकल घरेलू उत्पाद को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए युवाओं की क्षमता को पहचानती है, श्री मोदी ने कहा था कि भारतीय युवा प्रमुख वैश्विक कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं, जो दुनिया भर में अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि अगले 25 साल, यानी 'अमृत काल' बहुत महत्वपूर्ण है और उन्होंने विश्वास जताया कि युवा एक विकसित भारत के सपने को साकार करेंगे। उन्होंने स्टार्टअप की दुनिया में भारत को शीर्ष तीन में लाने, विनिर्माण को आगे बढ़ाने, डिजिटल इंडिया को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने और खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने में युवाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि जब भारतीय युवा असंभव को संभव बनाते हैं, तो एक विकसित भारत निस्संदेह हासिल किया जा सकता है। विकसित भारत के अपने दृष्टिकोण को साझा करते हुए और इसकी आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ताकत पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत में अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी दोनों ही समृद्ध होंगे, जिससे अच्छी शिक्षा और आय के कई अवसर मिलेंगे। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा कुशल युवा कार्यबल होगा, जो उनके सपनों के लिए खुला आसमान प्रदान करेगा।

# जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 22वां दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** गिरिडीह जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के द्वारा आयोजित जिला स्तरीय दो दिवसीय 22वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक समापन गिरिडीह स्टेडियम में हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश सिन्हा, विशिष्ट अतिथि बिनय कुमार गुप्ता, जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक उपाध्याय, सचिव राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, इंजी. विनय कुमार सिंह, एसोसिएशन के सह सचिव अमित कुमार गुप्ता, इस दौरान राकेश रोशन, अनिता ओझा, शिव सिन्हा, दीनदयाल उपाध्याय, सद्भाव अली, हर्ष केसरी आदि भी मौके पर मौजूद थे। प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज दौड़, रिले दौड़, जैवलिन थ्रो, लॉग जंप, हाई जंप, शॉटपुट समेत अन्य खेल का फाइनल कराया गया जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग के अंडर 12, अंडर 14, अंडर 16, अंडर 18 व अंडर 20 में आयोजित हुई। विजेता,उपविजेता प्रतिभागियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। 100 मी अंडर 18 बालक वर्ग में निर्मल टुडू, 200 मी अंडर 18 बालक वर्ग में धीरज कुमार गुप्ता, 100 मी अंडर 20 बालक वर्ग में हर्ष केसरी और जैवलिन थ्रो में अंडर 18 रजत वर्मा ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं बालिका वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में कुमारी प्रज्ञा श्रीवास्तव, 200 मीटर में खुशी सिंह, 1000 मी वॉकिंग में विद्या और शॉट पुट में साक्षी कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता। ऑल ओवर परफॉर्मेंस कर गिरिडीह फिटनेस एकादमी ने 192 पॉइन्ट के साथ विजेता और कार्मेल स्कूल और कार्मेल हिन्दी स्कूल ने 73-73 पॉइन्ट के साथ उपविजेता बनी।

इस दौरान जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक उपाध्याय ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में पूरे जिले से विभिन्न स्कूलों और क्लबों के द्वारा कल 700 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एसोसिएशन की तरफ से भेजा जाएगा। साथ ही कहा कि जिले में इस तरह का आयोजन प्रतिभागियों में उत्साह संचार करता है और उनकी प्रतिभा निकलकर सामने आती है। वहीं जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में काफी उत्साह था और पूरे जोश खरगोश के साथ सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया साथ ही कहा कि जिन प्रतिभागियों का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है उन्हें हजारीबाग में आयोजित होने वाले स्टेट लेवल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ले जाया जाएगा और जामताड़ा में जूनियर स्टेट चैंपियनशिप में भी गिरिडीह की टीम प्रतियोगिता में भाग लेने जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि जुलाई माह में तिरूपति में आयोजित होने वाले ऑल इंडिया नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गिरिडीह से 13 खिलाड़ियों को चयन कर भेजा जाएगा।

### आत्मविश्वास और प्रतिभा से सजी होममेकर डे का रंगारंग आयोजन



**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** झारखंड जोन के जीव ग्लोबल इंडियन वूमेन संगठन ने 4 मई 2025 को मधुबन वेजीस हॉल में होममेकर डे का भव्य आयोजन किया, जिसमें लगभग 90 गृहिणियों ने भाग लिया। कार्यक्रम चार हिस्सों में बंटा था-जीव पिटारा में महिलाओं ने अपनी छुपी हुई कला जैसे आर्ट एंड क्राफ्ट, गार्डनिंग और होम डेकोर को प्रस्तुत किया, वहीं कुकरी सेगमेंट में महाराष्ट्र, पंजाब, बंगाल व झारखंड की पारंपरिक डिशेज़ और विशेष पेय पदार्थ बनाकर नॉन-गैस कुकिंग का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का तीसरा सेगमेंट टैलेंट शो रहा, जिसमें महिलाओं ने अपने अभिनय, गायन और नृत्य से सबका दिल जीत लिया। चौथा और सबसे खास हिस्सा था फैशन शो-जिसका विषय था कॉन्फिडेंट, जहां महिलाओं ने आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. मधुश्री सेन सान्याल थीं, और विभिन्न जजों ने प्रदर्शन को आंका। साथ ही 2025-26 के लिए गिरिडीह जोन की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी हुई, जिसमें विभूति रंजना को अध्यक्ष चुना गया। स्टेट प्रेसिडेंट पूनम सहाय की देखरेख में यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा।



### तुलाडीह में गायत्री महायज्ञ का आयोजन

- 50 ग्रामीणों ने दी आहुतियां

**गिरिडीह, प्रतिनिधि।** अखिल विश्व गायत्री परिवार गिरिडीह द्वारा ग्राम तुलाडीह, प्रखंड बिरनी के सामुदायिक भवन में आज गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ अभियान के तहत शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम का हिस्सा है। यज्ञ का संचालन बिरनी प्रखंड समन्वयक विशेश्वर साव ने किया। कार्यक्रम में लगभग 50 ग्रामीणों ने भाग लिया और यज्ञ भगवान को आहुतियां समर्पित कर सभी के स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की सफलता में कई ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।



### शोकाकुल परिवार से मिलीं विधायक डॉ. मंजु कुमारी, ढांढस बंधाया

**जमुआ, प्रतिनिधि।** जमुआ विधायक डॉ मंजु कुमारी ने रविवार को जमुआ प्रमुख मिष्टु देवी के ससुर बासुदेव यादव आकस्मिक निधन पर पेंटहंडी स्थित उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मिल ढांढस बंधाया। मौके पर विधायक ने परिवार के सभी सदस्यों का हाल चाल जानते हुए इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की बात कही। मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया, प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव उर्फ लाटी, भाजपा नेता परमेश्वर यादव मौजूद थे।



## संक्षिप्त समाचार

### अंडर 16 क्रिकेट ट्रायल में 50 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, सफल खिलाड़ी जाएंगे जमुई



**आदिवासी एक्सप्रेस /बौसी (बांका)**
शहर के सुप्रसिद्ध सीएनडी खेल मैदान में रविवार को बांका जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव देवाशीष पांडे उर्फ निप्पु पांडे के देख रेख में अंडर 16 क्रिकेट प्लेयर्स का ट्रायल प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के दूर-दूर से आए विभिन्न प्रतिभाओं के कुल 50 खिलाड़ी ने अपने प्रतिभा का परिचय दिया। चयन कर्ता समिति के लोगों ने बताया कि अंडर 16 ट्रायल्स शिविर मे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा चुने गए खिलाड़ी आगामी 11 मई को जमुई में जमुई के खिलाफ मैच खेलने के लिए प्रस्थान करेंगे। चयन प्रक्रिया निष्पक्ष तरीके से कराया गया है,। प्रतिभाओं को विशेष रूप से इस ट्रायल में परखा गया है। इस ट्रायल सिविर को सफल बनाने में वरिष्ठ क्रिकेटर प्रमोद राय, अमित कुमार उर्फ गोपी सिंह, पुनीत सिंह, अजय साह, मोंटी सिंह, रंजन सिंघानिया, अमन सिंहा, विराज कुमार, विक्की अग्रवाल,राजा दुबे सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने भी इस क्रिकेट ट्रायल की काफी सराहना की। ट्रायल को देखने के लिए सुबह से ही मैदान में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ पहुंची थी।

### निर्वाचन आयोग चुनावी सेवाओं को सुगम बनाने के लिए लाएगा एकल-बिंदु ऐप

**हैदराबाद/नई दिल्ली, एजेंसी।** एक बड़ी पहल के तहत चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाताओं और चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज जैसे अन्य हितधारकों के लिए एक नया उपयोगकर्ता-अनुकूल डिजिटल इंटरफेस विकसित कर रहा है।
आयोग की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि नया वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म, ईसीआईएनईटी, ईसीआई के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लिकेशन को एकीकृत और पुनर्निर्देशित करेगा। ईसीआईएनईटी में एक सुंदर यूजर इंटरफेस (यूआई) और एक सरलीकृत यूजर एक्सपीरियंस (यूएक्स) होगा, जो चुनाव से संबंधित सभी गतिविधियों के लिए एक ही प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। यह कदम उपयोगकर्ताओं के लिए कई ऐप डाउनलोड करने और नेविगेट करने तथा अलग-अलग लॉगिन याद रखने के बोझ को कम करने के लिए भी बनाया गया है। इस प्लेटफॉर्म की परिकल्पना भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन के दौरान चुनाव आयुक्तों डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में की थी। ईसीआईएनईटी उपयोगकर्ताओं को अपने डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर प्रासंगिक चुनावी डेटा तक पहुंचने में सक्षम बनाएगा। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डेटा यथासंभव सटीक है। ईसीआईएनईटी पर डेटा केवल अधिकृत ईसीआई अधिकारी द्वारा दर्ज किया जाएगा। संबंधित अधिकारी द्वारा प्रविष्टि यह सुनिश्चित करेगी कि हितधारकों को उपलब्ध कराया गया डेटा यथासंभव सटीक है। किसी भी संघर्ष की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में विधिवत भरा गया प्राथमिक डेटा मान्य होगा। ईसीआईएनईटी वोटर हेल्पलाइन ऐप, वोटर टर्नआउट ऐप, सीविजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवाईसी ऐप जैसे मौजूदा ऐप को शामिल करेगा।
ईसीएनईटी से लगभग 100 करोड़ मतदाताओं और पूरे चुनावी तंत्र को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे 10.5 लाख से अधिक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त लगभग 15 लाख बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), लगभग 45 लाख मतदान अधिकारी, 15,597 सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), 4,123 ईआरओ और देश भर के 767 जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) शामिल हैं। ईसीएनईटी पहले ही विकास के एक उन्नत चरण में पहुंच चुका है और सुचारू कार्यक्षमता, उपयोग में आसानी और मजबूत साइबर सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करने के लिए कठोर परीक्षण किए जा रहे हैं। इसे सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 36 सीईओ, 767 डीईओ और उनके राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 4,123 ईआरओ को शामिल करने वाले एक विस्तृत परामर्श अभ्यास और ईसीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए चुनावी ढांचे, निर्देशों और पुस्तिकाओं के 9,000 पृष्ठों वाले 76 प्रकाशनों की समीक्षा के बाद विकसित किया जा रहा है। ईसीआईएनईटी के माध्यम से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, निर्वाचन पंजीकरण नियम, 1960, निर्वाचन संचालन नियम, 1961 और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निर्देशों द्वारा स्थापित कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से संरेखित किया जाएगा।

### पहलगाम हमला: माकपा ने जवाबदेही तय करने की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने रविवार को कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमला एक बड़ी सुरक्षा चूक का परिणाम था, जिसकी जांच होनी चाहिए और इसके लिए जवाबदेही तय की जानी चाहिए। पार्टी ने यह भी कहा कि हमले का इस्तेमाल ध्रुवीकरण पैदा करने के लिए किया जा रहा है। माकपा ने आतंकी हमले के दोषियों की पहचान करने और उन्हें दंडित करने को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। पोलित ब्यूरो की बैठक के एक दिन बाद जारी बयान में माकपा ने कहा कि सरकार को पहलगाम हमले पर एक 'डोजियर' (दस्तावेज) तैयार करना चाहिए, जिसे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने रखा जाना चाहिए। माकपा पोलित ब्यूरो ने 22 अप्रैल के हमले में 26 लोगों के मारे जाने को लेकर एक मिनट का मौन रखा और घटना पर दुख व्यक्त किया। वामपंथी पार्टी ने कहा कि दोषियों को पकड़ने और उन्हें दंडित करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। माकपा ने कहा, ''आतंकवादी हमला एक बड़ी सुरक्षा चूक का परिणाम था। इसकी जांच होनी चाहिए और जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए ताकि सुधारात्मक उपाय किए जा सकें।'' पोलित ब्यूरो ने सोशल मीडिया पर मुसलमानों और कश्मीरियों के खिलाफ नफरत भरे अभियान एवं हमलों की घटनाओं की भी निंदा की। पड़ोसी देश में सक्रिय आतंकवादी संगठनों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ सरकार के कूटनीतिक कदमों का उल्लेख करते हुए माकपा ने कहा कि प्राथमिकता अपराधियों और उनके आकाओं की पहचान करने तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए एक 'डोजियर' तैयार करने की होनी चाहिए। माकपा ने कहा, ''इस मामले को उचित हस्तक्षेप के लिए वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) के समक्ष उठाया जाना चाहिए। सरकार को गंभीरता से इस बात पर विचार करना चाहिए कि क्या सैन्य कार्रवाई सीमा पार आतंकवाद पर अंकुश लगाने के उद्देश्य को पूरा करेगी।'' पार्टी ने कश्मीर के लोगों पर हमले की भी निंदा और आतंकी घटना के बाद उनके प्रदर्शन को ''सबसे महत्वपूर्ण घटना'' बताया। माकपा ने कहा, ''घाटी में बंद का आयोजन किया गया। जम्मू कश्मीर में आतंकवादी तत्वों को अलग-थलग करने के लिए इसी लोकप्रिय भावना का निर्माण किया जाना चाहिए। आतंकवादियों के मकानों को ध्वस्त करने जैसे कोई कदम नहीं उठाए जाने चाहिए, क्योंकि इससे निर्दोष परिवार प्रभावित होते हैं और लोग अलग-थलग पड़ जाते हैं।'' पार्टी ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा वक्फ (संशोधन) अधिनियम लागू किए जाने के बाद अल्पसंख्यकों पर हमले हुए और उनकी संपत्तियों को निशाना बनाया गया।

# कोयला राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे ने CCL और CMPDI की संयुक्त समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की



**संवाददाता द्वारा**
**रांची।** भारत सरकार के कोयला एवं खान राज्य मंत्री, श्री सतीश चंद्र दुबे ने आज सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (CMPDI) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस उच्चस्तरीय बैठक में जिसमें दोनों कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान माननीय मंत्री श्री दुबे ने गत वित्तीय वर्ष के प्रदर्शन की गहन समीक्षा की। उन्होंने कंपनी की उपलब्धियों, उत्पादन के आँकड़ों, सुरक्षा मानकों, और गतिविधियों का विश्लेषण किया। इसके साथ ही उन्होंने वर्तमान वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना और भविष्य की रणनीतिक पहलों का भी निरीक्षण किया।
माननीय मंत्री ने CCL के समर्पण और उपलब्धियों की सराहना की और उन्हें ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि CCL और CMPDI जैसे सार्वजनिक उपक्रमों की भूमिका भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में सशक्त बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।
बैठक में CCL के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (CMD) श्री निलेंदु कुमार सिंह और CMPDI के CMD श्री मनोज कुमार के साथ-साथ CCL के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) श्री हर्षनाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी - संचालन) श्री चंद्र शेखर तिवारी, तथा निदेशक (परियोजना एवं योजना) श्री शंकर नागाचारी एव CMPDI के निदेशक तकनीकी (पीएंडडी/ आरडीएंडटी) श्री अजय कुमार भी उपस्थित थे। CMPDI और CCL के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस बैठक में भाग लिया।
बैठक के दौरान माननीय मंत्री श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूर्ण करें, तकनीकी नवाचारों को अपनाएं, और स्थायी एवं पर्यावरणीय दृष्टिकोण को प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि गुणवत्ता, सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ-साथ राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा एव प्रगति को सुनिश्चित करना है।
अंत में, मंत्री ने CCL और CMPDI की पूरी टीम को उनकी मेहनत, प्रतिबद्धता और देश के ऊर्जा क्षेत्र में योगदान के लिए प्रशंसा की एव भविष्य में और बेहतर परिणामों की अपेक्षा जताई।

## पाकिस्तान से तनाव के बीच प्रधानमंत्री मोदी और वायुसेना प्रमुख के बीच हुई महत्वपूर्ण मुलाकात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। वायुसेना प्रमुख एपी सिंह रविवार दोपहर को प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। यहां उन्होंने करीब 40 मिनट तक प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन्हें महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी। मौजूदा समय में यह मुलाकातें काफी अहम हैं। खास तौर पर यह तब और भी अहम हो जाती है जब पाकिस्तान बीते 10 दिनों से नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है।
22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद से सुरक्षा बलों ने आतंकियों पर शिकंजा कसा हुआ है। इस आतंकवादी हमले में आतंकियों ने 26 निर्दोष पर्यटकों की हत्या कर दी थी। आतंकवादी हमले के बाद पूरी स्थिति की समीक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुखों, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के साथ महत्वपूर्ण बैठक की थी। इस दौरान सरकार ने सेना को स्थिति से निपटने के लिए खुली छूट देने का निर्णय लिया था। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद सेना ने इलाके की घेराबंदी कर आतंकियों पर शिकंजा कस दिया है। इससे तिलमिलाया पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है। पाकिस्तान बीते दस दिनों से नियंत्रण रेखा के पार से गोलीबारी कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री और वायु सेना प्रमुख के बीच हुई मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।
सेना के मुताबिक, पाकिस्तानी सैन्य चौकियों से 3-4 मई की रात के दौरान भी फायरिंग की गई। इस गोलीबारी का भारतीय सेना ने तुरंत जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के आसपास के इलाकों में नियंत्रण रेखा के पार से बिना किसी उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की है। भारतीय सेना ने तुरंत और सटीक रूप से इसका जवाब दिया। पाकिस्तान जहां एक ओर लगातार नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी कर रहा है, वहीं दूसरी ओर वह भारतीय सेना से जुड़े संस्थानों पर साइबर अटैक भी कर रहा है। पाकिस्तान अभी तक भारतीय सेना से जुड़े शिक्षण संस्थानों, मेडिकल संस्थानों एवं वेलफेयर से जुड़ी वेबसाइट पर साइबर अटैक कर चुका है। हालांकि, पहले से सतर्क साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने पाकिस्तान के इरादों को विफल कर दिया।

## पहलगाम हमला करने वाले आतंकी 'जाहिल' लेकिन घटना को लेकर मुस्लिमों को निशाना बनाना गलत: अरशद मदनी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में सैलानियों को मजहब पूछकर मारने वाले आतंकवादियों को 'जाहिल' बताते हुए रविवार को कहा कि इस्लाम किसी भी बेगुनाह के कत्ल की इजाजत नहीं देता है और इस हमले की आड़ में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाना भी गलत है।
मौलाना मदनी ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद कश्मीर में जिन लोगों के घर ढहाए गए हैं और सरकार को अगर 100 फीसदी यकीन' है कि वे इसमें शामिल थे, तो यह कार्रवाई बिल्कुल ठीक है। पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे किसी आतंकी हमले को रोकने के लिए सरकार को इसके स्रोत को बंद करना होगा।
जमीयत (एएम) की दो दिवसीय कार्य समिति की बैठक के बाद यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पहलगाम में हमला करने वाले आतंकवादी इस्लाम के बारे में कुछ नहीं जानते और वे 'जाहिल हैं क्योंकि इस्लाम बेगुनाह के कत्ल की इजाजत नहीं देता।
मदनी ने सुरक्षा चूक के सवाल पर कहा कि सरकार इसकी जांच कराए कि सीमा के भीतर इतना बड़ा हमला कैसे हो गया। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि सरकार को आतंकवाद के उस स्रोत को रोकना चाहिए जहां से यह हो रहा है।
पहलगाम हमले के बाद देश के अलग- अलग हिस्सों में मुस्लिमों और कश्मीरी लोगों को निशाना बनाने की घटनाओं पर उन्होंने आरोप लगाया, यह सरकार की नीति है नफरत की, इसलिए वो ये कर रहे हैं। वरना ये नहीं होना चाहिए। अपने मुल्क में शांति कायम रखना चाहिए। जो लोग ऐसा कर रह रहे हैं वो लोग मुजरिम हैं। पहलगाम हमले के संदर्भ में उन्होंने कहा कि दोषियों को दी जाने वाली किसी भी सजा का वह समर्थन करेंगे लेकिन निर्दोष लोगों को निशाना बनाना सही नहीं है।
हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता संबंधी एक सवाल के जवाब में मदनी ने कहा कि किसी पर जुल्म के लिए अपनी जमीन, हथियारों और लोगों का इस्तेमाल किए जाने की वह निंदा करते हैं- फिर चाहे पाकिस्तान हो, अमेरिका, चीन या हिंदुस्तान ही क्यों न हो। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को 26 लोगों की हत्या कर दी थी जिनमें ज्यादातर सैलानी थे।
अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को उन्होंने सही ठहराया लेकिन साथ ही कहा कि इसकी आड़ में बांग्ला भाषी पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा के लोगों को परेशान नहीं किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के साथ युद्ध के सवाल पर उन्होंने कहा कि जंग अच्छी चीज़ नहीं होती है और इसके आर्थिक दुष्प्रभाव भी होंगे।
वक्फ संशोधन कानून के संबंध में उन्होंने फिर दोहराया कि यह संपत्तियों को हड़पने के लिए लाया गया है। इससे वक्फ संपत्तियों का बचाव नहीं होगा, बल्कि उन्हें छीना जाएगा।

## भारत और अमेरिका में सुबह-सुबह आया भूकंप, नुकसान की खबर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी। अमेरिका और भारत के कई हिस्सों में रविवार सुबह भूकंप के झटके लगे। हालांकि अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, बार-बार आ रहे भूकंपों ने लोगों में डर का माहौल है। अमेरिका में सबसे पहले रविवार सुबह 7.17 मिनट पर तेज भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.4 मापी गई। यह भूकंप न्यू मैक्सिको के कार्लसबाद शहर से करीब 89 किलोमीटर दूर व्हाइट सिटी में केंद्रित था। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 7.5 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जान-माल की हानि की खबर नहीं है।
बता दें अभी कुछ दिन पहले ही म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंपों और इंडोनेशिया, अर्जेंटीना व चिली में 6 से 7 तीव्रता के झटकों के बाद भूकंप ने लोगों में दहशत पैदा कर दिया थी। अमेरिका में भूकंप आने के बाद लोग डर से अपने घरों से बाहर निकल आए और कई घंटों तक सड़कों पर ही घूमते रहे। एक सर्वे ने इस भूकंप की पुष्टि की है। भारत में भी रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। राजस्थान के झुंझुनूं में सुबह करीब 9.30 मिनट पर लोगों ने हल्के भूकंप के झटके महसूस किए। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 3.1 दर्ज की गई। झटके हल्के लगने के बावजूद लोगों ने उन्हें महसूस किया और अपने घरों से बाहर आ गए। यहां भी किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। इस भूकंप का केंद्र जमीन के नीचे 10 किलोमीटर की गहराई पर था। राजस्थान से पहले मेघालय में भी रविवार सुबह करीब 7.56 मिनट पर भूकंप के झटके लगे। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.6 थी। भूकंप का केंद्र गारो हिल्स के उत्तर में 10 किलोमीटर की गहराई में था। यहां भी किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है।

### जापान के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने असम के आईआईटी गुवाहाटी का दौरा किया

**● शिक्षा, आर्थिक, राजनीतिक और बुनियादी ढांचे और निर्माण क्षेत्रों में सहयोग से काम करने में किया रुचि व्यक्त**

**पंकज नाथ, आदिवासी एक्सप्रेस, असम**
तीन दिन की यात्रा पर कल असम पहुंचे जापान की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो और उनके साथ आए उच्चस्तरीय शिष्टमंडल ने आज दूसरे दिन गुवाहाटी आईआईटी का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल के आईआईटी पहुंचते ही असम सरकार की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री नंदिता गार्लोसा, शैक्षणिक संस्थान के निदेशक प्रो देवेंद्र जलीहाल, असम के शिक्षा विभाग के सचिव नारायण कोंवर, कामरूप जिले के आयुक्त देव कुमार मिश्रा सहित अन्य लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद जापान के प्रतिनिधियों के समक्ष जापान के साथ संयुक्त प्रयास में आईआईटी गुवाहाटी द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों के साथ-साथ आने वाले दिनों में सहयोग में जो कार्रवाई करना चाहता है, उसका विवरण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जापान की प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष नुकागा फुकुशिरो ने कहा कि लोकतंत्र जैसे समान मूल्यों पर स्थापित दोनों देश विकास के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सूचना प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में मानव संसाधन से समृद्ध है। दूसरी ओर, जापान को ऐसे मानव संसाधनों की आवश्यकता है। इसलिए जापान भारत के ऐसे मानव संसाधनों को प्रोत्साहित करने का इच्छुक है जो जापान में स्थापित होना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि, बुनियादी ढांचे, निर्माण आदि के अलावा दोनों लोकतांत्रिक देश शिक्षा, अर्थव्यवस्था और राजनीति के क्षेत्र में मिलकर काम कर सकते हैं। औपचारिक स्वागत अवधि के बाद, प्रतिनिधिमंडल को संस्थान के नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर और रिसर्च पार्क का दौरा करने के लिए बनाया गया था। रिसर्च पार्क की उनकी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधियों को उद्यमिता और स्टार्टअप के क्षेत्र में आईआईटी गुवाहाटी द्वारा किए गए उपायों के बारे में पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी गई। दूसरी ओर, आईआईटी गुवाहाटी में बनाए जा रहे अत्याधुनिक स्वास्थ्य विज्ञान संस्थान असम एडवांस्ड हेल्थ केयर इनोवेशन इंस्टीट्यूट के बारे में भी मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. सजल सेन ने उन्हें जानकारी दी। 5,460 मिलियन लागत वाली फर्म का निर्माण इस साल 2 अप्रैल से शुरू हुआ था यद्यपि यहां चार विषयों पर शोध कार्य शुरू किया जा चुका है। इसका निर्माण 30 महीने के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटीयन्स द्वारा प्रदर्शित स्टार्टअप्स के उत्पादों को देखकर संतोष व्यक्त किया। संस्थान का दौरा करने के बाद, प्रतिनिधिमंडल ने आईआईटी गेस्टहाउस में असमिया व्यंजनों के साथ दोपहर का भोजन किया। प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा संस्थान का दौरा करने के बाद प्रसन्नता व्यक्त की। इससे पहले आज सुबह कामरूप जिले के अमीनगांव में आसियान-वन टेक्निकल सेंटर पहुंचे प्रतिनिधिमंडल का औपचारिक स्वागत राज्य के पर्यटन, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री रंजीत कुमार दास और खेल और युवा कल्याण मंत्री नंदिता गारलोसा ने किया। मंत्री रंजीत दास ने अपने भाषण में जापानी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और असम के विशाल प्राकृतिक संसाधनों और इन संसाधनों के उचित उपयोग से विकास की क्षमता पर प्रकाश डाला।

### जाति जनगणना की समय सीमा को लेकर भाजपा पर दबाव बनायें पार्टी नेता : कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने अपने प्रदेश अध्यक्षों, विधानदल के नेताओं तथा जिला अध्यक्षों को परिपत्र जारी करके रविवार को कहा कि संविधान बचाओ रैलियों के दौरान जाति जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाकर मोदी सरकार पर इसके क्रियान्वयन में समय सीमा तय करने का दबाव बनाएं। कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने आज सभी प्रदेश इकाइयों जिला इकाइयों को जारी सर्कुलर में कहा कि जाति जनगणना का मुद्दा महत्वपूर्ण है और सभी प्रदेश और जिला इकाइयों को इस काम को निर्धारित समय के भीतर क्रियान्वयन के लिए अभियान चलाना है। पार्टी का मानना है कि दबाव के चलते ही मोदी सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है। यह काम समय पर हो इसके लिए सरकार को बाध्य करना है, इसलिए सभी प्रदेश तथा जिला इकाइयों को व्यापक स्तर पर अभियान चलाना है। सर्कुलर में राज्यों और जिलों में प्रस्तावित संविधान बचाओ रैलियों में इस मुद्दे को उठाने का निर्देश देते हुए कहा गया है कि रैलिया के दौरान अनुच्छेद 15(5) पर खास जोर देना है ताकि निजी शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़े वर्ग कि उम्मीदवारों के प्रवेश के लिए आरक्षण के प्रावधान को लागू किया जा सके।

## कांग्रेस ने कई गलतियां कीं तब मैं नहीं था, जिम्मेदारी स्वीकारता हूं: राहुल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी ने अतीत में बहुत सी 'गलतियां' उस वक्त कीं जब वह पार्टी में नहीं थे, लेकिन पार्टी ने अपने इतिहास में जो कुछ भी गलत किया है, उसकी जिम्मेदारी वह सहर्ष स्वीकारते हैं। उनका यह भी कहना है कि अतीत में उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 1980 के दशक में जो हुआ वह 'गलत' था।
राहुल गांधी ने यह टिप्पणी बीते 21 अप्रैल को अमेरिका में ब्राउन विश्वविद्यालय के 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' में एक संवाद सत्र के दौरान की थी। बातचीत का वीडियो शनिवार को 'वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स' के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था।
संवाद सत्र के दौरान एक सिख छात्र ने सवाल किया कि वह सिख समुदाय के साथ तालमेल बैठाने के लिए क्या प्रयास कर रहे हैं और उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया।
छात्र ने अमेरिका की पिछली यात्रा के दौरान राहुल गांधी की उस टिप्पणी का भी उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि वह जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वह इस बात को लेकर है कि भारत में सिखों को पगड़ी पहनने की इजाजत होगी या नहीं। अपने जवाब में राहुल गांधी ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कोई भी चीज़ सिखों को डराती है। मैंने जो बयान दिया था वह यह था कि क्या हम ऐसा भारत चाहते हैं जहां लोग अपने धर्म को व्यक्त करने में असहज हों? जहां तक कांग्रेस पार्टी की गलतियों का सवाल है, उनमें से कई गलतियां तब हुईं जब मैं वहां (पार्टी में) नहीं था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने अपने इतिहास में जो कुछ भी गलत किया है, उसकी जिम्मेदारी सहर्ष स्वीकारता हूं।'
उनका कहना था, 'मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 80 के दशक में जो हुआ वह गलत था, मैं कई बार स्वर्ण मंदिर गया हूं, भारत में सिख समुदाय के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं और उनके साथ प्रेमपूर्ण संबंध हैं।'
बातचीत के वीडियो के इस हिस्से को टैग करते हुए, भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने शनिवार को कहा, 'एक युवक राहुल गांधी से उनके सामने यह कहता है, उन्हें उस निराधार भय फैलाने की याद दिलाता है जो उन्होंने अपनी पिछली अमेरिका यात्रा के दौरान किया था।' मालवीय ने कहा, 'यह काफी अभूतपूर्व है कि राहुल गांधी का अब न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में उपहास किया जा रहा है।' भाजपा ने उसी बातचीत में भगवान राम को 'एक पौराणिक व्यक्ति' कहने के लिए भी गांधी पर हमला किया।

## पूर्वोत्तर को मिला खेलों का नया तोहफा, अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में बना 'खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल'

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर भारत के खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने अरुणाचल प्रदेश के कामले जिले में 'खेलो इंडिया मल्टीपरपज हॉल' का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्य के मंत्री केंटो जिनी और न्यातो डुकम के साथ-साथ विधायक रोटोम तेबिन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस विजन को दर्शाती है कि देश के हर कोने की प्रतिभा को पहचान मिलनी चाहिए। अरुणाचल प्रदेश के युवाओं में असीम संभावनाएं हैं और इस प्रकार की सुविधाओं से वे खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों से बातचीत भी की और उन्हें इस सुविधा का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं से फिटनेस, खेल और अनुशासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। इस कार्यक्रम में भारतीय खेल प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी, राज्य सरकार के प्रतिनिधि और कई स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। यह आधुनिक मल्टीपरपज हॉल केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह वित्तपोषित है और इसकी लागत 8 करोड़ रुपये है।

## सुदीरमन कप 2025 : डिफेंडिंग चैंपियन चीन ने जापान को 3-0 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

**बीजिंग।** सुदीरमन कप 2025 में डिफेंडिंग चैंपियन चीन ने जापान को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस शानदार जीत के साथ चीन अब रिकॉर्ड 14वें खिताब के बेहद करीब पहुंच गया है। घरेलू दर्शकों के सामने खेले गए इस मुकाबले में चीन ने हर मुकाबले में अपना दबदबा दिखाया।चीन के वर्ल्ड नंबर 2 मिक्स्ड डबल्स जोड़ी फेंग यांझे और हुआंग डोंगपिंग ने मुकाबले की दमदार शुरुआत करते हुए जापान के हिरोकी मिडोरिकावा और अरिसा इगाराशी को 21-11, 21-17 से हराया। इसके बाद टॉप सीड शी यूकी ने पुरुष सिंगल्स में जापान के कोदाई नाराओका को 21-8, 21-16 से आसानी से हराकर चीन को 2-0 की बढ़त दिला दी। महिला सिंगल्स में मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जहां जापान की अकाने यामागुची ने पहले गेम में जीत दर्ज कर वापसी की उम्मीद जगाई। हालांकि चीन की चेन युफेई ने जबरदस्त वापसी करते हुए 17-21, 21-9, 21-16 से जीत हासिल की और चीन को क्लीन स्वीप दिला दिया। 13 बार की विजेता चीन अब फाइनल में साउथ कोरिया और 1989 की चैंपियन इंडोनेशिया में से किसी एक से भिड़ेगी। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला शाम खेला जाना है।

## वो कागज पैन लेकर मीटिंग में आता है... दिनेश कार्तिक ने की यश दयाल की तारीफ

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की चिन्नास्वामी में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ महज 2 रन की जीत को यश दयाल ने साकार कर दिखाया। आखिरी ओवर में जब चेन्नई को महज 13 रन चाहिए थे तो यश ने एक छक्का खाने के बावजूद ओवर में 10 रन ही दिए। अपनी शानदार गेंदबाजी के लिए यश दयाल ने प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड भी जीता। वहीं, आरसीबी के मेंटॉर और बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक भी उनकी तारीफ करते नजर आए। उन्होंने दयाल के काम करने के तरीके पर बात की। उन्होंने कहा कि यहां शव्द का सही चयन है - काम करने की नैतिकता उसे पता है। वह भारत के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है, युवा क्रिकेटरों में एक बात जो आप देखते हैं वह यह है कि वे पर्दे के पीछे कितनी मेहनत करते हैं, यश एक ऐसा व्यक्ति है जो बहुत मेहनती है, एक कागज लेकर मीटिंग में आता है और वह सब कुछ लिखता है जो वह करना चाहता है। कई बार वह इसमें सफल नहीं होता लेकिन वह प्रयास करता है। कार्तिक ने कहा कि उसके पास हमेशा एक योजना होती है, उसके पास एक विशेष कौशल है और यही एक कारण है कि हमने उसे बनाए रखा।

## शमी की फॉर्म भारत के लिए चिंता का विषय

**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ अगले महीने शुरु होने वाले हाई-प्रोफाइल दौरे से पहले अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फॉर्म भारतीय टीम के लिये चिंता का विषय बनी हुई है। घुटने की चोट के कारण 2023 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बाद एक साल से अधिक समय तक खेल से बाहर रहने वाले शमी ने आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के अजेय खिताबी अभियान में शमी ने नौ विकेट चटका कर अहम भूमिका अदा की थी। पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का मानना है कि मौजूदा आईपीएल सीजन में 34 वर्षीय शमी का हालिया फॉर्म भारत को इंग्लैंड दौरे के लिए चिंता का विषय बना देगा। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, वह अपनी प्रतिभा के अनुसार प्रदर्शन करने के लिये संघर्ष करते दिख रहे हैं। सही कहूं तो दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के बाद से कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाया है। यह एक बड़ा सवाल है। वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आये हैं। उन्होंने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया था और अब मई आ चुका है।

# आईपीएल 2025 : रोमांचक मुकाबले में आरसीबी ने सीएसके को 2 रन से हराया

एजेंसी

**सिंगापुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 52वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) पर 2 रन की रोमांचक जीत हासिल की। आरसीबी की टीम 16 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर पहुंच गई है। यह बेंगलुरु की लगातार चौथी जीत है। जबकि प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी चेन्नई ने लगातार चौथा मैच गंवाया। बेंगलुरु ने उसे इस सीजन के दोनों मैच में हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने 213 रन का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के लिए विराट कोहली और जैकब बैथल ने शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 9.5 ओवर में 97 रन का साझेदारी की। यह जोड़ी बैथल (53 रन) के आउट होने से टूटी। इसके



बाद देवदत्त पडिक्कल (17 रन), कप्तान रजत पाटीदार (11 रन) और जीतेश शर्मा (7 रन) के विकेट जल्दी गिरे। लेकिन दूसरे छोर पर कोहली खेलते रहे और इस आईपीएल सीजन का सातवां अर्धशतक लगाया। हालांकि वो अपनी पारी को ज्यादा दूर नहीं ले जा सके और 62 रन के निजी योग पर आउट हुए। आखिर में रोमारियो शेफर्ड की 14 गेंदों में नाबाद 53 रन की धमाकेदार पारी ने टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। टिम डेविड 2 रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई की ओर से मथीशा पथिराना ने तीन विकेट चटकाए, जबकि नूर अहमद और सैम करन को एक-एक सफलता मिली। वहीं, 214 रन का पीछा करने उतरी चेन्नई की टीम भी रफ्तार की गाड़ी पर सवार रही। टीम को ओपनर आयुष म्हात्रे और शेख राशिद ने तेजी से रन बनाते हुए 4.3 ओवर में टीम का स्कोर 51 तक पहुंचा दिया। हालांकि इसी स्कोर पर टीम को पहला झटका राशिद (14 रन) के तौर पर लगा। इसके बाद सैम करन भी मात्र 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। फिर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रविंद्र जडेजा ने म्हात्रे का जोरदार साथ दिया। दोनों के बीच 64 गेंदों में 114 रन की साझेदारी हुई। इस बीच म्हात्रे 94 रन बनाकर आउट हो गए। आखिर में डेवाल्ड ब्रेविस (शून्य रन), महेंद्र सिंह धोनी (12 रन) भी ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिके। आखिर में तीन गेंदों पर 13 रन की जरूरत थी तो शिवम दुबे बैटिंग करने आए और पहली गेंद पर 6 रन मारा, जो नो बॉल भी हुई। लेकिन अगली दो गेंदों पर कोई बाउंड्री नहीं आई और चेन्नई लक्ष्य से दो रन दूर रह गई। आरसीबी के लिए लुंगी नगिडी ने तीन बल्लेबाजो को आउट किया। जबकि कुणाल पांड्या और यश दयाल को एक-एक सफलता मिली।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में संत जेवियर्स की धमाकेदार जीत

एजेंसी

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला में जारी झानचंद जैन अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबले में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल ने संत विवेका इंग्लिश स्कूल को 103 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत में बल्लेबाज़ कृपा सिंधु चंदन का अहम योगदान रहा, जो मात्र एक रन से शतक चूक गए। जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम ने 20 ओवरों में 203 रन बनाए और केवल चार विकेट गंवाए। बल्लेबाज़ कृपा सिंधु चंदन ने विस्फोटक अंदाज़ में नाबाद 99 रन बनाए, जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल थे। उन्होंने पूरे मैदान पर शॉट्स की झड़ी लगा दी और दर्शकों को रोमांचित कर दिया। टीम के अन्य बल्लेबाज़ों ने भी संयमित और आक्रामक बल्लेबाज़ी करते हुए कृपा सिंधु को पूरा सहयोग दिया, जिससे टीम एक मजबूत स्कोर खड़ा कर सकी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत विवेका इंग्लिश स्कूल की टीम शुरुआत से ही दबाव में दिखी। विपक्षी गेंदबाज़ों की धारदार गेंदबाज़ी और अनुशासित फील्डिंग के सामने उनकी एक न चली और पूरी टीम 16.2 ओवर में महज़ 100 रन पर सिमट गई। सबसे बड़ी विफलता यह रही कि उनकी छह बल्लेबाज़ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गई। संत जेवियर्स की जीत में गेंदबाज़ों और क्षेत्ररक्षकों की भी अहम भूमिका रही। तेज और सटीक गेंदबाज़ी के साथ-साथ मैदान पर चुस्ती-फुर्ती ने विरोधी टीम को कोई मौका नहीं दिया। मैच के बाद कृपा सिंधु चंदन को उनकी विस्फोटक बल्लेबाज़ी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## ब्रैड हैडिन ने की पंजाब किंग्स के युवा खिलाड़ियों की सराहना, बोले- 'टीम को मिला असली गहराई का फायदा'

एजेंसी

**धर्मशाला।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 अब निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है और पंजाब किंग्स अपनी दूसरी घरेलू लीग की शुरुआत 04 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। मैच से पहले सहायक कोच ब्रैड हैडिन ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया और टीम के हालिया प्रदर्शन पर संतोष जताया।

ब्रैड हैडिन ने विशेष रूप से युवा खिलाड़ियों के योगदान को सराहा और बताया कि उनकी उपस्थिति से टीम को गहराई मिली है। उन्होंने कहा, हमारे युवा खिलाड़ी अब सामने आकर प्रदर्शन कर रहे हैं, और यही इस सीज़न की सबसे सकारात्मक बात रही है। सीनियर खिलाड़ी तो हमेशा दबाव के पलों में उभरकर आते हैं, लेकिन युवा खिलाड़ियों की भागीदारी ने हमारी टीम को मजबूत आधार दिया है।पंजाब किंग्स इस समय अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और टीम लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हैडिन ने कहा, "इस दौर में उत्साह सबसे जरूरी है। टूर्नामेंट के इस चरण में आप चाहते हैं कि आपकी टीम सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेले और हमने हर मैच के साथ सुधार दिखाया है।उन्होंने पिछले मैच करते हुए हैडिन ने कहा, बोलर्स ने नई इम्पैक्ट प्लेयर नियम के अनुसार रणनीति बनाई है और इसे मैदान पर सही तरह से लागू किया है। इस कारण हम विपक्षी टीमों को सीमित



में टीम की बल्लेबाजी की तारीफ करते हुए कहा, हमने पिछली बार बल्ले से बहुत ही सटीक प्रदर्शन किया। हमारा लक्ष्य है कि हम धीरे-धीरे और सुधार करते जाएं ताकि अंतिम दौर में हम पूरी ताकत से उतर सकें। गेंदबाजी इकाई की प्रशंसा करने में सफल रहे हैं। स्थानीय दर्शकों के समर्थन पर उन्होंने कहा, धर्मशाला में हमें बहुत प्यार मिल रहा है जो चंडीगढ़ और मुल्लांपुर में मिला था। यहां के लोग क्रिकेट के लिए बहुत जुनूनी हैं और खिलाड़ियों को यह ऊर्जा मैदान पर मिल रही है।

## दिल्ली में एशिया की टेनिस प्रतिभाओं का जलवा, सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई आईटीएफ अंडर-14 चैंपियनशिप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) के तत्वावधान में आयोजित 2025 आईटीएफ एशिया अंडर-14 डेवलपमेंट चैंपियनशिप फाइनल्स का भव्य समापन 03 मई को हुआ। यह प्रतिष्ठित दो सप्ताह की चैंपियनशिप 22 अप्रैल से आरंभ होकर 03 मई 2025 तक आयोजित की गई, जिसमें एशिया के 16 देशों और दो ग्रैंड स्लैम टेनिस टूरिंग टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। चीन, चीनी ताइपे, हांगकांग, भारत, इंडोनेशिया, ईरान, कजाकिस्तान, कोरिया, मलेशिया, मालदीव, म्यांमार, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान, वियतनाम जैसे देशों से 14 वर्ष से कम आयु के बालक-बालिकाएं और उनके कोच इस चैंपियनशिप में शामिल हुए। के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। चार बालक और चार बालिकाओं को इन दोनों प्रतिष्ठित अवसर मिला, चाहे वह जीते या हारे। इस प्रारूप से अंततः सभी खिलाड़ियों की मेधा के अनुसार




प्रत्येक सप्ताह को एशियाई अंडर-14 रैंकिंग पॉइंट्स के लिए श्रेणी 'ए' टूर्नामेंट के रूप में मान्यता दी गई। इस वर्ष की चैंपियनशिप का विशेष महत्व रहा क्योंकि इसके प्रदर्शन के आधार पर विंबलडन 14 अंडर चैंपियनशिप और यूरोप टूर टीम टीमों के लिए चुना गया। टूर्नामेंट में 32-32 खिलाड़ियों की लड़कों और लड़कियों की एकल एवं युगल स्पर्धाएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में कंपास ड्रॉ फॉर्मेट अपनाया गया जिससे प्रत्येक खिलाड़ी को हर दिन मैच खेलने का रैंकिंग निर्धारित की गई। सिंगल्स मैच तीन सेट के टाई ब्रेक प्रारूप में खेले गए, जबकि युगल और प्लेसमेंट मैच दो सेट और 10-पॉइंट मैच टाई ब्रेक के नियमों के अंतर्गत आयोजित हुए। युगल मुकाबलों में नो एडवांटेज और नो लेट सर्विस नियम लागू रहे।

## भारत में हाईरॉक्स की जोरदार शुरुआत, ओलंपिक तैराक श्रीहरि नटराज बोले- फिटनेस का नया जुनून बनेगा

एजेंसी

**मुंबई।** मुंबई ने भारत में पहली बार आयोजित हुए हाईरॉक्स रेस के जरिए केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिटनेस की नई लहर की शुरुआत की है। गोरेगांव स्थित नेस्को सेंटर आज 1650 एथलीटों की ऊर्जा और जोश से गूंज उठा। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिटनेस प्रतियोगिता अब भारत में भी अपनी पकड़ मजबूत करती दिख रही है। हाईरॉक्स फॉर्मेट की खासियत इसमें है कि इसमें आठ 01 किलोमीटर की दौड़ और आठ फंक्शनल फिटनेस चैलेंज को बारी-बारी से पूरा करना होता है। स्कीइंग पुल से लेकर वॉल बॉल शॉट तक, प्रतिभागियों ने अपनी सीमाओं को तोड़ते हुए जबरदस्त



प्रदर्शन किया। ओलंपिक तैराक और प्यूमा एथलीट श्रीहरि नटराज ने कहा, हाईरॉक्स फिटनेस का एक नया और मजेदार प्रारूप है, जो लोगों में फिटनेस को लेकर एक नया जुनून पैदा करेगा। यह दौड़, वजन उठाना और अन्य सभी गतिविधियों का समावेश करती है, इसलिए यह तेजी से लोकप्रियता हासिल करेगी। 16 वर्षीय पवन सई से लेकर 78 वर्षीय वीरेंद्र सूद तक, इस प्रतियोगिता ने उम्र और फिटनेस के हर स्तर के प्रतिभागियों का स्वागत किया। 24 देशों से आए प्रतियोगियों और हजारों दर्शकों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। बेंगलुरु एफसी के गोलकीपर और प्यूमा एथलीट गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा, हाईरॉक्स जैसे आयोजन खिलाड़ियों को नई तरह की फिटनेस चुनौतियां देते हैं। इससे पारंपरिक फिटनेस तरीकों को चुनौती मिलती है और लोग अपने जीवन में बदलाव महसूस करते हैं। बेंगलुरु के एक कॉरपोरेट कर्मचारी अनुराग राजशेखर ने अपने पांच साथियों के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, हमारे ऑफिस में फिटनेस का कॉम्पिटिशन होता है, और हाईरॉक्स इसमें चार चांद लगाने जैसा रहा। यह एक ऐसा मंच है जो आम जिम जाने वालों को भी अपनी मेहनत दिखाने का मौका देता है। हाईरॉक्स मुंबई ने भारत में फिटनेस की नई शुरुआत की है और 19 जुलाई को दिल्ली में होने वाली अगली हाईरॉक्स रेस के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर दिया है। इसके लिए जल्दी ही www.hyro&.co.in पर रजिस्ट्रेशन शुरू होंगे।

## टी20 मुंबई लीग में सोबो मुंबई फाल्कन्स की एंट्री, श्रेयस अय्यर होंगे आइकन प्लेयर

एजेंसी

**मुंबई।** टी-20 मुंबई लीग के बहुप्रतीक्षित तीसरे संस्करण में सोबो मुंबई फाल्कन्स ने दमदार एंट्री कर ली है। क्रिकेट के प्रति जुनून और विजन के साथ यह फ्रेंचाइज़ी न केवल अपने पहले सीज़न में शानदार प्रदर्शन करना चाहती है, बल्कि मुंबई क्रिकेट की समृद्ध परंपरा को आगे भी बढ़ाना चाहती है। टीम की शुरुआत को और खास बनाते हुए भारतीय दिग्गज खिलाड़ी कपिल देव को फ्रेंचाइज़ी का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। वह अपने अनुभव और मार्गदर्शन से युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेंगे। सोबो मुंबई फाल्कन्स, जो दक्षिण मुंबई की सांस्कृतिक आत्मा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का प्रतिनिधित्व करती है, इस सीज़न में पहली बार मैदान में उतर रही है। 26 मई से 8 जून तक मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मुकाबलों में यह टीम नई ऊर्जा और कड़ी प्रतिस्पर्धा लेकर आएगी। टी-20 मुंबई लीग का यह तीसरा संस्करण भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार रोहित शर्मा के चेहरे के रूप में और भी खास बन गया है। वहीं, मुंबई फाल्कन्स की ओर से श्रेयस अय्यर को आइकन प्लेयर बनाया गया है, जिससे टीम को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। मुंबई फाल्कन्स के मालिक अमीत एच. गढोके ने कहा, हम मुंबई फाल्कन्स को टी20 मुंबई लीग में पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। यह फ्रेंचाइज़ी दक्षिण मुंबई की ऊर्जा, जुनून और संकल्प की प्रतीक है। हमारा लक्ष्य एक ऐसी टीम बनाना है जो न सिर्फ शीर्ष स्तर पर मुकाबला करे, बल्कि उभरती प्रतिभाओं को भी प्रेरित और प्रोत्साहित करे।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने दिखाया जज्बा, ऑस्ट्रेलिया से रोमांचक मुकाबले में 2-3 से हार

एजेंसी

**पर्थ।** पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले गए ऑस्ट्रेलिया दौरे के चौथे मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहतरीन संघर्ष किया, लेकिन अंत में उन्हें 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से नवनीत कौर (35') और लालरेम्सियामी (59') ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्रेस स्टुअर्ट (2'), जेड स्मिथ (36') और ग्रेटा हेज (42') ने गोल दागे। मैच की शुरुआत से ही ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रुख अपनाया और महज दूसरे मिनट में ग्रेस स्टुअर्ट ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम ने बराबरी के कई प्रयास किए, लेकिन पहले क्वार्टर में गोल नहीं कर पाई। दूसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत



डिफेंस का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने से रोका और हाफटाइम तक स्कोर 0-1 ही रहा। तीसरे क्वार्टर में भारत ने दमदार वापसी की। 35वें मिनट में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलते हुए स्कोर 1-1 कर दिया। लेकिन भारत की खुशी ज्यादा देर नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट बाद ही जेड स्मिथ ने शानदार फील्ड गोल कर ऑस्ट्रेलिया को फिर से 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद ग्रेटा हेज़ ने 42वें मिनट में एक और गोल कर बढ़त को 3-1 कर दिया। अंतिम क्वार्टर में भारतीय टीम ने हमलों की झड़ी लगा दी। 59वें मिनट में लालरेम्सियामी ने बेहतरीन गोल कर स्कोर 2-3 कर दिया और मुकाबले में रोमांच भर दिया। हालांकि, अंतिम क्षणों में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की डिफेंस को नहीं भेद पाई और मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में समाप्त हुआ।

## कैस्पर रुड मैड्रिड ओपन के फाइनल में

**मैड्रिड।** पसलियों की चोट से जूझने के बावजूद नॉर्वे के कैस्पर रूड ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो पर 6-4, 7-5 से जीत के साथ रविवार के मैड्रिड ओपन के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी को शुरुआती सेट में तीन गेम में उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन फिर भी वह 18 ब्रेक पॉइंट में से 15 को बचाने में सफल रहे। रूड ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे यकीन नहीं था कि मैं मैच खत्म कर पाऊंगा। वार्म-अप के दौरान, कोर्ट पर जाने से ठीक पहले मुझे अपनी पसलियों में कुछ महसूस हुआ। मैंने लगभग हर शॉट में इसे महसूस किया, खासकर सर्व में। सौभाग्य से, मुझे इसका कुछ त्वरित उपचार मिल गया। आप बहुत कुछ नहीं कर सकते, आपके पास फिजियो के साथ केवल तीन मिनट हैं। इसलिए मैं अब जाकर इसे और देखूंगा।

## संत जोसफ कॉलेज के हारिस ने नेशनल टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट में लगातार तीसरा ख़िताब अपने नाम किया

एजेंसी

**प्रयागराज।** संत जोसफ कॉलेज के कक्षा 7 के छात्र हारिस खान ने गुरुग्राम हरियाणा में 28 अप्रैल से 02 मई तक आयोजित एआईटीए (चैम्पियनशिप सीरीज-7) अंडर-12 टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल का ख़िताब अपने नाम किया। हारिस ने फाइनल में हरियाणा के सुखलीन शर्मा को 6-0, 6-0 से सीधे सेटों से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले सेमीफाइनल में हारिस ने हरियाणा के पवन तेजा टेकू को 6-1, 6-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। हारिस ने अंडर-14 में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई। अंडर-14 के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के सेकंड सीडेड आयुष काले को 6-4, 6-3 से सीधे सेटों में पराजित किया। अंडर-14 फाइनल में तेलंगाना के विश्वक रेड्डी के हाथों उन्हें 6-4, 6-3 से हार का



सामना करना पड़ा। परन्तु अपने जबरदस्त खेल से सभी का दिल जीत लिया। इस जीत के साथ हारिस ने अपने टेनिस करियर में एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है और भविष्य में और बड़ी सफलताएं हासिल करने की उम्मीद जगाई है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके कोच सैफ इकबाल ने बधाई देते हुए आने वाले टूर्नामेंट में ऐसे ही प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी।

# कगिसो रबाडा झेल रहे निलंबन, आईपीएल बीच में छोड़ इस कारण लौटे घर वापस

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने डोप टेस्ट में पॉजिटिव पाए जाने के बाद वर्तमान में निलंबन की सजा काट रहे हैं और उन्होंने यह बात स्वीकार भी की है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से उनके अचानक बाहर होने के पीछे यही कारण था, जहां वे गुजरात टाइटन्स के लिए खेल रहे थे। 3 अप्रैल को फ्रैंचाइज़ी ने कहा कि रबाडा एक 'व्यक्तिगत मामले' से निपटने के लिए घर वापस चले गए थे, लेकिन उन्होंने कोई और विवरण साझा नहीं किया। एक बयान में क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कहा, 'क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका निलंबन की पुष्टि करता है।रबाडा ने प्रतिबंधित पदार्थ के उपयोग किया। यह घटना खेदजनक है, हालांकि, रबाडा ने सीएसए और अपने प्रशंसकों को आश्वस्त किया है और क्रिकेट के खेल और जिस देश का वे प्रतिनिधित्व करते हैं, उसके प्रति अपने जुनून को फिर से दोहराया है। बोर्ड ने कहा, सीएसए पूरी तरह से नशा मुक्त खेल के लिए प्रतिबद्ध है और पेशेवर और शौकिया दोनों तरह के क्रिकेट खिलाड़ियों को सभी नियमों का पालन करने के महत्व की याद दिलाता है। हम इस संबंध में सभी खिलाड़ियों को अपना समर्थन देने में दृढ़ हैं। रबाडा ने यह भी कहा कि वह क्रिकेट में वापसी के लिए उत्सुक हैं और उन्होंने अपने परिवार, कानूनी टीम और गुजरात टाइटन्स को



उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। दक्षिण अफ्रीकी नशा मुक्त खेल संस्थान जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के नियमों के तहत काम करता है, के अगले सप्ताह एक विस्तृत बयान जारी करने की उम्मीद है। रबाडा का निलंबन अल्पकालिक होने की उम्मीद है, क्योंकि माना जाता है कि उनका मामला न्यूजीलैंड के क्रिकेटर डग ब्रेसवेल जैसा है जिन्हें पिछले साल कोकीन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि कैगिसो रबाडा ने कौन सा पदार्थ लिया था, हालांकि यह कोकीन या भांग होने की संभावना है, जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) द्वारा एक्स्टसी और हेरोइन के साथ सूचीबद्ध दो पदार्थ हैं। परीक्षण करने वाले दक्षिण अफ्रीकी नशा मुक्त खेल संस्थान (एसएआईडीएस) द्वारा सोमवार को एक बयान जारी करने की उम्मीद है जो आगे और स्पष्टता प्रदान कर सकता है। वाडा के कोड के अनुसार, यदि कोई एथलीट यह साबित कर सकता है कि पदार्थ को प्रतियोगिता से बाहर ले जाया गया था तो उन्हें एक महीने का कम निलंबन दिया जा सकता है। विशेष रूप से रबाडा 3 अप्रैल को भारत से चले गए थे और दक्षिण अफ्रीका लौट आए थे, लेकिन ठीक एक महीने बाद उन्हें फिर से खेल शुरू करने की अनुमति मिल गई थी, यह सुझाव देते हुए कि उनका निलंबन वाडा के न्यूनतम प्रतिबंध दिशानिर्देशों के अनुरूप है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के भीतर रबाडा के आगामी मैचों में शामिल न होने को लेकर कोई चिंता नहीं है, जिसमें जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है।

## वित्तीय अनियमितता को रोकने में सेबी की मदद के लिए शोध पत्र तैयार करेगाः आईसीएआई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष इकाई भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि आईसीएआई वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने में बाजार नियामक सेबी की मदद के लिए एक शोध पत्र तैयार करेगा। श्री नंदा ने आज यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आईसीएआई ने वित्तीय धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों को देखते हुए एक अहम निर्णय लिया है। आईसीएआई एक विशेष कार्य समूह (वर्किंग ग्रुप) बनाएगा, जो इन धोखाधड़ी मामलों से निपटने की रणनीति तैयार करेगा। यह समूह धोखाधड़ी को रोकने को लेकर भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ चर्चा करेगा। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर उनकी हाल ही में सेबी के तुहिन कांत पांडे के साथ बैठक हुयी है। उन्होंने बताया कि हाल के वर्षों में भारतीय शेयर बाजारों में खुदरा निवेशकों की भागीदारी काफी बढ़ी है, लेकिन इसके साथ ही वित्तीय हेराफेरी, शेयरों की कीमतों में हेरफेर जैसे मामलों में भी इज़ाफ़ा भी हुआ है। ऐसे में जरूरी हो गया है कि आम निवेशकों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने बताया कि आईसीएआई और सेबी मिलकर इस दिशा में काम करेंगे, ताकि निवेशकों का भरोसा बाजार में बना रहे और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को समय रहते रोका जा सके।

## एसबीआई का चौथी तिमाही में मुनाफा 10 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च 2025 को समाप्त चौथी तिमाही में 18643 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 20698 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 9.93 प्रतिशत कम है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसने 70901 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 61077 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 16.08 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च 2025 में समाप्त तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 42775 करोड़ रुपये रही है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही की 41655 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 2.69 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में उसकी शुद्ध ब्याज आय 166965 करोड़ रुपये रही जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 159876 करोड़ रुपये की आय की तुलना में 4.43 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने कहा कि चौथी तिमाही में नुकसान की भरपाई के लिए 3964 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है जो मार्च 2024 को समाप्त तिमाही में किये गये 3294 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 20.35 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह से मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने इस मद में 14418 करोड़ रुपये का प्रावधान किया जो पिछले वित्त वर्ष में किये गये 9518 करोड़ रुपये के प्रावधान की तुलना में 51.49 प्रतिशत अधिक है।

## आईसीआईसीआई बैंक और एक्सिस बैंक सहित चार बैंकों पर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और आईडीबीआई बैंक पर अलग अलग मामलों में कुल मिलाकर 1.91 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कल देर शाम जारी बयान में कहा कि आईसीआईसीआई बैंक पर 'बैंकों में साइबर सुरक्षा ढांचे', 'अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी)', और 'क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड - जारी करना और आचरण' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 97.80 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है। इसी तरह से केन्द्रीय बैंक ने एक्सिस बैंक लिमिटेड पर 'आंतरिक/कार्यालय खातों के अनधिकृत संचालन' पर आरबीआई द्वारा जारी कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए 29.60 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 46(4)(आई) के साथ धारा 47ए(1)(सी) के प्रावधानों के तहत आरबीआई को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाया गया है।

## पाकिस्तान से वस्तुओं के आयात/ट्रांजिट पर रोक के निर्णय का कैट ने किया स्वागत

**नयी दिल्ली।** खुदरा व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने भारत सरकार की ओर से पाकिस्तान से निर्यातित या पाकिस्तान में उत्पन्न किसी भी वस्तु के प्रत्यक्ष या परोक्ष आयात और परिवहन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के साहसी और निर्णायक कदम का हार्दिक स्वागत किया है। संगठन ने कहा, यह निर्णय एक सशक्त और स्पष्ट संदेश देता है कि पाकिस्तान की ओर से निरंतर शत्रुतापूर्ण गतिविधियों और भारत विरोधी रुख के बीच व्यापारिक एवं आर्थिक संबंध नहीं बनाए जा सकते। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने एक बयान में कहा कि यह कदम न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के अनुरूप है, बल्कि देश के व्यापारिक समुदाय और आम नागरिकों की भावना का भी सम्मान करता है।

# भारत अंगोला को देगा 20 करोड़ डॉलर का रक्षा ऋण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत अंगोला के सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रक्षा ऋण देगा। दोनों देशों के नेताओं के बीच आज हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद इसकी घोषणा की गई। दोनों देशों ने आतंकवादियों और उनके समर्थकों के खिलाफ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई की प्रतिबद्धता जताई है। साथ ही स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को मजबूत करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हैदराबाद हाउस में अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा 38 वर्षों के बाद अंगोला के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंधों को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष, भारत और अंगोला अपने राजनयिक संबंधों की 40वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी है कि अंगोला की सेनाओं के



आधुनिकीकरण के लिए 200 मिलियन डॉलर की डिफेन्स क्रेडिट लाइन को स्वीकृति दी गई है। रक्षा प्लेटफॉर्म्स के सुधार, बदलाव और सप्लाई पर भी बात हुई है। अंगोला की सशस्त्र सेनाओं की ट्रेनिंग में सहयोग करने में हमें खुशी होगी। उन्होंने कहा कि हम एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति राष्ट्रपति लौरेंसू और अंगोला की संवेदनाओं के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों के खिलाफ़ दृढ़ और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में अंगोला के समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी कर रहे हैं। भारत अंगोला से तेल और गैस के सबसे बड़े खरीदारों में से एक है। हमने अपनी ऊर्जा साझेदारी को बढ़ाने का फैसला किया है। हम अंगोला के साथ डिजिटल पब्लिक इन्फ्रा, स्पेस टेक और क्षमता निर्माण में अपने अनुभव साझा करेंगे। हमने स्वास्थ्य सेवा, हीरा प्रसंस्करण, उर्वरक और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अपने संबंधों को मजबूत करने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हम भारत और अंगोला के बीच युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम शुरू करने जा रहे हैं ताकि लोगों के बीच आपसी संबंध बेहतर हो सकें। हम अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने के अंगोला के फैसले की सराहना करते हैं। 140 करोड़ भारतीयों की ओर से, मैं अंगोला को 'अफ्रीकन यूनियन' की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 'अफ्रीकन यूनियन' को जी-20 की स्थायी सदस्यता मिली।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर बढ़कर 688.11 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.98 अरब डॉलर के इज़ाफे के साथ 688.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया।इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.3 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 686.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 25 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.16 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 580.66 अरब डॉलर पर पहुंच गई। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 2.1 करोड़ डॉलर की तेजी लेकर 18.58 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में आईएमएफ के



पास आरक्षित निधि में 20 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह पिछले सप्ताह के मुकाबले बढ़कर 4.51 अरब डॉलर पर पहुंच गई। हालांकि इस दौरान स्वर्ण भंडार में 20.7 करोड़ डॉलर की कमी आयी और यह घटकर 84.36 अरब डॉलर पर आ गया।

## पिछले 10 साल के प्रदर्शन के आधार पर मई में शेयर बाजार में मजबूती की उम्मीद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कुछ समय से लगातार उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में बनी अनिश्चितता की स्थिति, अमेरिका में मंदी की आशंका और दुनिया के कई हिस्सों में जारी जियो-पॉलिटिकल टेंशन के कारण दुनिया के ज्यादातर स्टॉक मार्केट प्रभावित हुए हैं। इसी क्रम में भारतीय शेयर बाजार भी जबरदस्त उतार-चढ़ाव का शिकार हुआ है। इसके बावजूद पिछले 10 साल के प्रदर्शन के आधार पर माना जा रहा है कि मई का महीना घरेलू शेयर बाजार के लिए बेहतर साबित हो सकता है। पिछले 10 साल के परफॉर्मेंस को देखा जाए तो नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी मई के महीने में छह बार मासिक आधार पर मजबूत के साथ हरे निशान में बंद हुआ है। इस दौरान निफ्टी का एवरेज रिटर्न 1.5 प्रतिशत रहा है, जबकि मीडियम रिटर्न 1.9 प्रतिशत के करीब रहा है। जेएम फाइनेंशियल की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 साल की अवधि में निफ्टी के मिडकैप इंडेक्स ने भी मई महीने के



दौरान छह बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। हालांकि मिडकैप इंडेक्स के शेयरों का एवरेज रिटर्न 0.4 प्रतिशत रहा, जबकि मेडियन रिटर्न 1.2 प्रतिशत रहा। सेक्टोरल परफॉर्मेंस की बात करें, तो मई के महीने में एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल सेक्टर ने पिछले 10 साल के दौरान सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी के ऑटोमोबाइल इंडेक्स ने 10 साल में से 8 बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। इस दौरान ऑटोमोबाइल इंडेक्स में शामिल शेयरों ने 3.9 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया, जबकि मीडियम रिटर्न 4.9 प्रतिशत का रहा। इसी तरह एफएमसीजी इंडेक्स ने भी 10 साल में से 8 बार मजबूती के साथ हरे निशान में कारोबार का अंत किया। इस दौरान एफएमसीजी इंडेक्स में शामिल शेयरों ने 3 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया, जबकि मीडियम रिटर्न 2.6 प्रतिशत का रहा। इन दोनों सेक्टर्स के अलावा बैंक और फाइनेंशियल सेक्टर 10 साल में से 8 बार मजबूती के साथ बंद हुए। इस दौरान इन दोनों सेक्टर्स में शामिल शेयरों ने 2.5 प्रतिशत का एवरेज रिटर्न दिया।

## आईजीएल ने ग्राहकों को दिया झटका, सीएनजी की कीमत में बढ़ोतरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) को एक बार फिर महंगा कर दिया है। कंपनी ने आज सीएनजी की कीमत में प्रति किलोग्राम एक रुपये की बढ़ोतरी कर दी। कीमत में हुई बढ़ोतरी के बाद अब राजधानी दिल्ली में 1 किलोग्राम सीएनजी की कीमत 77.09 रुपये हो गई है, जबकि पहले इसकी कीमत 76.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी। आईजीएल की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार कीमत में बढ़ोतरी होने के बाद दिल्ली के अलावा नोएडा में सीएनजी 85.70 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर मिल रहा है?। इसी तरह गाजियाबाद में भी सीएनजी की कीमत 85.70 रुपये प्रति किलोग्राम है। इसके अलावा गुरुग्राम में सीएनजी 83.12 रुपये प्रति किलोग्राम, कानपुर में 89.92 रुपये प्रति किलोग्राम और मेरठ में 87.08 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर मिल रहा है। उल्लेखनीय की दिल्ली सीएनजी की बिक्री में दिल्ली की हिस्सेदारी सबसे अधिक है।



के अलावा हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में सीएनजी की मार्केटिंग का काम इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) के पास है। आईजीएल द्वारा की जाने वाली आईजीएल की कुल बिक्री में 70 प्रतिशत सीएनजी दिल्ली में बिकती है, जबकि शेष 30 प्रतिशत सीएनजी यूपी या हरियाणा के अलग-अलग शहरों में बिकती है।

## मेट्रो ट्रेनों में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेगी : केंद्रीय मंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि मेट्रो ट्रेन में कार्गो कम्पार्टमेंट जोड़ने से शहरों में व्यापार दक्षता बढ़ेगी। राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम में दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के 31वें स्थापना दिवस पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि आम नागरिक के दैनिक जीवन में दिल्ली मेट्रो की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि आसान, विश्वसनीय और सुरक्षित आवागमन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और दिल्ली मेट्रो जैसी शहरी परिवहन प्रणालियां शहरी जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गई हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2047 तक भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी, जिससे आज शहरी मोबिलिटी इन्फ्रास्ट्रक्चर की योजना बनाना और उसे मजबूत करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने मेट्रो ट्रेनों में माल कार्गो कम्पार्टमेंट को जोड़ने का दूरदर्शी विचार शेयर करते हुए कहा कि इससे छोटे व्यवसायी, विक्रेता और फेरीवाले शहर भर में अपने सामान को आसानी से यात्रा कर सकेंगे। यह एक ऐसा कदम




है जिससे समय की बचत होगी,ऊर्जा की खपत कम होगी और शहरी श्रमिक वर्ग के लिए व्यावसायिक दक्षता बढ़ेगी। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक देश के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप मेट्रो परिचालन में हरित और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को एकीकृत करना आवश्यक है।

उन्होंने दोहराया कि मेट्रो प्रणाली भारत के हर शहर की जीवन रेखा होगी और उनका निरंतर विस्तार और आधुनिकीकरण स्मार्ट, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शहरी केंद्रों के निर्माण की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान, संगठन में उनके योगदान के लिए व्यक्तियों और टीमों को डीएमआरसी के वार्षिक पुरस्कार प्रदान किए गए। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इस अवसर पर दिल्ली मेट्रो को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा, दिल्ली मेट्रो ने लोगों के दिलों में जो जगह बनाई है, वह वास्तव में जीवन रेखा से कम नहीं है। जब कोई यात्री दिल्ली मेट्रो में प्रवेश करता है तो उसे 'अच्छा महसूस' होता है। वे इसे साफ रखते हैं और नियमों का पालन भी करते हैं। इससे व्यवहार में भी बदलाव आया है।

## खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रूख के बीच स्थानीय स्तर पर चुनिंदा जिंसों में मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों और दाल दलहन में मिश्रित रूख देखा गया जबकि अनाज और मीठे के बाजार में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.57 सेंट की तेजी के साथ 51.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान सरसों तेल 366 रुपये और पाम ऑयल में 366 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में नरमी देखी गयी। मूंगफली तेल 733 रुपये, सूरजमुखी तेल 219 रुपये, सोया रिफाइंड 110



रुपये और वनस्पति तेल 368 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18314 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14725 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

# मई की शुरुआत में एफआईआई ने खरीदारी का जोर दिखाया, डीआईआई ने भी जमकर की लिवाली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने मई के महीने की शुरुआत जोरदार खरीदारी करके की है। इस महीने के पहले कारोबारी दिन विदेशी निवेशकों ने स्टॉक मार्केट में 2,770 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इस तरह घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की खरीदारी लगातार 12वें सत्र में भी जारी रही। पहले कारोबारी दिन घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने जमकर खरीदारी की। स्टॉक मार्केट के प्रोविजनल आंकड़ों के मुताबिक 2 मई को डीआईआई ने घरेलू शेयर बाजार में 3,291 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। साल 2025 की पहली तिमाही यानी जनवरी से मार्च के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में 1.29 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी। इस बिकवाली के कारण शेयर बाजार को जबरदस्त गिरावट का सामना करना पड़ा था। हालांकि अप्रैल में इस स्थिति में परिवर्तन हुआ। अमेरिका द्वारा टैरिफ वॉर में नरमी का संकेत देने के कारण ग्लोबल मार्केट के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार के सेंटिमेंट्स में भी बदलाव हुआ, जिसकी वजह से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली का रास्ता छोड़ कर खरीदारी शुरू कर दी। अब मई के महीने में भी घरेलू शेयर बाजार में एफआईआई की खरीदारी जारी रहने की उम्मीद जताई जा रे ही है। एनएसडीएल के प्रोविजनल आंकड़ों के अनुसार 2मई के कारोबारी सत्र में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 18,130 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। वहीं, पूरे दिन के कारोबार में उन्होंने 15,360 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री भी की। इस तरह विदेशी निवेशकों ने शुद्ध रूप से 2,770 करोड़ रुपये की खरीदारी की। इसी तरह घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2 मई के कारोबारी सत्र के दौरान 13,906 करोड़ रुपये के शेयरों की खरीदारी की। वहीं, 10,615 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की। इस तरह डीआईआई की शुद्ध खरीदारी 3,291 करोड़ रुपये की रही। इस साल विदेशी संस्थागत निवेशक ओवरऑल बिकवाल की भूमिका निभाते रहे हैं। इस अवधि में उन्होंने 1.34 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिक्री की है।

दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस साल की शुरुआत से लेकर अभी तक 2.10 लाख करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की है। जहां तक स्टॉक मार्केट के कारोबारी प्रदर्शन की बात है तो शुक्रवार को खत्म हुए कारोबारी सप्ताह के बाद भारतीय शेयर बाजार ने लगातार तीसरे सप्ताह भी अपनी बढ़त का सिलसिला जारी रखा। दिसंबर 2024 के बाद पहली बार घरेलू शेयर बाजार लगातार 3 सप्ताह तक बढ़त का सिलसिला बनाए रखने में सफल हुआ। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक हर सप्ताह औसतन एक प्रतिशत की रफ्तार से मजबूत हुए हैं।

## डॉ. पूनम गुप्ता बनी आरबीआई की डिप्टी गवर्नर

एजेंसी

**मुंबई।** डॉ. पूनम गुप्ता ने भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का पदभार संभाल लिया है।भारत सरकार ने 02 अप्रैल, 2025 को उन्हें पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, के लिए डिप्टी गवर्नर के पद पर नियुक्त किया था। डिप्टी गवर्नर के रूप में, डॉ. गुप्ता मौद्रिक नीति विभाग, वित्तीय बाजार परिचालन विभाग, आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग, वित्तीय स्थिरता विभाग, अंतर्राष्ट्रीय विभाग, सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग, कॉर्पोरेट रणनीति और बजट विभाग और संचार विभाग का कार्यभार संभालेंगी। इस नियुक्ति से ठीक पहले, डॉ. गुप्ता नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की महानिदेशक थीं, जो आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय वास्तुकला, केंद्रीय बैंकिंग, मैक्रो आर्थिक स्थिरता, सार्वजनिक ऋण और राज्य वित्त से संबंधित मुद्दों पर काम करती थीं। उन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य



और 16वें वित्त आयोग की सलाहकार परिषद के संयोजक के रूप में भी काम किया। एनसीईईआर में शामिल होने से पहले डॉ. गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक में करीब दो दशकों तक वरिष्ठ पदों पर काम किया था। डॉ. गुप्ता ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड (यूएसए) में भी पढ़ाया और भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), दिल्ली में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी काम किया। वह नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) में आरबीआई चेयर प्रोफेसर और इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस (आईसीआरआईईआर) में प्रोफेसर रहीं हैं। डॉ. गुप्ता ने कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं और एक संपादित पुस्तक इमर्जिंग जायंट्सः चाइना एंड इंडिया इन द वर्ल्ड इकोनॉमी लिखी है। डॉ. गुप्ता ने यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड, अमेरिका से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री और पीएचडी की है, और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री की है।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार चढ़ाव के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72



रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.45 प्रतिशत उतरकर 58.38 डॉलर प्रति बैरल पर रहा जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 61.45 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

# अगले सप्ताह दो नए आईपीओ की लॉन्चिंग, पांच शेयरों की होगी लिस्टिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान प्राइमरी मार्केट में दो नए आईपीओ लॉन्च होने वाले हैं। ये दोनों आईपीओ एसएमई सेगमेंट के हैं। इसके अलावा पिछले सप्ताह लॉन्च हुए दो आईपीओ में भी इस सप्ताह छह मई यानी मंगलवार तक बोली लगाई जा सकेगी। जहां तक लिस्टिंग की बात है तो इस सप्ताह एथर एनर्जी समेत पांच कंपनियों के शेयर लिस्ट होकर स्टॉक मार्केट में कारोबार की शुरुआत करेंगे। श्रीजी डीएलएम लिमिटेड का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 94 से 99 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,200 शेयर का है।

कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, वहीं इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी।पांच मई को ही मनोज ज्वेलर्स का 16.20 करोड़ रुपये का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा। इस आईपीओ में भी सात मई तक बोली लगाई जा सकेगी। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 54 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 2,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट आठ मई को किया जाएगा, जबकि इनकी लिस्टिंग बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 12 मई को होगी।इनके अलावा पिछले सप्ताह 29 अप्रैल को खुले केनरिक इंडस्ट्रीज के 8.75 करोड़ रुपये के आईपीओ में छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 25 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 6,000 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट सात मई को होगा,




जबकि इनकी लिस्टिंग नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। इसी तरह दो मई को खुले वैगन्स लर्निंग के 38.38 करोड़ रुपये के आईपीओ में भी छह मई तक आवेदन किया जा सकता है। आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 78 से 82 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। कंपनी के शेयरों का अलॉटमेंट सात मई को होगा, वहीं इनकी लिस्टिंग नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर होगी। पांच मई से शुरू होने वाले कारोबारी सप्ताह के दौरान पांच कंपनियों के शेयर स्टॉक मार्केट में लिस्टिंग के जरिए कारोबार की शुरुआत करेंगे। सबसे पहले मंगलवार छह मई को आईवरे सप्लाई चेन सर्विसेज के शेयर एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इसी दिन एथर एनर्जी के शेयरों की लिस्टिंग बीएसई और एनएसई पर होगी। इसके अगले दिन सात मई को अरुणाया ऑर्गेनिक्स के शेयर और एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। इनके अलावा नौ मई को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर केनरिक इंडस्ट्रीज और वैगन्स लर्निंग के शेयर लिस्ट होंगे।

# पंचतत्वों पर आधारित खानपान रखे स्वस्थ



पंचतत्व अर्थात् पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। हमें अपने खानपान में प्रतिदिन इन पांचों तत्वों का भी सेवन करना चाहिए। ऐसा होने पर हम अधिकाधिक स्वस्थ व सक्रिय रह सकेंगे।

**वायु –** सांस के माध्यम से हर प्राणी वायु ग्रहण करता है। बाकी तत्वों को कुछ समय या कुछ दिन के लिए छोड़ा जा सकता है, पर वायु को नहीं। जो लोग अनशन या उपवास करते हैं, वे भी अन्न, फल, सब्जी या जल आदि छोड़ देते हैं, पर वायुसेवन नहीं। एक समय आहार लेने वाले संन्यासी भी वायुसेवन तो प्रतिक्षण करते ही हैं। अर्थात् पंचतत्व में से वायु प्राणियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

यह वायु व्यक्ति को शुद्ध एवं प्राकृतिक रूप में पर्याप्त मात्रा में मिले, यह भी आवश्यक है। जो लोग बड़े शहरों में या उद्योगों के पास रहते हैं, उन्हें शुद्ध वायु नहीं मिल पाती। इसीलिए इन दिनों नये–नये रोग लगातार बढ़ रहे हैं। अब तो बड़े नगरों में शुद्ध ऑक्सीजन के बूथ खुलने लगे हैं, जहां पैसे देकर व्यक्ति दस–पन्द्रह मिनट शुद्ध प्राणवायु ले सकता है। जैसे आजकल हर व्यक्ति अपने साथ साफ पानी की बोतल रखने लगा है, लगता है कुछ समय बाद लोग प्राणवायु के छोटे सिलेंडर भी साथ लेकर चला करेंगे। ताजी और शुद्ध प्राणवायु प्राप्त करने की निःशुल्क विधि प्रातःकालीन भ्रमण है। सूर्योदय होने पर पेड़ों द्वारा रात में उत्सर्जित कार्बन डायआक्साइड वायुमंडल में चली जाती है। ऐसे शीतल और शांत वातावरण में अकेले या सपरिवार घूमना शुद्ध वायु ग्रहण करने का सबसे सरल उपाय है।

केवल घूमना ही नहीं, तो इस समय कुछ आसन, व्यायाम और प्राणायाम करना भी बहुत लाभदायक है। सुबह की ही तरह शाम का भ्रमण भी बहुत लाभकारी है। इन दोनों समय पर दिन और रात का मिलन होता है। इसके सदुपयोग से हम अपने शरीर तथा मन को स्वस्थ रख सकते हैं। बच्चों और युवाओं को तो शाम के समय पढ़ने की बजाय खेलना ही चाहिए।

चाहे कोई स्वयं वाहन न चलाता हो, पर प्रदूषित वायु सेवन करना तो उसकी भी मजबूरी ही है। इसलिए जहां सार्वजनिक यातायात व्यवस्था का बहुत अच्छा होना जरूरी है, वहां दस–बीस कदम जाने के लिए वाहन निकालने की आदत भी छोड़नी होगी। पेड़ों को कटने से बचाकर तथा परिवार के हर सदस्य के नाम पर एक पेड़ लगाकर हम प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग दे सकते हैं।

**जल–** वायु की ही तरह जल भी व्यक्ति की प्राथमिक आवश्यकता है। किसी समय बहता पानी निर्मला कहकर नदियों का जल सर्वाधिक शुद्ध माना जाता था, पर अब नगरों के सीवर, कारखानों के अपशिष्ट, समय–समय उसमें विसर्जित की जाने वाली रासायनिक रंगों से पुती मूर्तियों तथा अन्य कूड़े करकट के कारण नदियां आचमन योग्य भी नहीं रह गयी हैं। अब तो सब जगह कुछ घंटों के लिए सरकारी पानी मिलता है। वह कितना शुद्ध होता है, कहना कठिन है। पानी साफ और भरपूर मिले, इसके लिए निजी बोरिंग कराने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिनके लिए यह संभव नहीं है, उन्होंने भी घरों में फिल्टर लगा लिये हैं। इनसे एक लीटर पानी साफ होने के चक्कर में चार लीटर पानी नाली में बह जाता है। शहरीकरण का अर्थ ही है, बिजली और पानी का अत्यधिक प्रयोग। अतः जल का स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

विद्वानों का मत है कि अगला विश्व युद्ध जल के कारण होगा। इसका सत्य तो भविष्य बताएगा पर नलों पर हर दिन डिब्बे और कनस्तर लिये लोगों को झगड़ते हुए कोई भी देख सकता है। मंगल आदि ग्रहों पर जाने वाले यान भी वहां सबसे पहले पानी की ही तलाश कर रहे हैं। इसके बाद भी लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। जो कार दो बाल्टी पानी में धोई जा सकती है, उसे दो हजार लीटर साफ पानी से धोते हुए लोग प्रायः मिल जाते हैं। हम वर्षा जल का संरक्षण कर तथा पानी को व्यर्थ न जाने देकर भी इस दिशा में अपना व्यक्तिगत सहयोग दे सकते हैं। हम साफ पानी पिएं, यह तो आवश्यक है ही पर कितना पिएं, इस बारे में अलग–अलग मत हैं। फिर भी एक व्यस्क व्यक्ति को दिन भर में आठ–दस गिलास पानी तो पीना ही चाहिए। सुबह उठकर कुल्ला–मंजन के बाद तांबे के साफ पात्र में रखा पानी भरपेट पीना बहुत लाभ देता है। तांबा जल की अधिकांश अशुद्धियां दूर कर देता है। सर्दियों में पानी को गुनगुना कर लें, तो और अच्छा रहेगा।

**आकाश–** आकाश की पहचान खालीपन या शून्यता है। घटाकाश और मठाकाश जैसी कल्पनाएं इसी में से आई हैं। आकाश में कोई भी चीज फेकें, खाली होने के कारण वह मना नहीं करता। वायु और अंतरिक्ष यान इसीलिए आकाश में निर्द्वन्द उड़ते हैं। किसी पात्र के खाली होने का अर्थ है कि उसमें आकाश तत्व विद्यमान है पर जब उसमें कोई वस्तु डालते हैं, तो वह हट जाता है। ऐसी शून्यता हम अपने पेट को बिल्कुल खाली रखकर प्राप्त कर सकते हैं। अतः प्रातः शौचादि से निवृत्त होने के बाद लगभग दो घंटे तक पेट को अवकाश दें। इससे जहां भोजन पचाने वाली इंद्रियों को आराम तथा अपनी टूट–फूट ठीक करने का समय मिलेगा, वहां हमें आकाश तत्व भी प्राप्त होगा। व्रत और उपवास आकाश तत्व की प्राप्ति का अवसर कुछ अधिक समय तक प्रदान करते हैं। इनका भरपूर उपयोग करना चाहिए पर इस नाम पर दिन में कई बार पेट में गरिष्ठ चीजें ठूंसते रहना शुद्ध पाखंड है।

**पृथ्वी–** पृथ्वी हमें अन्न, दाल और सब्जियां आदि देती है। अतः इनके सेवन से हमें पृथ्वी तत्व की प्राप्ति होती है पर इन्हें कच्चा नहीं खा सकते। इन्हें आग पर पकाकर तथा आवश्यकतानुसार कुछ अन्य मिर्च–मसाले डालकर प्रयोग किया जाता है। इनका सेवन कितना और कितनी बार करें, इसका कोई मापदंड नहीं है। शारीरिक परिश्रम करने वाले किसान या मजदूर तथा कार्यालय में बैठकर काम करने वाले की आवश्यकता अलग–अलग होगी। उन्हें उसी अनुसार इनका सेवन करना चाहिए। ऐसा न होने पर जहां एक ओर तोंद वाले, तो दूसरी ओर दुबले–पतले लोग सर्वत्र घूमते मिलते हैं।

**अग्नि–**
अग्नि का स्रोत सूर्य है। सर्दियों में तो सीधे धूप में लेटना या बैठकर काम करना अच्छा लगता है। गर्मियों में भी अपने काम के सिलसिले में घूमते–फिरते धूप लगती रहती है। इससे अग्नि तत्व अपने आप ही मिल जाता है। जो लोग दिन भर वातानुकूलित वातावरण अर्थात् एसी वाले घर, कार्यालय और कार में रहते हैं, उनके शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। इसलिए थोड़े से परिश्रम या मौसम बदलने मात्र से ही ये लोग बीमार होकर बिस्तर पकड़ लेते हैं। भीषण गर्मियों में जहां लू से बचना आवश्यक है, वहां धूप से डरना भी अनुचित है।

जहां तक खानपान की बात है, तो सूर्य की ऊर्जा से पके हुए फल और सलाद आदि के सेवन से अग्नि तत्व भरपूर मात्रा में प्राप्त होता है पर इनका सेवन सूर्यकाल में ही करना चाहिए। अर्थात् सूर्यास्त के बाद इन्हें खाना ठीक नहीं है। इसी तर्ज पर कुछ लोग यह भी कहते हैं कि पृथ्वी तत्व वाले जिन पदार्थों को खाने से पूर्व आग पर चढ़ाना पड़ता है, उन्हें सूर्य की उपस्थिति में नहीं खाना चाहिए। यद्यपि बहुत से लोग अपनी धार्मिक आस्था या वृद्धावस्था के कारण सूर्यास्त के बाद अन्न नहीं खाते। उनका कहना है कि सूर्यास्त के बाद शरीर की पाचनक्रिया मंद हो जाती है। अतः उस समय भारी भोजन ठीक नहीं है। विचार भिन्नता के कारण इस विषय को स्वतंत्र छोड़ देना ही उचित है। ये कुछ ऐसी बातें हैं, जिन्हें समय–समय पर कुछ बुजुर्गों के मुंह से सुना है। इसमें से कुछ का प्रयोग करने से लाभ भी हुआ है। यद्यपि आज की भागदौड़ वाले जीवन में सब नियमों का पालन संभव नहीं होता। फिर भी जितना हो सके, उतना पालन करके देखें।

# आंखों पर दें ध्यान



आंखें अनमोल हैं, इसलिए इनकी सेहत का बदलते मौसम के अनुसार ध्यान रखना आवश्यक है

- आंखों में सूखापन की समस्या सर्दियों में बढ़ सकती है। सूखेपन से बचाव के लिए डॉक्टर के परामर्श से आर्टीफिशियल टीयर ड्रॉप का इस्तेमाल करें।
- इस मौसम में एलर्जी की शिकायत भी सभव है। इससे बचने के लिए दिन में दो बार आंखों को साफ पानी से धोएं। इन्हें मलें या रगड़ें नहीं।
- चेहरे के साथ आंख के आसपास व पलक की त्वचा को सूखेपन से बचाएं, लेकिन ध्यान रहे कि कोई भी मॉइश्चराइजर या कोल्ड क्रीम आंख के अंदर न जाए।
- काला चश्मा लगाकर ही धूप में बैठें।
- नेत्रों को चश्मे के जरिये ठंडी हवाओं से बचाएं।

# पेट दर्द के घरेलू उपचार



**अधिकतर बीमारियों की वजह होती है असंयमित खान-पान। गलत खान-पान के कारण कभी-कभी पेट में दर्द होने लगता है। आमतौर पर पेट दर्द का एक मुख्य कारण अपच, मल सूखना, गैस बनना यानी वात प्रकोप होना और लगातार कब्ज बना रहना भी है। पेट दर्द को दूर करने के लिए कुछ घरेलू उपाय हैं, जो दर्द तो दूर करते हैं, साथ ही साथ पेट की क्रियाओं को भी ठीक करते हैं।**

– पेट दर्द मे हींग का प्रयोग लाभकारी होता है। 2 ग्राम हींग थोड़े पानी के साथ पीसकर पेस्ट बनाएं। नाभी पर और उसके आस–पास यह पेस्ट लगाएं।

–अजवाइन को तवे पर सेक लें और काले नमक के साथ पीसकर पाउडर बनाएं। 2–3 ग्राम गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लेने से पेट का दर्द दूर होता है।

–जीरे को तवे पर सेकें और 2–3 ग्राम की मात्रा गर्म पानी के साथ दिन में 3 बार लें। इसे चबाकर खाने से भी लाभ होता है।

–पुदीने और नींबू का रस एक–एक चम्मच लें। अब इसमें आधा चम्मच अदरक का रस और थोड़ा सा काला नमक मिलाकर उपयोग करें। दिन में 3 बार इस्तेमाल करें, पेट दर्द में आराम मिलेगा।

–सूखी अदरक मुंह में रखकर चूसने से भी पेट दर्द में राहत मिलती है।

–बिना दूध की चाय पीने से भी कुछ लोग पेट दर्द में आराम महसूस करते हैं।

–अदरक का रस नाभी स्थल पर लगाने और हल्की मालिश करने से पेट दर्द में लाभ होता है।

–अगर पेट दर्द एसिडिटी से हो रहा हो तो पानी में थोड़ा सा मीठा सोडा डालकर पीने से फायदा होता है।

–पेट दर्द निवारक चूर्ण बनाएं। इसके लिए भुना हुआ जीरा, काली मिर्च, सौंठ, लहसुन, धनिया, हींग, सूखी पुदीना पत्ती सबकी बराबर मात्रा लेकर बारीक चूर्ण बनाएं। इसमें थोड़ा सा काला नमक भी मिलाएं। खाने के बाद एक चम्मच थोड़े से गर्म पानी के साथ लें। पेट दर्द में आशातीत लाभकारी है।

–एक चम्मच शुद्ध घी में हरे धनिये का रस मिलाकर लेने से पेट की व्याधि दूर होती है।

–अदरक का रस और अरंडी का तेल प्रत्येक एक–एक चम्मच मिलाकर दिन में 3 बार लेने से पेट दर्द दूर होता है।

–अदरक का रस एक चम्मच, नींबू का रस 2 चम्मच लेकर उसमें थोड़ी सी शक्कर मिलाकर प्रयोग करें। पेट दर्द में लाभ होगा। दिन में 2–3 बार ले सकते हैं।

–अनार पेट दर्द मे फायदेमंद है। अनार के बीज निकालें। थोड़ी मात्रा में नमक और काली मिर्च का पाउडर डालें। और दिन में दो बार लेते रहें।

–मेथी के बीज पानी में भिगोएं। पीसकर पेस्ट बनाएं। और इस पेस्ट को 200 ग्राम दही में मिलाकर दिन में दो बार लेने से पेट के विकार नष्ट होते हैं।

–इसबगोल के बीज दूध में 4 घटे भिगोएं। रात को सोते समय लेते रहने से पेट में मरोड़ का दर्द और पेचिश ठीक होती है।

–सौंफ में पेट का दर्द दूर करने के गुण होते है। 15 ग्राम सौंफ रात भर एक गिलास पानी में भिगोएं। छानकर सुबह खाली पेट पीयें। बहुत गुणकारी उपचार है।

–आयुर्वेद के अनुसार हींग दर्द निवारक और पित्तवर्द्धक होती है। छाती और पेट दर्द में हींग का सेवन बेहद लाभकारी होता है। छोटे बच्चों के पेट में दर्द होने पर एकदम थोड़ी सी हींग को एक चम्मच पानी में घोलकर पका लें। फिर बच्चे की नाभी के चारों लगा दें। कुछ देर बाद दर्द दूर हो जाता है।

–नींबू के रस में काला नमक, जीरा, अजवायन चूर्ण मिलाकर दिन में तीन बार पीने से पेट दर्द से आराम मिलता है।